दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

n वर्ष : 10 अंक : 261 | डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर, 2025 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 2 रुपए+st पृष्ठ : 8+st

# राजस्थान में कांग्रेस की नहीं बीजेपी की सरकार है हम जो कहते हैं वह करते हैं : अमित शाह

## सीतापुर में जयपुर प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर में नए कानून पर आयोजित प्रदर्शनी का अमित शाह ने किया उद्घाटन और राइजिंग राजस्थान के समझौता को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लिया निशाने पर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** देश के गृहमंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जयपुर के सीतापुर में जयपुर प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर में नए कानून पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और इस प्रदर्शनी के उद्घाटन के तुरंत बाद उन्होंने राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत को अपने भाषण में निशाने पर लिया और कहा कि जब राइजिंग राजस्थान सम्मिट चल रही थी उसे समय अशोक गहलोत ने कहा था कि 35 लाख करोड़ के समझौते किए हैं लेकिन जमीन पर कितने उतरेंगे? तब हमने कुछ नहीं कहा था लेकिन आज कहना चाहता हूं यह भाजपा की सरकार है कांग्रेस की नहीं हम जो कहते हैं वह करते हैं अमित शाह के इस बयान पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने धड़ाधड़ तालियां बजाना शुरू किया जिसकी वजह से सभा तालिया से गूंज उठी उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार ने अब तक 7 लाख करोड़ के समझौते जमीन पर उतार दिए हैं और आगे आने वाले समय में राजस्थान सरकार इस मामले में देश के अन्य राज्यों से कई गुना आगे रहेगी उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस दृष्टिकोण से तीन कानून बनाए हैं उनका असर आने वाले 2 सालों में देखने को मिलेगा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 2027 के बाद पुलिस स्टेशन में दर्ज होने वाली हर रिपोर्ट का फैसला 3 साल में सुप्रीम कोर्ट तक मिलेगा उन्होंने कहा कि यह कानून न्याय के क्षेत्र में नया युग लेकर आएगा जैसे मोदी जी ने देश के लोगों के जीवन को आसान बना दिया है वैसे ही यह कानून अब देश के न्याय के क्षेत्र को काफी आसान बनाएगा उन्होंने कहा कि पहले अपराधियों को सजा का डर केवल 42 प्रतिशत था अब यह बढ़कर 60 प्रतिशतहो गया है जब नए कानून का पूरा इंप्लीमेंटेशन होगा तब 90 फ़ीसदी तक अपराधियों को सजा का डर होगा उन्होंने कहा कि पुलिस एफएसएल और न्यायिक अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का बड़ा काम पूरा हो चुका है और अब अदालतों ने वर्चुअल पीसी की व्यवस्था भी लागू की जा रही है जिससे अपराधी के भागने की गुंजाइश लगभग खत्म हो जाएगी




### प्रदर्शनी को दिवाली तक दर्शकों के लिए खुली रखना की बात अमित शाह ने कहीं

*गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यक्रम में मौजूद भजन लाल शर्मा से कहा कि नए कानून को लेकर जो प्रदर्शनी स्थापित की गई है यह प्रदर्शनी दिवाली तक लोगों के लिए खुली रखी जाए ताकि लोग इस प्रदर्शनी को देखकर नए कानून के बारे में ठीक तरह से जानकारी हासिल कर सके इसके बाद अब यह प्रदर्शनी प्रदेश के लोगों के लिए दिवाली तक खुली रहेगी इस प्रदर्शनी में नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है इसके अलावा नए कानून के लागू होने के बाद इसका अब तक क्या-क्या असर हुआ है और लोग इस नए कानून को लेकर अपनी ओर से क्या प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं यह सब जानने के लिए भी केंद्र सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार काफी आतुर है इसके अलावा नए कानून की जानकारी प्रदेश भर में कोने-कोने में लोगों तक पहुंचाने के लिए भी सरकारी स्तर पर प्रयास शुरू किया जा रहे हैं।*

### 9315 करोड रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

सोमवार को जयपुर में गृहमंत्री अमित शाह ने करीब 9315 करोड रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया इसके साथ ही 47000 छात्रों के खातों में 260 करोड रुपए यूनिफार्म के सीधे भेजे गए तथा दुग्ध उत्पादकों के लिए 364 करोड रुपए की सब्सिडी दी गई और 150 यूनिट फ्री बिजली योजना की शुरुआत की गई इसके अलावा 56 एफएसएल लैब और नई पुलिस गाड़ियों का भी लोकार्पण हुआ ।

### दिवाली पर्व परसस्ती चीज़ खरीदें और भारत में निर्मित चीज खरीदें

अमित शाह ने प्रदेश के लोगों से कहा कि दीवाली पर्व पर खरीदारी करें लेकिन सस्ती और भारत में निर्मित वस्तुओं की ही खरीदारी करें यही असली देशभक्त है उन्होंने कहा कि भारत में निर्मित वस्तुएं खरीदने से भारत की आर्थिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और भारत के कारीगर वास्तुकार शिल्पकार इनके प्रगति के रास्ते आसान होंगे और देश में उद्योगों का एक नया माहौल बनेगा इसलिए विदेशी वस्तुएं खरीदने के बजाय भारत में निर्मित वस्तुएं खरीदें ।

### अमित शाह पिछले तीन महीना में तीन बार आ चुके हैं राजस्थान

जानकारी के अनुसार पिछले तीन महीना में अमित शाह तीन बार राजस्थान का दौरा कर चुके हैं इसलिए राजनीति के जानकार लोग भी कहते हैं कि अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दोनों नेताओं की निगाह है राजस्थान पर विशेष रूप से टिकी हुई है एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नियमित रूप से राजस्थान का दौरा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ अमित शाह भी लगातार राजस्थान के दौरे पर आ रहे हैं और इन दोनों ही नेताओं के हाथों से हजारों करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी करवाया गया जो कहीं ना कहीं यह दिखाता है कि राजनीतिक दृष्टि से राजस्थान भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली में बैठे नेताओं के लिए बड़े मायने रखता है यही वजह है कि भाजपा की यह दोनों नेता लगातार राजस्थान का भ्रमण कर रहे हैं और प्रदेश की भजनलाल सरकार को भी कहीं ना कहीं नियमित रूप से निर्देशित कर रहे हैं उसी का असर है कि पिछले 22 महीना में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिए और ऐतिहासिक कार्य किए इसीलिए यह दोनों नेता प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यों से काफी खुश और संतुष्ट भी नजर आ रहे हैं।

# नए कानून से स्वतंत्र भारत में क्रांतिकारी बदलाव आएगा: भजनलाल शर्मा

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में पूरी दुनिया में अपने नाम का बज रहा डंका, अमित शाह ने असंभव को भी संभव करके दिखाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नए कानून को लेकर जयपुर के सीतापुर में जयपुर प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की गई प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की खुलकर प्रशंसा की और कहा कि एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पूरी दुनिया में अपने नाम का डंका बजाया और हर क्षेत्र में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है चाहे संयुक्त राष्ट्र संघ हो या फिर कोई विभिन्न देशों का शिखर सम्मेलन हर जगह भारत की बात को पूरी दुनिया सुनती है और मानती भी है उन्होंने कहा कि यह केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों और निर्णय का ही असर है कि भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी मजबूत अर्थव्यवस्था बन गई है और अब बहुत जल्दी ही तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था बनने वाली है उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की ओर से जो यह तीन नए कानून लेकर आई हैं इन कानून से स्वतंत्र भारत में क्रांतिकारी बदलाव आएगा इन कानून से देश की जनता को काफी राहत मिलेगी और देश की न्याय व्यवस्था में एक नई युग की शुरुआत होगी उन्होंने कहा कि इन कानून ड्राफ्ट तैयार करने और बनाने में गृहमंत्री अमित शाह की विशेष भूमिका रही जिनके निर्देशन और मार्गदर्शन में



इतने प्रभावी कानून देश में लागू किए गए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि एक तरफ गृहमंत्री के रूप में अमित शाह ने कई बड़े फैसले और निर्णय लेकर असंभव को संभव करके दिखाया चाहे वह कश्मीर से धारा 370 हटाने का मामला हो या फिर तीन तलाक संबंधी कानून हो या फिर नागरिक अधिकारिता कानून हो ऐसे कई कानून के बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था लेकिन अमित शाह ने इन संभव कामों को संभव करके दिखाया जिसकी वजह से देश के लोगों को काफी राहत मिल रही है उन्होंने कहा कि अमित शाह ने देश की आंतरिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई बड़े फैसले लिए कई बड़े निर्णय लिए जिनकी वजह से देश में नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है और आतंकवाद को भी जड़ से मिटाया जा रहा है उन्होंने कहा कि आज का भारत किसी भी शक्तिशाली देश के आगे नहीं झुकता यह सब करिश्मा हुआ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के दृढ़ निश्चय से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इन नए कानून के प्रचार प्रचार के लिए हर जिले में व्यापक तैयारी की है जिसके माध्यम से जनता से ज्यादा से ज्यादा नए कानून को लेकर संवाद किया जा रहा है ताकि लोगों को नए कानून के बारे में अच्छी जानकारी हो इसके अलावा पुलिस प्रशासन और वकील समुदाय से जुड़े लोगों को भी नए कानून के बारे में आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि इन नए कानून के सफल क्रियान्वयन के लिए सरकार गंभीरता से अपना कार्य कर रही है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के जो समझौते हुए थे उनमें 7 लाख करोड़ के समझौते धरातल पर आ गए हैं और बाकी के सभी समझौते को भी धरातल पर लाने के लिए सरकार की ओर से गंभीरता से प्रयास और कार्य किया जा रहे हैं उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के समझौता को धरातल पर लाने के लिए सरकार की ओर से अलग डिपार्टमेंट की स्थापना की गई है और यह डिपार्टमेंट राइजिंग राजस्थान में हुए प्रत्येक समझौते के क्रियान्वयन के प्रयास का कार्य युद्ध स्तर पर कर रहा है विभाग बार राइजिंग राजस्थान के समझौता लागू करने के लिए विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है उसी का परिणाम है कि अब तक पिछले 10 महीना में ही 7 लाख करोड़ के समझौते धरातल पर आ गए हैं उन्होंने कहा कि सरकार ने ऊर्जा के क्षेत्र में भी व्यापक स्तर पर बड़े फैसले लिए हैं सरकार सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी युद्ध स्तर पर काम कर रही है सरकार किसानों को अब बिजली उत्पादन के क्षेत्र में भी कार्य करने के लिए प्रेरित कर रही है जिसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं बिजली उत्पादन में राजस्थान तेजी से कार्य कर रहा है सौर ऊर्जा में जिस तेजी से राजस्थान सरकार कार्य कर रही है उसे देखते हुए बहुत जल्दी ही राजस्थान बिजली उत्पादन का अच्छा बड़ा केंद्र पूरे देश में बन जाएगा इसकी वजह से प्रदेश के किसानों को जहां एक तरफ दिन में बिजली मिलने लग जाएगी तो दूसरी तरफ प्रदेश का किसान बिजली उत्पादक भी बन जाएगा उन्होंने कहा कि पानी के क्षेत्र में भी सरकार ने मोदी सरकार के मार्गदर्शन और सहयोग से कई बड़े कार्य और कई बड़े फैसले किए हैं चाहे वह रामसेतु जल परियोजना हो या फिर हरियाणा से यमुना जल समझौता हो ऐसे अनेक फैसले और और परियोजनाएं शुरू की गई है जिनकी वजह से बहुत जल्दी ही प्रदेश में पानी की समस्या का भी स्थाई रूप से समाधान निकल जाएगा इसके लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है इसके अलावा राजस्थान सरकार ने पूरे देश में वृक्षारोपण कार्य में भी आगे रही है सरकार ने पूरे 5 साल में 50 करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प लिया है जिसमें अब तक 20 करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए जा चुके हैं उन्होंने कहा कि सड़क शिक्षा चिकित्सा महिला सुरक्षा पुलिस के आधुनिकरण विधि विज्ञान प्रयोगशाला में जरूरी संसाधन उपलब्ध करवाना इन सब विषयों में सरकार ने बजट में पूरा प्रावधान किया है कई तरह की सुविधा लागू की है इसके अलावा पुलिस को आधुनिक बनाने में भी सरकार ने अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले 22 महीना में अनेक सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ लेकिन एक भी पेपर में गड़बड़ी और पेपर लीक जैसी घटना नहीं हुई उन्होंने कहा कि सरकार ने हर साल 1 लाख बेरोजगारों को रोजगार देने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है और अब तक 91 हजार लोगों को नौकरियां दी जा चुकी है तथा 154000 सरकारी नौकरियों का कार्य प्रक्रिया में चल रहा है इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकारी स्तर पर निजी कंपनियों को बातचीत की जा रही है सरकार स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित करके उन्हें रोजगार के लिए तैयार कर रही है इसके अलावा प्रदेश की खेती और किसान दोनों में नवाचार नए प्रयोग के माध्यम से एक तरफ जहां किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है ।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अभिनव प्रयोग,रेल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास

### उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने जयपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से संवाद किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेल मंत्रालय के विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत जयपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सोमवार को अमृत-संवाद का आयोजन किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार अमृत संवाद के अंतर्गत जयपुर जंक्शन स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने यात्रियों, स्टेक होल्डर्स, यात्री संगठनों, व्यापार मंडलों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बताए गए पंच-प्रण की संकल्पना को भारतीय रेल ने उद्धरित करने के लिए अमृत संवाद कार्यक्रम में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पहले से किए गए सुधारों का आकलन और नागरिकों कीप्रतिक्रिया,यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सुधार के अन्य क्षेत्रों की पहचान करना तथा भारतीय रेलवे की विकास यात्रा में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना, उपयोगकर्ताओं,यात्रियों को उनके कर्तव्य बोध के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें रखरखाव एवं स्वच्छता में भागीदार बनाना शामिल किया है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंडल रेल प्रबंधक जयपुर रवि जैन ने जयपुर स्टेशन के इतिहास और उपलब्ध सुविधाओं तथा स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की जानकारी दी। स्थानीय नागरिकों ने रेल सेवा को बेहतर बनाने हेतु साफ-सफाई, स्टेशन पुनर्विकास, पार्सल सेवा, यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु सुझाव दिए। महाप्रबंधक अमिताभ ने पधारे हुए सभी नागरिकों को सुझावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया तथा स्टेशन पर दी जाने वाली सुविधाओं के संरक्षण का अनुरोध किया। साथ ही यात्रियों को उनके कर्तव्यबोध, रखरखाव और स्वच्छता में सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया ।यह संवाद रेलवे पंच-प्रण की एक व्यवहारिक अभिव्यक्ति है, जो अमृत काल में भारत की प्रगति को आकार देने में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) राजीव श्रीवास्तव, मुख्य इंजीनियर (निर्माण) शीला पंवार, मुख्य इंजीनियर (स्टेशन विकास) ज्योति सिंघल, मंडल रेलवे प्रबंधक जयपुर, रवि जैन सहित अनेक रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी तथा नागरिक उपस्थित रहे ।

# जयपुर शहर जिला अध्यक्ष पद को लेकर दर्जनों नेताओं की दावेदारी, कई पूर्व और वर्तमान विधायक भी लाइन में

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** राहुल गांधी के नवाचारों के तहत इस बार राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश भर में कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी के जिला अध्यक्षों के चयन में नई प्रणाली को अपनाया जा रहा है जिसमें पार्टी के जिला अध्यक्षों के चयन के लिए बाकायदा पार्टी के दिल्ली दरबार की ओर से सभी जिलों में पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए राजस्थान में भी 50 जिलों में पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं यह पर्यवेक्षक अलग-अलग जिलों में कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं से मुलाकात करके जिला अध्यक्ष के चयन के लिए चर्चा कर रहे हैं और उनके मन को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से टटोलकर यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि पार्टी के जिले की बागडोर किस नेता के हाथ में दी जाए जो पार्टी के संगठन को मजबूती दे सके इसके लिए पर्यवेक्षक पार्टी के पूर्व विधायक और वर्तमान विधायकों से भी बातचीत कर रहे हैं उनसे भी सलाह ले रहे हैं इसके अलावा पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से भी मुलाकात कर रहे हैं इसके अलावा जिलों में व्यापारिक संगठनों सामाजिक संगठनों और आमजन से भी मुलाकात करके उनसे जिला अध्यक्ष के चयन के लिए उनकी पसंद का नाम भी पूछ रहे हैं इस तरह से जयपुर शहर जिला अध्यक्ष पद को लेकर भी कांग्रेस पार्टी के दर्जनों नेता दावेदार बताई जा रहे हैं इसमें पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के अलावा पार्टी के पूर्व विधायक और वर्तमान विधायक भी जिला अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी जाता रहे हैं इसके पीछे कारण यह है कि दिल्ली से आए पार्टी के पर्यवेक्षक राजू ने साफ कहा है कि यह कोई जरूरी नहीं कि अगर कोई पार्टी का जिला अध्यक्ष बन जाएगा तो उसे विधानसभा या लोकसभा के चुनाव में टिकट नहीं मिलेगा उन्होंने कहा कि अगर कोई जिला अध्यक्ष पद पर तैनात होगा वह भी विधानसभा और लोकसभा का चुनाव लड़ सकता है इसके लिए किसी भी तरह की कोई पाबंदी पार्टी हाई कमान की ओर से नहीं है जबकि पहले अक्सर यह देखने में आता था कि जिसके पास संगठन की कोई बड़ी जिम्मेदारी होती थी उसे टिकट के लिए इग्नोर कर दिया जाता था लेकिन इस बार साफ कहा गया है कि जिला अध्यक्ष भी सभी तरह का चुनाव लड़ सकता है इसी वजह से जो नेता विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं वह भी जिला अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे हैं जो पहले विधायक रह चुके हैं और विधानसभा चुनाव हार चुके हैं वह भी जयपुर शहर जिला अध्यक्ष पद की कुर्सी को हासिल करने के लिए पूरा जतन कर रहे हैं वर्तमान में जो विधायक हैं वह भी जिला अध्यक्ष बनने की इच्छा पाले हुए हैं इसलिए इस बार जयपुर शहर जिला अध्यक्ष पद के लिए दर्जनों दावेदार बताई जा रहे हैं इस कार्य के लिए दिल्ली से आए पार्टी के पर्यवेक्षक अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में जाकर अपनी कार्य योजना के अनुसार कांग्रेस जनों से और आमजन से मुलाकात करके जिला अध्यक्ष के चयन के बारे में फीडबैक जुटा रहे हैं जानकारी के अनुसार पर्यवेक्षक की ओर से आधा दर्जन नाम की लिस्ट पार्टी हाई कमान को जिला अध्यक्ष पद के लिए भेजी जाएगी इन आधा दर्जन नाम के पैनल पर पार्टी हाई कमान पार्टी की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के अलावा पार्टी के अन्य सीनियर नेताओं से विचार विमर्श करके इनमें से किसी एक नाम पर अपनी अंतिम मोहर लगाएगा जानकारी के अनुसार जयपुर शहर जिला अध्यक्ष पद के लिए हवा महल विधानसभा सीट से पिछला विधानसभा चुनाव हार चुके आर आर तिवारी जो वर्तमान में जयपुर शहर जिला अध्यक्ष पद पर तैनात हैं वे फिर से अध्यक्ष बनने के लिए जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं इसके अलावा विधानसभा चुनाव हार चुके प्रताप सिंह खाचरियावास ,मंजू शर्मा, गिरिराज गर्ग, विधायक अमीन खान ,विधायक रफीक खान, अर्चना शर्मा, राजेंद्र शर्मा सहित अनेको नेता अपने-अपने मजबूत पार्टी के संपर्क सूत्रों के आधार पर जिला अध्यक्ष पद हासिल करने की कोशिश में जुटे हुए हैं अभी हाल ही में पार्टी हाई कमान को इस तरह की शिकायत दी गई है कि प्रदेश कांग्रेस के कई बड़े नेता प्रदेश में अलग-अलग जिलों में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को अपनी पसंद के व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बनाने को लेकर बाकायदा प्रस्ताव पास करवा रहे हैं इस तरह की शिकायतों को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी काफी गंभीर माना है गहलोत ने भी इस तरह की शिकायतों को लेकर पार्टी हाई कमान को अवगत करवाया है अब देखना यह है कि जयपुर शहर जिला अध्यक्ष पद पर आने वाले दिनों में किस नेता को यह महत्वपूर्ण पद मिलने वाला है।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
14 अक्टूबर, 2025


## प्रिया शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि

जयपुर टाइम्स



**रैणी(नि.सं.)** उपखंड क्षेत्र के माचाड़ी कस्बे निवासी प्रिया शर्मा पुत्री जयदेव(हिटलर) को मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर के 19वें दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इन्होंने नेचुरल पॉलिमर डिराइव्ड हाइड्रोजेल कंपोजिट फॉर वेस्टवॉटर रेमिडेएशन एंड एग्रीकल्चर एप्लिकेशंस विषय पर शोध कार्य रसायन शास्त्र विभाग में प्रोफेसर रागिनी गुप्ता के निर्देशन में किया। इस उपाधि के मिलने से क्षेत्र में खुशी लहर छाई। आस-पास क्षेत्र के लोगों व रिश्तेदारों ने प्रिया शर्मा को हार्दिक शुभकामना देते हुए खुशी जाहिर की। प्रिया शर्मा ने बताया कि मुझे मेरे परिवार व गुरू जनों के मार्गदर्शन व आशिर्वाद से यह उपाधि प्राप्त हुई है। मैं आगे भी उनके मार्गदर्शन पर चलती रहूंगी और इसी तरह मुझे उनका आशीर्वाद मिलता रहेगा।

## डेयरी चेयरमैन नीतिन सांगवान ने किया राजगढ़-रैणी प्रीमियर लीग का शुभारंभ

### पहली गेंद खेलकर दी प्रतियोगिता की शुरुआत,



जयपुर टाइम्स

**रैणी अलवर(नि.सं.)** जिले के राजगढ़ उपखंड के डाबला गांव में सोमवार को राजगढ़-रैणी प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरस डेयरी चेयरमैन नीतिन सांगवान रहे, जिन्होंने फीता काटकर और पहली गेंद खेलकर लीग की शुरुआत की यह सांगवान का चेयरमैन बनने के बाद राजगढ़ का पहला दौरा था। इस अवसर पर ग्रामीणों और आयोजकों ने उनका माला और साफा पहनाकर स्वागत किया उद्धघाटन मैच किंग्स इलेवन और सुपर बाइक टीमों के बीच खेला गया। यह क्रिकेट प्रतियोगिता 11 दिनों तक चलेगी, जिसमें क्षेत्र की कई टीमें भाग ले रही हैं प्रथम विजेता टीम को 1 लाख द्वितीय स्थान को 51 हजार तृतीय और चतुर्थ स्थान की टीमों को 21-21 हजार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन नीतिन सांगवान ने कहा चेयरमैन और किसानों का सेवक बनने के बाद पहली बार खिलाड़ियों के बीच आने का अवसर मिला है। युवा खेलों के माध्यम से अनुशासन और एकता का संदेश दें उन्होंने खिलाड़ियों से सांसद खेल उत्सव में पंजीकरण कर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया

## अलवर एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्ट जिला अलवर ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** अलवर एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट जिला अलवर ने होटल औरनेट, जयन्ती माल अलवर में दीपावली मिलन समारोह मनाया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सचिन अग्रवाल ने की तथा दीपावली मिलन समारोह में फिजियोथैरेपिस्टों के परिवार शामिल हुए। आए हुए सभी फिजियोथैरेपिस्टों ने अपने-अपने विचार रखें तथा कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए सामूहिक नृत्य बच्चों की खेल प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता कराई गई आए हुए सभी फिजियोथैरेपिस्टों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दीपावली मिलन समारोह में डॉ. संदीप सैनी, डॉ. मनमोहन शर्मा, डॉ अनुराधा जैन, डॉ राहुल जैन, डॉ हुकम सिंह, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. चेतन शर्मा, डॉ. पल्लवी जैन आदि परिवार सहित उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब ने लगाया नि:शुल्क मधुमेह जांच एवं निदान शिविर



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(नि.सं.)** लायंस प्रान्तीय सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत लायंस क्लब राजगढ़ की ओर से अ-श्रेणी आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर में नि:शुल्क मधुमेह जांच एवं निदान शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम संयोजक लायन दुष्यन्त आर्य ने बताया कि शिविर में 75 मरीजों की मधुमेह जांच की गई, जिनमें चयनित रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य, सहसंयोजक अजय यादव, कोषाध्यक्ष रामनिवास मीना, संजय राजस्थानी, एन.एल. वर्मा, डॉ. रेणु ग्रोवर, डॉ. अजय मीना, डॉ. श्वेता मीना, तकनीशियन रिंकू सैनी, मनीष शर्मा, रिटायर्ड प्रधानाचार्य भारत भट्ट, पार्षदपति सुरेश्वर शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनमान्यगण उपस्थित रहे शिविर के सफल संचालन से आमजन ने लायंस क्लब के सामाजिक सेवा कार्यों की सराहना की।

# आदेश कागज़ों में, निजी स्कूलों में जारी कक्षाएँ

### शिक्षा विभाग की निष्क्रियता पर उठे सवाल

### अधिकारी मौन, नियमों की उड़ रही धज्जियाँ

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)** अलवर जिले में शिक्षा व्यवस्था की लापरवाही अब चिंता का बड़ा विषय बन चुकी है। दीपावली मध्यावधि अवकाश के दौरान जहाँ सरकारी विद्यालयों में छुट्टियाँ घोषित हैं, वहीं जिले के अनेक निजी विद्यालयों में कक्षाएँ धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। यह न केवल शिक्षा विभाग के आदेशों की खुली अवहेलना है, बल्कि यह भी सवाल उठाता है कि जब विभागीय अधिकारी मौजूद हैं, तो नियमों की धज्जियाँ क्यों उड़ाई जा रही हैं सूत्रों के अनुसार, जिले के कई निजी विद्यालय बिना मान्यता के संचालित हैं। कुछ स्कूल तो अपनी स्वीकृति से अधिक कक्षाएँ चला रहे हैं। विभाग को इन संस्थानों की पूरी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही है। शिक्षा विभाग की निरीक्षण प्रणाली पूरी तरह ठप नज़र आ रही है अधिकारी मैदान में उतरने के बजाय फाइलों में ही रिपोर्ट पूरी कर रहे हैं।




#### जरूरत सख्त कार्रवाई की

विशेषज्ञों का मानना है कि प्रशासन और शिक्षा विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ऐसे विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए जो नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। तभी शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन लौटेगा और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी

#### 1अवकाश आदेश बेअसर अधिकारी मौन

राज्य सरकार की ओर से जारी स्पष्ट आदेशों के बावजूद अधिकांश निजी विद्यालयों ने दीपावली अवकाश को नज़रअंदाज़ कर दिया है। शिक्षा विभाग के ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी मौन हैं स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि "जब तक कोई हादसा या बड़ा विवाद नहीं होता, विभाग की नींद नहीं खुलती।"

#### स्कूल वाहनों में भी लापरवाही

सिर्फ अवकाश उल्लंघन ही नहीं, बल्कि सुरक्षा मानकों की भी खुलेआम अनदेखी की जा रही है। कई स्कूल वाहनों में फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं हैं, चालक प्रशिक्षित नहीं हैं, और ओवरलोडिंग आम बात है। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है राज्य सरकार के निर्देश हैं कि बिना सुरक्षा मानक वाले वाहन स्कूल संचालन में शामिल नहीं होंगे, मगर अलवर जिले में यह आदेश भी केवल कागज़ों तक सीमित है।

#### नियमों का मज़ाक शिक्षा विभाग बना मूक दर्शक

निजी विद्यालयों की मनमानी पर अंकुश लगाना शिक्षा विभाग की ज़िम्मेदारी है, लेकिन विभागीय निष्क्रियता ने हालात बद से बदतर बना दिए हैं अभिभावकों का कहना है कि "नियमों की प्रतिष्ठा तब तक नहीं लौटेगी जब तक अधिकारी ज़मीनी स्तर पर सख्ती नहीं दिखाएँगे।

#### अब सवाल यह है कि

क्या विभाग किसी अनहोनी के बाद ही जागेगा कब तक शिक्षा अधिकारी मूक दर्शक बने रहेंगे ?

## स्वास्थ्य मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक आयोजित

### विभिन्न स्वास्थ सुविधाओं को लेकर कराया अवगत



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(नि.सं.)** कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक तहसील परिसर के पटवार केन्द्र में राजगढ़ -लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीना के मुख्य आतिथ्य एवं उपखंड अधिकारी सीमा मीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण समिति के सदस्य अनिल कुमार गुप्ता ने क्षेत्रीय विधायक मांगेलाल मीना को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन ओपीडी दो हजार से पच्चीस सौ रहती है। इसके लिए उप जिला अस्पताल का दर्जा दिलवाने, महिला चिकित्सालय में सिजेरियन डिलीवरी शुरू करवाने, स्वीकृति के 5 माह बित जाने के बाद भी ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने, सोनोग्राफी मशीन को पुनः चालू करवाने, सीआर कम्यूटेड रेडिग्राफ डिजिटल एक्स-रे आदि की जांच, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा हेतु रात्रिकालीन चिकित्सक की नियुक्ति, फायर सेफ्टी उपकरण लगवाने आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। बैठक में चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश मीना, राजगढ़ विकास मंच अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, डॉ सत्यप्रकाश मीना आदि मौजूद रहे।

## 'नव विधान- न्याय की नई पहचान' के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला स्तर पर प्रताप ऑडिटोरियम में हुआ लाइव प्रसारण

जयपुर टाइम्स



**अलवर(नि.सं.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को जयपुर में आयोजित 'नव विधान न्याय की नई पहचान' के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जिला स्तर पर प्रताप ऑडिटोरियम में वीसी के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति संजीव प्रकाश शर्मा की गरिमामय उपस्थित रही। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नव अपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन, 4 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग, 9300 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण, दुग्ध उत्पादकों को दुध सब्सिडी के पेटे 364 करोड रुपए की राशि का हस्तांतरण, विधार्थियो को यूनिफॉर्म के लिए 240 करोड रुपए की राशि का हस्तांतरण, विकसित राजस्थान-2047 की कार्ययोजना का विमोचन तथा 150 यूनिट प्रतिमाह नि:शुल्क बिजली योजना पोर्टल का शुभारंभ किया गया। साथ ही एफएसएल के 56 वाहनों एवं महिला सुरक्षा पेट्रोलिंग के लिए 100 स्कूटियों व मोटरसाइकिलों की रवानगी की। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मोहन लाल सोनी, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कांबले शरण गोपीनाथ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका, एसडीएम अलवर माधव भारद्वाज, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका, पुलिस उपाधीक्षक पूनम चौहान सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, विद्यार्थी एवं आमजन मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को मिलेगी निशुल्क फैकल्टी कोचिंग- विद्या संबल योजना के तहत विशेष पहल

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(नि.सं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विद्यालय स्तरीय छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर को मजबूत करने के लिए अब विद्या संबल योजना के तहत निशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रारंभ की जा रही है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी जैसे प्रमुख विषयों के लिए अनुभवी गेस्ट फैकल्टी (अतिथि शिक्षकों) की सेवाएं ली जाएंगी। इसके लिए योग्य एवं इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिले में विभाग के कुल 9 विद्यालय स्तरीय छात्रावास संचालित हैं, जिनमें लगभग 300 विद्यार्थी निवासरत हैं। ये विद्यार्थी विद्यालय में अध्ययन के बाद छात्रावास में स्व-अध्ययन करते हैं। निशुल्क कोचिंग सुविधा मिलने से विद्यार्थियों की शैक्षिक समस्याओं का समाधान अब छात्रावास स्तर पर ही संभव होगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र संबंधित विभागीय छात्रावास, जिला कार्यालय या पंचायत समिति के ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र 28 अक्टूबर 2025 तक जमा कराए जा सकते हैं।

## राजगढ़ नगरपालिका में एसीबी की बड़ी कार्यवाही





### नगरपालिका के राजस्व व भूमि शाखा के कर्मचारी को 12 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(नि.सं.)** राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए राजगढ़ नगरपालिका के प्रभारी राजस्व/भूमि शाखा (सहायक कर्मचारी) रामहेत बैरवा को 12 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी अलवर प्रथम की टीम ने यह कार्यवाही की। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी चौकी अलवर को शिकायत मिली कि परिवादी द्वारा उसकी धर्मपत्नी के नाम से रेबारपुरा मोहल्ले दौला खोजा की कोठी राजगढ़ में वर्ष 2020 में रजिस्ट्री से 242 वर्गगज प्लाट खरीदा था करीब एक माह पूर्व उक्त प्लॉट का पट्टा बनवाने के लिये मैने नगर पालिका राजगढ़ मे फाईल लगाई थी। नगर पालिका द्वारा उक्त पट्टे के क्रम में दिनांक 3 अक्टूबर 2025 को 75978 रूपये पट्टा राशि जमा कराने पर भी मेरा पट्टा नही बनाने पर 9 अक्टूबर 2025 को नगर पालिका से संबंधित बाबू रामहेत बैरवा से मिला और मेरी पत्नी के नाम पट्टा जारी करने के संदर्भ में बातचीत की तो आरोपी ने मुझसे पट्टा जारी करने के लिये 10 हजार रूपये तथा उसकी पत्नी के दुसरे प्लॉट के कनवर्जन के आदेश जारी करने हेतु 5 हजार रूपये रिश्वत की मांग की। जिस पर आरोपी द्वारा 3 हजार रूपये दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को रिश्वत के मांगकर प्राप्त किये गये। दिनांक 10 अक्टूबर को शिकायत का सत्यापन करवाये जाने पर आरोपी द्वारा परिवादी के एक प्लाट का पट्टा जारी करने के लिये 10 हजार रूपये तथा दुसरे प्लॉट के कनवर्जन के आदेश जारी करने हेतु 2 हजार रूपये की शेष राशि कुल 12 हजार रूपये रिश्वत के मांग की पृष्टि की गई जिस ट्रेप कार्यवाही आयोजित की। जिसके दौरान आरोपी रामहेत बैरवा से उक्त मांग के कम में 12 हजार रूपये की रिश्वत राशि परिवादी से रिश्वत राशि ग्रहण करने पर आरोपी से रिश्वत की राशि आरोपी की पहनी हुई शर्ट की सामने की बाई जेब से बरामद की गई। यह कार्यवाही उप महानिरीक्षक पुलिस प्रथम राजेश सिंह के सुपरविजन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसीबी चौकी अलवर प्रथम महेंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई। आरोपी से पुछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## जिला कलक्टर ने ली जिला स्तरीय कृषि समिति की बैठक

### विभाग की फ्लैगशिप एवं अन्य योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित कर सैचुरेशन स्तर प्राप्त करने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कृषि समिति की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देशित किया कि विभाग की फ्लैगशिप एवं अन्य योजनाओं में लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित कर सैचुरेशन स्तर तक क्रियान्वित सुनिश्चित करें, ताकि जिले के किसानों को विभागीय योजनाओं से यथाशीघ्र लाभान्वित कराया जा सकें। उन्होंने योजनाओं की प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए इनकी प्रतिदिन प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करावें। जिला कलक्टर ने तारबंदी फसल सुरक्षा योजना, कृषि यंत्र योजना, फार्म पॉन्ड (खेत तलाई) निर्माण योजना, सिंचाई पाइप लाइन योजना, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना एवं राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन इत्यादि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप सैचुरेशन स्तर प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पीसी मीणा, नाबार्ड की डीडीएम मीनाक्षी मीणा, एसीएफ अलवर योगेश कुमार, एलडीएम बाबूलाल पालरिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव ने 2.5 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

### क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में बड़ा कदम

जयपुर टाइम्स



**बहरोड(नि.सं.)।** विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव की अध्यक्षता में दौसोद, बंथला, निहालपुरा और हुडिया कलां में कुल 2.5 करोड़ की लागत से होने वाले विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। यह कदम क्षेत्र के समग्र विकास और ग्रामीण संपर्क को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इन सभी परियोजनाओं में बहरोड़-कुंड रोड से दौसोद तक सड़क निर्माण कार्य 91 लाख की लागत से, शिवदानसिंहपुरा से बंथला तक सड़क 48 लाख की लागत से, निहालपुरा से हरियाणा बॉर्डर तक बाछोद रेलवे स्टेशन मार्ग 48 लाख की लागत से, तथा हुडिया कलां से फूलसिंह प्रधान व राजसिंह के कुएं से होते हुए हरियाणा बॉर्डर तक सड़क 60 लाख की लागत से निर्मित की जाएगी। डॉ. मोहित ने इस अवसर पर कहा कि "बेहतर सड़कें क्षेत्र की प्रगति की रीढ़ हैं, और इन परियोजनाओं से स्थानीय निवासियों, किसानों एवं आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।" उन्होंने यह भी कहा कि "शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, जल और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा।" और कहा कि सभी विकास कार्य विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव के मार्गदर्शन और निरंतर प्रयासों का परिणाम हैं, जिनकी सोच हमेशा से बहरोड़ को आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाने की रही है। दोसौद की सरपंच ज्योति नवरत्न यादव और निहालपुरा के सरपंच संजीव यादव इस अवसर पर उपस्थित थे। सरिता मनोज (जिला पार्षद) और अश्वनी टाइगर ( मंडल अध्यक्ष माजरी ) भी इन कार्यक्रमों में उपस्थित रहे। इन सभी शिलान्यास कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण, कार्यकर्ता और स्थानीय प्रतिनिधि भी उपस्थिति रहे। लोगों ने डॉ. मोहित जसवंत यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया और कहा कि उनके नेतृत्व में बहरोड़ में सड़क, शिक्षा, खेल और रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं। इस दौरान अश्वनी टाईगर मण्डल अध्यक्ष माजरी, मनोज यादव जिला पार्षद, नवरत्न सरंपच दौसोद, हरदीप सरपंच माजरी कलां, संजीव सरपंच, अर्जुन सरंपच, भोलाराम सरपंच, सुभाष सरपंच, डॉ. जगत मण्डल महामंत्री, दीपक यादव मण्डल मंत्री, संजू यादव, राजपाल प्रधान, ओमप्रकाश पूर्व सरपंच, सुभाष यादव, नरेन्द्र यादव, अनिल बोहरा, कर्मवीर यादव महामंत्री, अमित यादव व समाजसेवी, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव : प्रमोद जैन भाया ने भरा नामांकन

### 15 अक्टूबर को निकलेंगे नामांकन रैली, आज नरेश मीणा निर्दलीय भरेगा नामांकन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** निर्वाचन विभाग की ओर से प्रदेश की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गई अधिसूचना जारी होने के बाद ही इस सीट पर नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है नामांकन भरने के पहले दिन सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया ने संबंधित रिटर्न ऑफिसर अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन प्रस्तुत किया इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी भी उनके साथ थी जानकारी के अनुसार मुहूर्त की वजह से सोमवार को प्रमोद जैन भाया अपनी पत्नी और कुछ चंद समर्थकों के साथ नामांकन निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन प्रस्तुत किया है हालांकि 15 अक्टूबर को बाकायदा प्रमोद जैन भाया नामांकन रैली का भी आयोजन करेंगे लेकिन मुहूर्त की वजह से उन्होंने सोमवार को निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होकर अपना नामांकन प्रस्तुत किया इधर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आज नरेश मीणा के नामांकन प्रस्तुत करने की खबर मिली है भारतीय जनता पार्टी की ओर से भूपेंद्र सैनी को टिकट मिलने की प्रबल संभावना है सैनी के नाम आम सहमति बन गई है सैनी पूर्व में राजस्थान भाजपा युवा बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं प्रदेश भाजपा के संगठन में बहुत अच्छी तरह से उन्होंने कार्य किया है हालांकि इस सीट पर प्रभु दयाल सैनी जो पूर्व में 2013 में विधायक रह चुके थे उनकी भी दावेदारी मजबूत बताई जा रही थी इसके अलावा दो-तीन और मजबूत दावेदार टिकट की लाइन में थे लेकिन पार्टी ने अंता विधानसभा सीट पर माली समाज के मतदाताओं की संख्या को देखते हुए भूपेंद्र सैनी पर अधिक विश्वास जताया इसके अलावा नया चेहरा और युवाओं को पार्टी में अधिक तवज्जो देने की रणनीति के आधार पर भूपेंद्र सैनी का यहां पर टिकट दिया जाना पार्टी ने उचित समझा है हालांकि खबर लिखे जाने तक भूपेंद्र सैनी की अधिकृत घोषणा भाजपा की ओर से नहीं की गई थी लेकिन यहां से भूपेंद्र सैनी का नाम ही फाइनल बताया जा रहा है निर्वाचन अधिकारी की ओर से सोमवार को इस सीट पर अधिसूचना जारी करने के साथ ही नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है नामांकन भरने की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर है और 23 अक्टूबर तक निर्वाचन विभाग की ओर से प्रस्तुत नामांकनों की जांच की जाएगी और फिर 27 अक्टूबर तक नाम वापसी की अंतिम तारीख निर्धारित की गई है इसलिए सोमवार से नामांकन भरने की प्रक्रिया के साथ ही इस सीट पर चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं अभी इस सीट पर बसपा भारतीय जनता पार्टी और अन्य छोटे दलों की ओर से भी उम्मीदवार खड़े किए जाने की चर्चाएं हैं इसके अलावा कई निर्दलीय भी यहां से चुनाव लड़ने की तैयारी में दिख रहे हैं इसलिए इस सीट पर काफी रोचक और कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया वर्ष 2003 में यहां इस सीट पर निर्दलीय विधायक चुने गए थे इसके बाद 2008 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ा और चुनाव जीते लेकिन 2013 में भाजपा प्रत्याशी प्रभु दयाल सैनी से प्रमोद जैन भाया कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव हार गए थे फिर 2018 में प्रमोद जैन भैया ने फिर से इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की लेकिन 2023 में प्रमोद जैन भाया भाजपा प्रत्याशी कंवरलाल मीणा से चुनाव हार गए विधायक चुने जाने के बाद कंवरलाल मीणा एक पुराने मामले में कोर्ट के आदेश पर जेल चले गए जिसकी वजह से यह सीट खाली हुई और अब इस खाली सीट पर फिर से चुनाव 11 नवंबर को आयोजित करवाए जा रहे हैं ।

## दौसा में कॉलेज के प्रिंसिपल कक्ष में छात्रों ने शराब की बोतल फोड़ी, पुलिस पहुंची मौके पर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दोसा स्थित पंडित नवल किशोर शर्मा पीजी कॉलेज में एनएसयूआई के छात्रों ने बंद पड़े हॉस्टल को खोलने की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन किया और प्रिंसिपल का कक्षा में शराब की बोतल फोड़ डाली और छात्रों ने आरोप लगाया की प्रिंसिपल के कक्ष में और कॉलेज में शराब पार्टी का आयोजन किया जाता है हालांकि मीडिया से मुलाकात के दौरान कॉलेज के प्रिंसिपल ने साफ कहा कि कॉलेज में तैनात कोई भी कर्मचारी शिक्षक शराब का सेवन नहीं करता यहां पर छात्र अपनी मांगों को लेकर आए थे छात्रों ने उन्हें ज्ञापन देने की वजह है अपने हाथों से खुद अपने ज्ञापन को फाड़ डाला और छात्र एलिवेशन लगा रहे हैं कि कॉलेज में कॉलेज का स्टाफ शराब पीता है बाद में कॉलेज के प्रिंसिपल ने पुलिस को भी सूचित किया सूचना मिलने के बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और कॉलेज में मौजूद सीसीटीवी कैमरे के आधार पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों की पहचान के जाने की प्रक्रिया पुलिस की ओर से अपनी जा रही है जानकारी के अनुसार प्रदर्शन करने वाले छात्र एनएसयूआई संगठन से जुड़े बताई जा रहे हैं जो कॉलेज परिसर में बंद पड़े छात्रावास को दोबारा से चालू करवाने की मांग कर रहे थे प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने प्रिंसिपल के कक्ष के सामने भी एक शराब की बोतल को फोड़ा और फिर प्रिंसिपल के कक्षा में घुसकर उन्होंने वहां जोरदार नारेबाजी करते हुए शराब की बोतल को भी फोड़ा गया छात्रों के गुस्से को देखते हुए प्रिंसिपल ने तुरंत पुलिस को सूचित किया पुलिस के अधिकारी जब मौके पर पहुंचे और प्रिंसिपल के कक्ष में गए तो वहां उन्होंने टूटी हुई शराब की बोतल के टुकड़े भी देखे हैं जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में किए और प्रिंसिपल के कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों की पहचान की जा रही है द्य इस घटना के बाद पुलिस ने कॉलेज कैंपस में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया है ।

## राजस्थान अध्ययन दल ने डेनमार्क में भारतीय राजदूत मनीष प्रभात से की मुलाकात

### कृषि, पशुपालन और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुआ विचार-विमर्श



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** किसानों की क्षमता वृद्धि के लिए चलाए जा रहे नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत राजस्थान का अध्ययन दल इन दिनों डेनमार्क प्रवास पर है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के नेतृत्व में दल में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटा राम देवासी, पशुपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, किसान आयोग अध्यक्ष श्री सी. आर. चौधरी, शासन सचिव डॉ. समित शर्मा, कृषि सचिव राजन विशाल, कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभागों के 9 अधिकारी और 38 प्रगतिशील किसान शामिल हैं। डेनमार्क प्रवास के दौरान दल ने भारत के राजदूत मनीष प्रभात से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर राजस्थान और डेनमार्क के बीच कृषि, पशुपालन, जल प्रबंधन और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग और ज्ञान-विनिमय पर गहन चर्चा हुई। अध्ययन दल ने राजस्थान में चल रही कृषि एवं पशुपालन योजनाओं की जानकारी दी और डेनमार्क की उन्नत तकनीकों से सीखने की इच्छा जताई। राजदूत मनीष प्रभात ने दल का स्वागत करते हुए कहा कि डेनमार्क की तकनीकी विशेषज्ञता राजस्थान जैसे राज्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती है। उन्होंने कहा कि डेयरी, पशुपालन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में दोनों देशों की साझेदारी को और मजबूत किया जा सकता है। डेनमार्क स्थित भारतीय दूतावास की ओर से अध्ययन दल के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया, जिसमें प्रवासी भारतीयों के साथ भी संवाद हुआ। इस अवसर पर राजस्थान और डेनमार्क के बीच भविष्य में संभावित सहयोग के क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा की गई। दल के सदस्यों ने इस मुलाकात को प्रेरणादायक और उपयोगी अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि डेनमार्क की उन्नत तकनीकों, प्रबंधन प्रणाली और नवाचारों से प्राप्त ज्ञान राजस्थान की कृषि और पशुपालन योजनाओं को नई दिशा देने में सहायक होगा।

## जयपुर मावा मंडी में 1,380 किलो मिलावटी मावा नष्ट, त्योहारी सीजन में बड़ी कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी पर सख्त नकेल कसने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग ने सोमवार को जयपुर के शास्त्री नगर स्थित मावा मंडी में बड़ी कार्रवाई की। "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई का नेतृत्व संयुक्त आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) डॉ. विजय प्रकाश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने किया। यह अभियान आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन में संचालित हुआ। सुबह 7.30 बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में टीम ने एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों और गोदामों की जांच की। दो पिकअप वाहनों और एक जीप में रखे मावे के नमूनों में मिलावट पाए जाने पर करीब 1,380 किलो मावा मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। टीम ने कुल 13 नमूने 12 व्यापारियों से लिए और भंडारण, स्वच्छता, लेबलिंग और बिक्री रजिस्टर की भी जांच की। डॉ. शुभमंगला ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डॉ. विजय प्रकाश ने बताया कि आने वाले दिनों में मिठाई, डेयरी और नमकीन निर्माण इकाइयों पर भी विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। डॉ. रवि शेखावत ने कहा कि विभाग न केवल कार्रवाई कर रहा है, बल्कि जनजागरूकता अभियान भी चला रहा है ताकि उपभोक्ता मिलावट के प्रति सतर्क रहें और संदिग्ध वस्तुओं की सूचना तुरंत विभाग को दें।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की पत्नी उषा राठौर की तबीयत खराब, आईसीयू में भर्ती

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की पत्नी उषा राठौर की अचानक तबियत बिगड़ गई जिन्हें पाली के बांगड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है राठौर को फिलहाल आईसीयू में रखा गया है जब राठौर की पत्नी को आईसीयू में एडमिट करवाया गया उस समय राठौर जयपुर में भाजपा के चाणक्य और गृहमंत्री अमित शाह की अगवानी कर रहे थे हालांकि सूचना मिलने के बाद मदन राठौड़ जयपुर से पाली के लिए रवाना हो गए । सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के जयपुर में रहने के दौरान मदन राठौड़ का जयपुर में दिनभर का व्यस्त कार्यक्रम था लेकिन जब उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी की हालत काफी सीरियस है तो उन्होंने जयपुर के सभी कार्यक्रम कार्यक्रम स्थगित करके पाली के लिए रवाना हो गए उल्लेखनीय है कि मदन राठौड़ पाली जिले के काफी लोकप्रिय राजनेता है राठौर की पूरे पाली जिले में बहुत अच्छी छवि है राठौर काफी सरल सौम्य स्वभाव के व्यक्ति हैं और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर विराजमान होने के बाद भी उनके स्वभाव में किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं आया है मीडिया से बातचीत के दौरान भी राठौर बहुत ही सहज अंदाज में विरोधी दलों के नेताओं पर अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त करते हैं रविवार को भी सतीश पूनिया की पुस्तक के विमोचन के मौके पर उन्होंने बहुत ही मजेदार लहजे में अपना भाषण दिया और मंच पर बैठे सतीश पूनिया ,राजेंद्र राठौड़ को भी अपने निशाने पर लिया और हास्य व्यंग के माध्यम से उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया लेकिन सोमवार को जैसे ही उन्हें जानकारी मिली कि उनकी पत्नी की हालत खराब है उनके चेहरे पर उदासी और चिंता के भाव नजर आने लगे इसके बाद राजस्थान भाजपा के अन्य सीनियर नेताओं ने उन्हें तुरंत पाली जाने को कहा हालांकि अमित शाह के जयपुर में रहने से उनका पाली जाने का मन नहीं था लेकिन पत्नी की हालत की खबर सुनकर उनसे रहा नहीं गया और वे तुरंत पाली के लिए रवाना हो गए।

## अज्ञात बदमाशों ने डॉक्टर की गाड़ी को पेट्रोल डालकर जलाया, पुलिस पहुंची मौके पर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के श्रीगंगानगर के अग्रसेन नगर में डॉक्टर के मकान के बाहर खड़ी गाड़ी को डॉक्टर के मकान के बाहर खड़ी गाड़ी पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया गया मौके पर मौजूद सीसीटीवी कैमरे में बदमाशों के फोटो कैद हो गए हैं जिनके आधार पर पुलिस बदमाशों की पहचान कर रही है अज्ञात बदमाश गाड़ी में सवार होकर आए थे और डॉक्टर की गाड़ी को जलाने के बाद अपनी गाड़ी में सवार होकर मौके से फरार हो गए पुलिस अब पीड़ित डॉक्टर के बयानों के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है पुलिस पीड़ित डॉक्टर से पूछताछ करके पता लग रही है कि क्या उसकी किसी से कहा सुनी या मनमुटाव चल रहा है या फिर कोई विवाद जिसकी वजह से डर बिठाने या फिर बदला लेने की नीयत से बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया हो इन सब के बारे में पीड़ित डॉक्टर से सवाल जवाब कर रही है इसके अलावा शहर में अन्य जगहों पर स्थित सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से जिस गाड़ी से बदमाश फरार हुए हैं उस गाड़ी की लोकेशन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है खबर लिखे जाने तक इस बारे में पुलिस की जांच पड़ताल जारी थी पुलिस पीड़ित डॉक्टर से पूछताछ कर यह भी पता लग रही है कि कहीं किसी गैंगस्टर की ओर से उससे हफ्ता वसूली के बारे में तो कोई प्रेशर नहीं बनाया जा रहा क्योंकि आजकल विभिन्न गैंगस्टर की ओर से प्रदेश में कई जगहों पर हाई प्रोफाइल लोगों को हफ्ता वसूली के लिए फोन करके जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है इसलिए पुलिस इस पूरे मामले की अलग-अलग तरह से जांच पड़ताल कर रही है इसके अलावा अग्रसेन नगर और आसपास के इलाके में मौजूद सभी सीसीटीवी कैमरे की सिटी की सगन जांच पड़ताल करके बदमाशों की गाड़ी के बारे में पुख्ता जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है ।

## दोसा पुलिस के 331 ठिकानों पर छापे, 138 बदमाश गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दोसा जिला पुलिस ने पिछले दो दिनों में जिले में करीब 331 स्थान पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जिसमें 138 बदमाशों के गिरफ्तार होने की जानकारी मिली है जानकारी के अनुसार दोसा जिला पुलिस की यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक राहुल प्रकाश के निर्देशन में की गई राहुल प्रकाश ने संभाग के अधीन जिलों में एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चिन्हित किए गए बदमाशों के ठिकानों पर गुपचुप तरीके से छापामार कार्रवाई को अंजाम देने के निर्देश दिए गए थे जिसमें पिछले दो दिनों में पुलिस ने अपने स्तर पर चिह्नित किए गए बदमाशों की वस्तु स्थिति का पता लगाया इसके अलावा चिन्हित किए गए बदमाशों के विभिन्न ठिकानों की लोकेशन का पता लगाकर पूरे जिले में पुलिस के 82 टीमों को छापा मार कार्रवाई के लिए जिम्मेदारी दी गई थी जिसमें 331 जगह पर पुलिस की टीमों की ओर से छापामार कार्रवाई की गई जिसमें 138 बदमाश पकड़े गए हैं दौसा जिला पुलिस की स्थापना कार्रवाई को लेकर व्यापारिक संगठनों सामाजिक संगठनों और जिले के प्रबुद्ध लोगों ने काफी खुशी जताई है सामाजिक संगठनों और व्यापारिक संगठनों का कहना है कि पुलिस की इस तरह की कार्रवाई अगर नियमित रूप से होती रहे तो कहीं ना कहीं अपराधिक गतिविधियों में तेजी से गिरावट भी आएगी पुलिस की लगातार छापामार कार्रवाई होने से अपराध जगत से जुड़े लोगों में घबराहट बनी रहेगी जो कहीं ना कहीं अपराधों में गिरावट का बड़ा माध्यम बन सकती है इसलिए इस तरह की छापामार कार्रवाई पुलिस की ओर से नियमित होना बहुत जरूरी है जानकारी के अनुसार दौसा जिला पुलिस की ओर से जिन 128 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है उनके खिलाफ अलग-अलग धाराओं में जिले के अलग-अलग पुलिस स्टेशन में मामले दर्ज थे और यह सभी बदमाश पुलिस के लिए वांछित थे इसलिए दोसा जिला पुलिस ने पहले दौसा जिले के सभी पुलिस स्टेशन से जुड़े वांछित और अवांछित अपराधियों की सूची तैयार की और अपराधियों के ठिकानों का पता लगाया इसके अलावा अपराधियों के संपर्क सूत्रों के बारे में भी जानकारी हासिल की पुलिस की छापामार कार्रवाई के दौरान बदमाश कहां-कहां शरण ले सकते हैं इसके बारे में भी पहले से ही पुलिस ने पूरी तैयारी की हुई थी तमाम तरह की तैयारी को अंजाम देने के बाद दोसा जिला पुलिस ने बाकायदा एक पूरी रणनीति तैयार की और इसी रणनीति के तहत 2 दिन तक पूरे प्रदेश में अलग-अलग जगह पर पुलिस की टीमों की ओर से छापे मारे गए जिसमें पुलिस को अच्छी सफलता भी मिली बड़ी संख्या में बदमाशों को गिरफ्तार भी किया गया ।

## 7 लाख करोड़ के समझौते के धरातल पर आने के दावे पर जूली ने सवाल खड़े किए

### अमित शाह ने भी भजनलाल सरकार के 7 लाख करोड़ के समझौते के धरातल पर आने की कही थी बात

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने अपने शोषण मीडिया एकाउंट्स पर गृहमंत्री अमित शाह की ओर से सोमवार को जयपुर में राइजिंग राजस्थान में प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से 7 लाख करोड रुपए के समझौते के धरातल पर आने की बात पर सवाल खड़े किए हैं और कहा है कि राजस्थान सरकार का बजट 380 हजार करोड़ रुपए है स्टेट जीडीपी साइज 19 लाख करोड रुपए है और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं कि राइजिंग राजस्थान के 7 लाख करोड रुपए के समझौते धरातल पर आ गए हैं तो फिर इतने बड़े पैमाने पर समझौते के धरातल पर आने का असर राजस्थान में दिख क्यों नहीं रहा है अब यह तो राजस्थान की जनता ही तय करेगी कि आखिर यह 7 लाख करोड़ के जो समझौते धरातल पर आए हैं उनका असर राजस्थान में दिख क्यों नहीं रहा है प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार सिर्फ झूठे वादे और झूठे आंकड़े प्रस्तुत करके प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है उन्होंने कहा कि जब इतनी बड़ी संख्या में समझौते धरातल पर उतर गए हैं तो फिर उनका असर दिखाई क्यों नहीं दे रहा उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार सिर्फ विकास के नाम पर प्रदेश की जनता को गुमराह करके उन्हें अंधेरे में रखने का प्रयास कर रही है लेकिन राजस्थान की जनता सब समझदार है और अपनी आंखों से देख रही है समय आने पर जनता जनार्दन भाजपा की सरकार को आइना दिखा देगी इसी तरह से एक अन्य मामले में टीकाराम जूली ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर आईटी इंजीनियर आनंदू के सुसाइड नोट पर भाजपा और आरएसएस पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया है कि सुसाइड नोट में मृतक इंजीनियर ने साफ लिखा है कि 14 साल की आयु में उसे राष्ट्रीय स्वयं संघ की शाखा से जोड़ा गया लेकिन राष्ट्रीय स्वयं संघ शाखा से जुड़े लोगों ने उसका यौन शोषण भी किया इस तरह का घिनौना आरोप किसी विपक्षी दल के नेता ने नहीं बल्कि आत्महत्या करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जुड़े इंजीनियर आनंदू ने लगाए हैं प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने मृतक इंजीनियर के सुसाइड नोट को आधार बनाकर कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का असली चेहरा देश के सामने आ गया है जो यह बताता है कि किस तरह से राष्ट्रीय स्वयं संघ देश के युवाओं के साथ बर्ताव कर रहा है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं संघ नैतिक आचरण को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कहता है लेकिन आनंदू के सुसाइड नोट से राष्ट्रीय स्वयं संघ का असली चेहरा और चरित्र सामने आ गया है

# नरेंद्र मोदी से मिले जेपी नड्डा, बिहार चुनाव को लेकर मंथन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली में मुलाकात की दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक बातचीत हुई है जानकारी के अनुसार दोनों नेताओं के बीच बिहार में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से जुड़े तमाम विषयों को लेकर चर्चा हुई है हालांकि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई इसको अभी मीडिया से शेयर नहीं किया गया लेकिन कहा जा रहा है कि बिहार टिकट वितरण को लेकर मोटे तौर पर दोनों नेताओं के बीच में बातचीत हुई है क्योंकि बिहार विधानसभा चुनाव एक तरफ जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है तो दूसरी तरफ केंद्र की मोदी सरकार की भी प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को हजारों करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के अलावा देश के अन्य राज्यों को भी हजारों करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी लेकिन पिछले कुछ महीनो में बिहार को केंद्र सरकार की ओर से सबसे ज्यादा सौगाते मिली है इसलिए बिहार चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के रणनीतिकार काफी अलर्ट बोर्ड पर है हालांकि वहां पर भारतीय जनता पार्टी का नीतीश कुमार की पार्टी से मजबूत गठबंधन बना हुआ है लेकिन हाल ही में जिस तरह से राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे को लेकर बिहार में कई विधानसभा क्षेत्र में अपनी यात्रा निकाली उसके बाद कहीं ना कहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के रणनीतिकारों को ऐसा लग रहा है कि राहुल गांधी की यह यात्रा कहानी भारतीय जनता पार्टी और नीतीश कुमार की पार्टी के उम्मीदवारों के लिए कोई बड़ा खतरा चुनाव में नहीं बन जाए इसलिए उम्मीदवारों के चयन में भी काफी सावधानी बढ़ती जा रही है चाहे नीतीश कुमार की पार्टी हो या फिर भारतीय जनता पार्टी की जिताऊ उम्मीदवार को ही टिकट दिया जा रहा है ताकि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार का गठन हो सके इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए कहा जा रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और नीतीश कुमार की पार्टी दोनों दलों की ओर से समान सीटों की संख्यापर उम्मीदवार खड़े किए जाने पर सहमति बन गई है इसलिए सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है उसका मतलब यही निकला जा रहा है कि भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते जेपी नड्डा ने बिहार चुनाव से जुड़ी हर विषय पर मोदी से चर्चा की है और उन्हें बिहार चुनाव गतिविधियों के बारे में अब तक का पूरा अपडेट भी दिया गया है मोदी और जेपी नड्डा के बीच जो मुलाकात हुई है उसमें उम्मीदवारों के चयन के अलावा पार्टी के प्रचार प्रसार पार्टी के मुद्दों और तरीकों के बारे में भी चर्चा की गई है इसके अलावा इन चुनाव में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवारों के खिलाफ विशेष रणनीति बनाने पर भी भाजपा की ओर से विशेष फोकस रखा जा रहा है ।

# संबंधों को पटरी पर लाने की चुनौती

*ट्रंप प्रशासन की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत भारत पर लगाए गए ऊंचे टैरिफ ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ा दिया है। अमेरिका का दावा है कि भारत के ऊंचे आयात शुल्क और रूस से तेल खरीद जैसी नीतियां 'असंतुलित' हैं। इसके जवाब में भारत ने अपने हितों की रक्षा पर जोर दिया है। संभावित व्यापार समझौता महीनों से ठप पड़ा है। ऐसे में भारत को गोर को इस प्रक्रिया को पुनर्जीवित करना होगा, वह भी बिना किसी घरेलू राजनीतिक विवाद के। प्रौद्योगिकी साझेदारी भी उनके एजेंडे का एक संवेदनशील बिंदु है। भारत रक्षा और नवाचार क्षेत्र में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण चाहता है, जबकि अमेरिका अपनी बौद्धिक संपदा और सुरक्षा चिंताओं को लेकर सतर्क है। सेमीकंडक्टर, एआइ और डाटा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के अवसर तो हैं, पर नीतिगत स्पष्टता की कमी दोनों पक्षों को सतर्क रखती है। गोर का कार्य यह साबित करना होगा कि वाशिंगटन की तकनीकी*



अमेरिका के नवनियुक्त राजदूत और दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के विशेष दूत सर्जियो गोर ने पहले ही दिन भारत के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिस्री से उनकी बैठकें संकेत हैं कि वाशिंगटन भारत के साथ अपने रिश्ते को नई गति देने के मूड में है। इस सौहार्दपूर्ण शुरुआत के पीछे गोर के लिए चुनौतियों का एक जटिल जाल बिछा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मित्रता ने जहां संबंधों में नई ऊर्जा डाली है, वहीं दोनों देशों के बीच व्यापारिक मतभेद, तकनीकी साझेदारी की जटिलताएं और दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन को लेकर चिंताएं अब भी बनी हुई हैं। गोर के लिए सबसे बड़ी कसौटी यह होगी कि वे व्यक्तिगत निकटता को नीति में बदलें और इन विरोधाभासों को समेटते हुए संबंधों को नई दिशा दें। गोर का भारत में राजदूत के साथ-साथ दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों का विशेष दूत भी होना एक राजनीतिक संकेत है कि अमेरिका भारत और उसके पड़ोसी क्षेत्र को अब सीधे राष्ट्रपति की प्राथमिकता के रूप में देख रहा है, परंतु यह दोहरी भूमिका भारत के लिए दुविधा का विषय भी है। नई दिल्ली लंबे समय से यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उसे दक्षिण एशिया के पारंपरिक 'भारत-पाकिस्तान' ढांचे में न बांधा जाए। गोर के लिए यह चुनौती होगी कि वे भारत की वैश्विक भूमिका को बनाए रखते हुए अपने क्षेत्रीय दायित्वों का निर्वाह करें। उनकी सबसे कठिन परीक्षा आर्थिक मोर्चे पर होगी। ट्रंप प्रशासन की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत भारत पर लगाए गए ऊंचे टैरिफ ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ा दिया है। अमेरिका का दावा है कि भारत के ऊंचे आयात शुल्क और रूस से तेल खरीद जैसी नीतियां 'असंतुलित' हैं। इसके जवाब में भारत ने अपने हितों की रक्षा पर जोर दिया है। संभावित व्यापार समझौता महीनों से ठप पड़ा है। ऐसे में गोर को इस प्रक्रिया को पुनर्जीवित करना होगा, वह भी बिना किसी घरेलू राजनीतिक विवाद के। प्रौद्योगिकी साझेदारी भी उनके एजेंडे का एक संवेदनशील बिंदु है। भारत रक्षा और नवाचार क्षेत्र में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण चाहता है, जबकि अमेरिका अपनी बौद्धिक संपदा और सुरक्षा चिंताओं को लेकर सतर्क है। सेमीकंडक्टर, एआइ और डाटा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के अवसर तो हैं, पर नीतिगत स्पष्टता की कमी दोनों पक्षों को सतर्क रखती है। गोर का कार्य यह साबित करना होगा कि वाशिंगटन की तकनीकी नीति चीन को लेकर है, भारत को लेकर नहीं। रक्षा सहयोग के क्षेत्र में गोर को एक सकारात्मक आधार मिला है। दोनों देशों के बीच हुए कोमकासा और बीईसीए जैसे समझौते सामरिक साझेदारी के नए युग की नींव बन चुके हैं। फिर भी भारत अमेरिका से अधिक तकनीकी हस्तांतरण और स्थानीय उत्पादन चाहता है, जबकि वाशिंगटन रूस से भारत के सैन्य संबंधों पर दबाव डालता है। गोर को इस संतुलन को साधना होगा, ताकि भारत की रक्षा स्वायत्तता प्रभावित न हो और अमेरिका की रणनीतिक अपेक्षाएं भी पूरी हों। दक्षिण एशिया के परिप्रेक्ष्य में चुनौती और गहरी है। ट्रंप के पाकिस्तान के प्रति हालिया रुझान-इस्लामाबाद के नेतृत्व से मुलाकात और उसके ऊर्जा क्षेत्र में अमेरिकी निवेश के संकेत दिल्ली के लिए असहज हैं। भारत को यह आशंका है कि कहीं वाशिंगटन पुनः 'री-हाइफनेशन' यानी भारत-पाकिस्तान समानांतर नीति की ओर न लौट जाए। गोर की दोहरी जिम्मेदारी-दिल्ली और इस्लामाबाद, दोनों से संपर्क इस चिंता को और गहरा करती है। उन्हें भारत को यह विश्वास दिलाना होगा कि ट्रंप का पाकिस्तान प्रेम रणनीतिक गणित का हिस्सा है, न कि नीति परिवर्तन का। महत्वपूर्ण खनिजों पर गोर और मोदी के बीच चर्चा यह दिखाती है कि अमेरिका इस क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाना चाहता है। दोनों देश चीन पर निर्भरता कम करने और 'फ्रेंड-शोरिंग' के माध्यम से वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला बनाने के पक्षधर हैं, पर भारत की खनन नीतियां अभी भी जटिल हैं। यदि गोर यहां ठोस निवेश या संयुक्त परियोजनाएं आगे बढ़ा पाते हैं तो यह उनके कार्यकाल की एक उल्लेखनीय उपलब्धि होगी। आव्रजन नीति और एच-1बी वीजा व्यवस्था पर भी उन्हें सावधानी से चलना होगा। भारतीय पेशेवरों के लिए अमेरिका की कड़ी वीजा नीति चिंता का विषय रही है। गोर को इन घरेलू राजनीतिक बाधाओं को समझाते हुए भी भरोसे का माहौल बनाना होगा। गोर के पास एक बड़ा लाभ यह है कि वे सीधे राष्ट्रपति तक पहुंच रखते हैं, पर यही उनकी सबसे बड़ी चुनौती भी है। यदि वे ट्रंप की व्यक्तिगत सद्भावना को ठोस नीतिगत परिणामों में बदलने में सफल रहते हैं तो न केवल संबंधों को पुनर्जीवित करेंगे, बल्कि उन्हें नई ऊंचाई भी देंगे।

## सम्पादकीय

### कूटनीति बनाम मूल्यों की लड़ाई- तालिबान से संवाद में महिलाएं दरकिनार क्यों?



भारत में महिला सशक्तीकरण की तस्वीर को सिर्फ इतने से समझा जा सकता है कि आज यहां महिलाएं अमूमन हर क्षेत्र में पुरुषों के समकक्ष खड़ी हैं। वे किसी भी जिम्मेदारी या दायित्व के मामले में बेहतरीन नतीजे दे सकती हैं। मगर चाहे-अनचाहे कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें महिलाओं के खिलाफ दुराग्रह आम दिखते हैं। गौरतलब है कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने अपने भारत दौरे के क्रम में नई दिल्ली में शुक्रवार को जो संवाददाता सम्मेलन किया, उससे महिला पत्रकारों को बाहर रखा गया। जिस दौर में भारत की बहुत सारी महिला पत्रकार देश-दुनिया की मुख्यधारा की पत्रकारिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कर रही हैं, वैसे समय में किसी देश के विदेश मंत्री से सवाल करने वालों के बीच उन्हें जगह नहीं दी जाए, तो यह न केवल सामान्य औपचारिकता के खिलाफ है, बल्कि पत्रकारिता के मोर्चे पर बेहद सक्षम रही महिलाओं को कमजोर मानने की तरह है। यह संभव है कि किसी देश के दूतावास के परिसर के संदर्भ में जो नियम-कायदे लागू होते हैं, उसके मुताबिक मेजबान देश के दखल की एक सीमा होगी। मगर यह विचित्र है कि संवाददाता सम्मेलन से महिला पत्रकारों को बाहर रखने के मसले पर सरकार की ओर से कोई औपचारिक विरोध दर्ज नहीं किया गया। इस मुद्दे के तूल पकड़ने के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण जरूर जारी किया कि इस संवाददाता सम्मेलन में उसकी कोई भूमिका नहीं थी! सवालों से घिरने के बाद रविवार को मुत्ताकी के एक और संवाददाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। इसे सिर्फ गलती में सुधार की कोशिश ही कहा जा सकता है! इससे पहले के संवाददाता सम्मेलन में महिलाओं को बाहर रखने के पीछे की मानसिकता सवालों से परे नहीं हो जाती। दुनिया भर में भू-राजनीतिक तकाजों के मुताबिक रणनीतिक रूप से किसी अन्य देश के साथ संवाद और संबंध के ऐसे प्रारूप तय किए जा सकते हैं, जिससे अपने देश के हित सुनिश्चित किए जा सकें। आतंकवाद के मोर्चे पर अफगानिस्तान के साथ संवाद कायम करना भारत के हित में हो सकता है, लेकिन इस क्रम में तालिबान के वैचारिक मानदंडों या मानसिकता को जगह देना कितना सही माना जा सकता है। अफगानिस्तान में वर्ष 2021 में सत्ता में आने के बाद तालिबान की सरकार की राजनीतिक विचारधारा और सामाजिक सोच से जुड़े पूर्वाग्रह छिपे नहीं रहे हैं। खासतौर पर महिलाओं के जीवन को लेकर उसकी संकीर्णता जगजाहिर रही है। अफगानिस्तान की महिलाओं और उनके मानव अधिकारों पर चोट करने वाली तालिबान की मानसिकता पर भारत में एक ठोस विरोध रहा है। मगर तमाम प्रगतिशील मूल्यों और अपेक्षाओं को दरकिनार करके तालिबान ने अफगानिस्तान की महिलाओं की शिक्षा और नौकरी से लेकर सार्वजनिक गतिविधियों तक को नियम-कायदे बना कर नियंत्रित किया। सवाल है कि अफगानिस्तान में अपनी वैचारिक राजनीति को मनचाहे तरीके से लागू करने वाले तालिबान को भारत में वैसा कर पाने की सुविधा कैसे मिली। कायदे से संवाददाता सम्मेलन से महिलाओं को बाहर रखे जाने के मुद्दे पर सरकार से लेकर वहां गए पत्रकारों की ओर से भी आपत्ति उठनी चाहिए थी।

## गाजा में शांति पर संदेह का साया



राष्ट्रपति ट्रंप की बीस सूत्री शांति योजना पर इजरायली कैबिनेट की मंजूरी के बाद गाजा में युद्धविराम लागू हो गया है। इससे जुड़ी शांति योजना के तीन चरण हैं। जिस पहले चरण पर हमास और इजरायल सहमत हुए हैं, उसमें सबसे पहले इजरायली हमले रुकना और इजरायली सेना को गाजा के 47 प्रतिशत क्षेत्र से पीछे हटना था। साथ ही, इजरायल आतंकी हमलों और दूसरे अपराधों के आरोपों में सजा काट रहे करीब 250 फलस्तीनी कैदियों को और गाजा के उन 1700 लोगों को रिहा करेगा जो हिरासत में हैं। हमास 28 इजरायली बंधकों की पार्थिव देह सौंपेगा और इजरायल अपनी हिरासत में मरे गाजा के 15 लोगों के पार्थिव शरीर हमास को सौंपेगा। इजरायल, हमास, अरब देश और ट्रंप सभी एक-दूसरे की पीठ थपथपा रहे हैं। ट्रंप अपनी योजना को पश्चिम एशिया में स्थायी शांति का कदम बताकर नोबेल शांति पुरस्कार की आस लगाए बैठे थे। वह तो पूरी नहीं हो सकी, पर क्या वे टूटी आस की कड़वाहट को पीकर शांति योजना को सफल बनाने में पूरी शक्ति लगाएंगे? क्योंकि उनकी योजना के पहले चरण का क्रियान्वयन तो अपेक्षाकृत आसान था। हालांकि इसमें भी हमास की मांग पर रिहा होने वाले कैदियों के नामों और संख्या को लेकर रुकावटें खड़ी हो सकती हैं। इसके पूरा होने के बाद दूसरे और तीसरे चरणों की सौदेबाजी शुरू होगी। योजना के अनुसार गाजा पट्टी का पूरी तरह विसैन्यीकरण होना है। यानी हर तरह के सैनिक, आतंकी और आक्रामक ढांचे को ढहाया जाएगा, जिसमें उन सुरंगों का जाल भी शामिल है जिनका प्रयोग हमास के आतंकी अपने राकेट, गन और गोला बारूद रखने के लिए करते थे। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के आकलन के अनुसार हमास ने युद्ध के दौरान करीब 15 हजार नए लड़ाकों की भर्ती भी की थी। इजरायल चाहता है कि ये सभी सदस्य हथियार डालें और भविष्य में लड़ाई न करने का प्रण लें। हालांकि हमास की शर्त रही है कि वह स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र की स्थापना होने के बाद ही हथियार डालेगा। शांति योजना के अनुसार गाजा का प्रशासन एक शांति बोर्ड की देखरेख में फलस्तीनी विशेषज्ञों की अस्थायी समिति संभालेगी। शांति बोर्ड की अध्यक्षता खुद ट्रंप करेंगे। पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर की भी इसमें प्रमुख भूमिका होगी। फलस्तीनी प्राधिकरण में सुधार करने के बाद गाजा का प्रशासन उसे सौंप दिया जाएगा, परंतु उसमें हमास की प्रत्यक्ष या परोक्ष कोई भूमिका नहीं होगी। हमास के जो सदस्य इजरायल के शांतिपूर्ण सहअस्तित्व को स्वीकार करेंगे, उन्हें अभयदान देकर दूसरे देशों में भेज दिया जाएगा। हालांकि अभी तक हमास इजरायल के अस्तित्व को स्वीकार करने से इन्कार करता रहा है। दूसरी ओर, नेतन्याहू ने ट्रंप की शांति योजना को पूरी तरह स्वीकार भले कर लिया हो, पर वे गाजा का प्रशासन फलस्तीनी प्राधिकरण को नहीं देना चाहते। गाजा के युद्धविराम को ट्रंप पश्चिम एशिया में स्थायी शांति का पहला कदम बताते हैं, परंतु इतना वे भी जानते हैं कि फलस्तीनियों को उनका देश मिले बिना यहां कोई शांति स्थायी नहीं हो सकती। पिछली सदी के अंत तक यह संभव लगता था। इजरायल में भी काफी बड़ा जनमत इसके पक्ष में था, लेकिन जब से नेतन्याहू ने सत्ता संभाली है, अलग फलस्तीनी राष्ट्र की संभावना को सपने में बदल दिया है। फलस्तीनी चाहते हैं कि पश्चिमी किनारे और गाजा में उनका देश बने, जिसकी राजधानी पूर्वी यरूशलम हो। कहने को पश्चिमी किनारे पर फलस्तीनी प्राधिकरण का शासन है, परंतु इजरायल ने धीरे-धीरे वहां यहूदी बस्तियों का जाल बिछा दिया है, जिनमें लगभग सात लाख यहूदी बसते हैं। उन बस्तियों पर इजरायली शासन है। पश्चिमी किनारे की मात्र 18 प्रतिशत भूमि पर ही फलस्तीनी प्राधिकरण का शासन है। 22 प्रतिशत भूमि पर इजरायल और फलस्तीनी प्राधिकरण का संयुक्त शासन है और जार्डन और इजरायल से लगती शेष 60 प्रतिशत भूमि पर इजरायली शासन। यदि मानचित्र पर देखें तो पश्चिमी किनारे के शहर इजरायली भूमि पर फलस्तीनी द्वीपों जैसे लगते हैं।

## अहं, हिंसा और हम

**इस आदिम गुस्से को पहचानने के लिए थोड़ा पीछे लौटें। वर्ष 1988 की एक घटना याद करें। पटियाला में रोडरेज के बाद हृदयाघात से 50 बरस के गुरनाम सिंह की मौत हो गई थी। यह झड़प क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू के साथ हुई थी। इस मामले में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सिद्धू को दोषी पाया था। बीते साल 26 जुलाई को ग्रेटर नोएडा में रोडरेज का एक मामला सामने आया था। ग्रेटर नोएडा में कार सवार लोगों ने एक शख्स पर हमला कर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। पीड़ित शिव कुमार के सिर पर गंभीर चोट आई थी।**

रगों में दौड़ते फिरने के हम नहीं कायल, जब आंख ही से न टपका तो फिर लहू क्या है गालिब के इस शेर का रिश्ता खून-खराबे से नहीं है, पर गुस्से से जरूर है। यहां गुस्से का मतलब वह सकारात्मक जोश है जो गलत को गलत और सही को सही कहने की हिम्मत रखता है। किसी भी गलत के खिलाफ खड़े होने की वकालत करता है। पर आज गली-मुहल्ले से लेकर चौक-चौराहों तक आंखों से टपकता जो लहू दिख रहा है, वह डर पैदा करता है। अंधी आंखों के उन्माद और बंद दिमाग की सनक का यह लहू हमें जिस दिशा में बहाए लिए जा रहा है वह बेहद खतरनाक है। इसी खतरे से निपटने को आगाह कर रहा है आज का बेबाक बोल तृप्त जानवर होने से बेहतर है अतृप्त इनसान बन कर रहना। दरअसल, इनसान और जानवर के बीच मूल फर्क यही है कि तृप्त रहने की प्रवृत्ति ने जानवर को जानवर बनाए रखा और नए और बेहतर की तलाश में भटकने वाली प्रवृत्ति ने दो पैरों वाले जानवर को इनसान बनाया। गौर से देखें, तो वह इनसान ही है जिसने बाहरी प्रकृति हो या भीतरी, उसे साधने की कोशिश की, संस्कार देने की कोशिश की। संस्कार देने की ऐसी ही कोशिशों का नतीजा है कि यह देश अपने सिद्धांतों के लिए, अपने उसूलों के लिए और अपने संस्कारों के लिए प्राचीन काल से विश्व भर में जाना जाता रहा है। लेकिन हाल के दशकों में ऐसे ढेरों उदाहरण सामने आए हैं जिन्हें देख कर बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि विश्व का सबसे जवां देश गुस्से में है। और दुखद बात यह है कि यह गुस्सा बिल्कुल प्राकृतिक है। इतना प्राकृतिक कि हमें आदिम युग की याद दिलाता है। हम कहीं से 21वीं सदी के इनसान नहीं रह पाते। अभी-अभी इसी आदिम गुस्से का शिकार बने हैं दिल्ली के दंत चिकित्सक पंकज नारंग। घर के बाहर बच्चे के साथ खेल रहे थे। कुछ लोगों को तेज बाइक नहीं चलाने की सलाह क्या दी अभिमान में भरे लोगों ने उनके छोटे बच्चे के सामने पीट-पीट कर उनकी हत्या कर दी। इस



आदिम गुस्से को पहचानने के लिए थोड़ा पीछे लौटें। वर्ष 1988 की एक घटना याद करें। पटियाला में रोडरेज के बाद हृदयाघात से 50 बरस के गुरनाम सिंह की मौत हो गई थी। यह झड़प क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू के साथ हुई थी। इस मामले में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सिद्धू को दोषी पाया था। बीते साल 26 जुलाई को ग्रेटर नोएडा में रोडरेज का एक मामला सामने आया था। ग्रेटर नोएडा में कार सवार लोगों ने एक शख्स पर हमला कर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। पीड़ित शिव कुमार के सिर पर गंभीर चोट आई थी। वारदात उस समय हुई जब कुमार अपनी कार से घोड़ी बछेड़ा से डाबरी जा रहे थे। रेलवे रोड पर पायल सिनेमा के पास उनकी कार जाम में फंस गई। उसके बाद, पीछे की कारें रास्ते के लिए हॉर्न देने लगीं। जब कुमार रास्ता नहीं दे पाए तो पिछली कार से उतर कर दो व्यक्ति आए और उन्हें पीटने लगे। इससे हफ्ते भर पहले दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में रोडरेज की वारदात हुई थी। मामला ईद की रात का है, जब बाइक के टकराने को लेकर दो गुटों में पहले मारपीट हो गई। इस दौरान पास में खड़े सलमान नाम के शख्स ने मारपीट कर रहे लड़कों को अलग करने की कोशिश की। लेकिन उनमें से किसी ने सलमान को ही चाकू मार दिया और मौके से फरार हो गया। इसके बाद सलमान को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पिछले ही साल 10 मई की सुबह तकरीबन 10 बजे दिल्ली में हुए रोडरेज में डीटीसी के बस ड्राइवर की मौत हो गई। यह वारदात तब हुई जब डीटीसी की बस कर्मपुरा से बहादुरगढ़ की तरफ जा रही थी। उसी दौरान बस की टक्कर बाइक से हो गई। बाइक सवार अपनी मां के साथ जा रहा था। उसने गुस्से में बस ड्राइवर अशोक को नीचे उतारा और पीटने लगा। इतने में उसने बस के अंदर रखा आग बुझाने वाला सिलेंडर निकाल लिया और उससे ड्राइवर पर हमला कर दिया। ड्राइवर की छाती पर गंभीर चोट आई। उसे पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बीते साल दिल्ली में छह अप्रैल की रात करीब 11.30 बजे शाहनवाज को कुछ कार सवार लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला, केवल इसलिए कि शाहनवाज की बाइक आरोपियों की कार से टकरा गई थी। वारदात के वक्त शाहनवाज अपनी मां के घर से अपने दूसरे घर जा रहा था और साथ में उसके दोनों बेटे भी थे। शाहनवाज के बेटों ने बताया था कि उनके पिता की बाइक एक आई-10 कार से मामूली रूप से टकराई।



फेस्टिव सीज़न में क्या पहनना है?

# राशि खन्ना हैं आपकी परफेक्ट स्टाइल गाइड!

त्योहारों का मौसम शुरू होते ही सबकी नजरें पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना पर टिकी हैं, जिनका बेमिसाल एथनिक वॉर्डरोब स्टाइल इंस्पिरेशन से कम नहीं। हवादार कुर्ता सेट से लेकर शाही साड़ियों और खूबसूरत लहंगों तक, राशि हमें दिखाती हैं कि कैसे पारंपरिक फैशन को ग्रेस, ग्लैमर और मॉडर्न ट्विस्ट के साथ अपनाया जा सकता है। यहाँ हैं उनके कुछ सबसे खूबसूरत फेस्टिव लुक्स, जो आपके अपने फेस्टिव स्टाइल गेम को एक नया आयाम देंगे। गुलाबी रंग में सुंदर- वाइब्रेंट कुर्ता चिक राशि ने इस लुक में सादगी और शान का परफेक्ट मेल पेश करती हैं – फ्यूशिया पिंक कुर्ता सेट, जिस पर नाजुक कढ़ाई की गई है। ट्रेडिशनल जुत्तियों और स्टेटमेंट इयररिंग्स के साथ यह लुक उतना ही सहज है जितना कि एलीगेंट। पारिवारिक समारोहों, पूजा या छोटे फेस्टिव गेट-टुगेदर्स के लिए यह एकदम परफेक्ट चॉइस है। राशि का यह मस्टर्ड कुर्ता लुक सादगी और एलिगेंस का एक बेहतरीन उदाहरण है। सफेद धागों की कढ़ाई और पारंपरिक चूड़ियाँ इसमें एक नर्म आकर्षण जोड़ती हैं, जो दिन के उत्सवों या कैजुअल फेस्टिव इवेंट्स के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है।

### ➢ साड़ी ग्लैमरः आइवरी एलिगेंस

जो लोग सदाबहार पारंपरिक लुक को पसंद करते हैं, उनके लिए राशि की आइवरी सिल्क साड़ी और कंट्रास्टिंग पिंक ब्लाउज़ एकदम परफेक्ट हैं। गजरे से सजा जूड़ा, स्टेटमेंट ज्वेलरी और मिनिमल मेकअप पुराने ज़माने की खूबसूरती का एहसास देते हैं – फेस्टिव डिनर या सांस्कृतिक समारोहों के लिए यह एक क्लासिक चॉइस है।

### ➢ रीगल रेडियंसः ऑलिव-गोल्ड साड़ी स्टेटमेंट


राशि की तरह बोल्ड और सोफिस्टिकेटेड स्टेटमेंट दें इस डैज़लिंग ऑलिव-गोल्ड साड़ी में, जिसे उन्होंने डीप-कट एम्बेलिश्ड ब्लाउज़ के साथ पेयर किया है। यह लुक पारंपरिक कारीगरी और मॉडर्न स्टाइल का शानदार संगम है – भव्य पारिवारिक आयोजनों या फेस्टिव पार्टियों के लिए एकदम उपयुक्त है।

### ➢ फेस्टिव ड्रीमः ग्रीन और पिंक लहंगा लव

जब फेस्टिव मूड अपने चरम पर हो और आप कुछ नया ट्राय करने का मन हो, तो राशि का यह ग्रीन और पिंक लहंगा तोरानी डिज़ाइनर का सबसे खास त्यौहारी आकर्षण है जो किसी शोस्टॉपर से कम नहीं। बारीक डिटेलिंग, रिच कलर्स और पारंपरिक ज्वेलरी के साथ यह लुक शादियों, रिसेप्शन या दीवाली पार्टीज़ के लिए परफेक्ट है।

# सोनू सूद फिर जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए

**अपनी** अटूट करुणा और संवेदनशीलता की एक और दिल छू लेने वाली मिसाल पेश करते हुए अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद एक बार फिर एक जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए। एक सोशल मीडिया यूजर ने उन्हें एक मैसेज भेजा, जिसमें याद दिलाया गया कि सोनू सूद पंजाब की बाढ़ के समय इसी परिवार से मिले थे। संदेश में लिखा था –सोनू सूद भाई, आप इस परिवार से पंजाब बाढ़ के समय मिले थे। कृपा करके इन्हें मदद करें। करोड़ों लोगों की मदद की है आपने। ?? सूद फाउंडेशन अपने 'एक्शन मैन' वाली पहचान को साबित करते हुए सोनू सूद ने तुरंत इस अपील का जवाब दिया। बिना किसी देरी के उन्होंने भरोसा दिलाया कि मदद पहले से ही चल रही है, और जवाब दिया, इलाज शुरू करवा दिया है। सब दुआ करते रहें। उनकी प्रतिक्रिया की सरलता और तत्परता ने एक बार फिर संकटग्रस्त लोगों के प्रति उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण और सच्ची प्रतिबद्धता को उजागर किया। सोनू के लिए, परोपकार एक दिखावा नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। पिछले कुछ वर्षों में, सोनू सूद देश भर के अनगिनत लोगों के लिए आशा और मानवता के प्रतीक बन चुके हैं। चाहे चिकित्सा सहायता दिलवाना हो, आर्थिक मदद पहुँचानी हो या आपदाग्रस्त परिवारों को संभालना – उनकी संस्था सूद फाउंडेशन के माध्यम से किए गए निरंतर प्रयास आज भी लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। एक बार फिर, उनके काम ने यह साबित कर दिया कि असली हीरो वही होता है जो संवेदना और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ता है।





# पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचे सुनील शेट्टी

**पर्सनैलिटी** राइट्स की सुरक्षा के लिए बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक्टर ने कोर्ट से मांग की है कि बिना अनुमति के उनके फोटो का इस्तेमाल जुए की साइट्स, बिजनेस साइट्स और कई गलत जगहों पर किया जा रहा है, ऐसे में उन्हें पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा दी जाए। सुनील शेट्टी के वकील, वरिष्ठ एडवोकेट बिरेन्द्र सराफ ने कहा कि सुनील शेट्टी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और उनकी बिना इजाजत के उनकी तस्वीरें, वीडियो और डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल अलग-अलग बिजनेस साइट्स कर रही हैं। ज्यादा तस्वीरें और वीडियो का इस्तेमाल प्रोडक्ट के विज्ञापन और सेल को बढ़ाने में किया जा रहा है, जिससे ऐसा लगता है कि शेट्टी इन ब्रांड्स या सेवाओं से जुड़े हैं, जबकि हकीकत में उनका उन ब्रांड से कोई लेना-देना नहीं है। इससे दर्शकों के बीच एक्टर की छवि को लेकर गलत मैसेज जाता है। सुनील शेट्टी की तरफ से दायर की गई याचिका में डीपफेक फोटो का भी जिक्र है।

# चंदू चैंपियन के लिए कार्तिक आर्यन को मिला सम्मान

● गौतम अडानी ने सम्मानित किया, सुभाष घई बोले- एक्टर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम




**मुंबई के व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल में शुक्रवार को आयोजित Celebrate Cinema 2025 के समापन समारोह में इंडस्ट्री के कई दिग्गज एक मंच पर नजर आए। इस मौके पर अडानी ग्रुप चेयरमैन गौतम अडानी ने अभिनेता कार्तिक आर्यन को फिल्म चंदू चैंपियन के लिए सम्मानित किया। मंच पर डॉ. प्रीति अडानी, सुभाष घई, राजकुमार हिरानी, जैकी श्रॉफ और महावीर जैन भी मौजूद रहे। इस मौके पर सुभाष घई ने बताया कि कार्तिक का फिल्म चंदू चैंपियन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम है।**

समापन समारोह के दौरान अडानी ने सॉफ्ट पावर ऑफ सिनेमा पर बात करते हुए कहा कि सिनेमा सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि देश की पहचान और भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा - अब वक्त है कि भारत की कहानी भारतीय नजरिए से दुनिया तक पहुंचे।‚ह्व तकनीक पर बात करते हुए अडानी ने कहा कि‚ह्व से डरने के बजाय उसे अपनाना चाहिए, क्योंकि यही फिल्ममेकिंग का भविष्य है।

गौतम अडानी से सम्मानित होने के बाद कार्तिक आर्यन ने कहा, सर, आपकी स्पीच मेरी जिंदगी की सबसे प्रेरणादायक स्पीच में से एक थी। मैं‚ह्व से डरता था, लेकिन आपने मेरी सोच बदल दी।'' उन्होंने व्हिसलिंग वुड्स को देश का श्रेष्ठ फिल्म स्कूल बताया और सुभाष घई को अपने करियर का अहम मार्गदर्शक कहा। सुभाष घई ने भावुक होकर कहा- बहुत कम लोग जानते हैं कि कार्तिक मेरी फिल्म कांची के हीरो थे और छह महीने तक मेरे असिस्टेंट डायरेक्टर भी रहे। चंदू चैंपियन उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम है। राजकुमार हिरानी ने अडानी के भाषण को शोले की स्पीच जैसा ऐतिहासिक बताया और कहा कि सिनेमा की सॉफ्ट पावर उसकी सच्चाई में है।

इंटरनेशनल म्यूज़िक फेस्टिवल अनटोल्ड

# दुबई 2025 में ग्लोबल स्टार नोरा फतेही मुख्य होंगी आकर्षण



**ग्लोबल** स्टार नोरा फतेही एक बार फिर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह दुनिया के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित म्यूजिक फेस्टिवल्स में से एक UNTOLD दुबई 2025 के स्टार-स्टडेड लाइनअप में शामिल होंगी। यह फेस्टिवल 6 से 9 नवम्बर तक एक्सपो सिटी दुबई में आयोजित होगा, जहां नोरा, जे बाल्विन, मार्टिन गैरिक्स और एलन वॉकर सहित विश्व के कुछ सबसे बड़े संगीत हस्तियों के साथ मंच साझा करेंगी। यह फेस्टिवल, जो अपनी भव्य प्रस्तुति, विविध कलाकारों की मौजूदगी और अद्भुत अनुभव के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है, इस वर्ष अपने शानदार अंदाज़ में वापसी कर रहा है, और नोरा का मुख्य परफॉर्मेंस इस फेस्टिवल की सबसे बड़ी आकर्षणों में से एक होने वाली है। दर्शक उम्मीद कर सकते हैं एक हाई-एनर्जी प्रस्तुति की, जिसमें नोरा की सिग्नेचर डांस एनर्जी, पॉप स्टाइल और इंटरनेशनल साउंड का अनोखा संगम देखने को मिलेगा – जो एक ग्लोबल परफॉर्मर के रूप में नोरा के विकास को दर्शाता है। ओह मामा! टेटेमा और स्नेक जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट्स से लेकर जेसन डेरुलो और रेवनी के साथ ग्लोबल कोलैबोरेशन तक, और अब जल्द ही रिलीज होने वाली सॉन्ग शेनसीया के साथ उनके बहुप्रतीक्षित आगामी अंतर्राष्ट्रीय पॉप सिंगल जस्ट अ गर्ल तक, नोरा फतेही संगीत और प्रदर्शन के माध्यम से संस्कृतियों को जोड़ती रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो चुका है, जो उनके बढ़ते वैश्विक प्रभाव और सफलता में एक और उपलब्धि जोड़ता है, क्योंकि वह हर रिलीज के साथ ग्लोबल चार्ट और चर्चाओं पर हावी रहती हैं।

# 60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी की सफाई

**मुंबई** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ दर्ज 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में पिछले सप्ताह शिल्पा शेट्टी का बयान दर्ज किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार, शिल्पा शेट्टी ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने बेस्ट डील टीवी से 4 करोड़ रुपए लिए, लेकिन यह रकम किसी निवेश या कारोबारी सौदे की नहीं थी, बल्कि उनकी सेलिब्रिटी फीस थी। शिल्पा शेट्टी ने जांचकर्ताओं से कहा कि मैं बेस्ट डील टीवी की डायरेक्टर जरूर थी, लेकिन जिन 4 करोड़ रुपए की बात हो रही है, वो मैंने कंपनी के प्रचार और विज्ञापन के लिए बतौर सेलिब्रिटी लिए थे। मैंने उस प्लेटफॉर्म पर एक विज्ञापन अभियान में हिस्सा लिया था, जिसके एवज में मुझे भुगतान किया गया। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शिल्पा शेट्टी ने कंपनी से जनवरी 2016 में अपने डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, जिस कंपनी में वे डायरेक्टर थीं, उसी से पैसे लेने का मामला अब जांच के दायरे में है। यह सही है या गलत, यह अभी सब्जेक्ट टू इंटरप्रिटेशन है। अधिकारी ने आगे कहा कि जांच के दौरान कंपनी से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल में एक और अहम जानकारी सामने आई है। शुरुआती चरण में इस कंपनी में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार भी इक्विटी होल्डर रह चुके हैं। हालांकि, अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में अक्षय कुमार का कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं पाया गया है। अक्षय कुमार ने कभी भी कंपनी की किसी बोर्ड मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया और न ही वे कंपनी के रोजमर्रा के कार्यों से जुड़े थे। बता दें कि शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा पर व्यवसायी दीपक कोठारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। कोठारी का दावा है कि दंपति ने मिलकर उनका पैसा व्यवसाय में विस्तार करने के लिए कर्ज के तौर पर लिया था, लेकिन टैक्स को लेकर दोनों ने इसे निवेश के तौर पर दिखाने के लिए कहा। कोठारी ने शिकायत में यह भी कहा कि शिल्पा ने उनसे वादा किया था कि वह ब्याज की रकम भी टाइम पर लौटाएंगी, लेकिन पैसे वापस करने के समय शिल्पा ने कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया। एक्ट्रेस ने व्यवसाय में विस्तार के नाम पर पैसे लिए, लेकिन अपने निजी चीजों में खर्च कर दिए।



# अश्लीलता वाली फिल्मों की मंजूरी पर जावेद अख्तर ने उठाया सवाल

दोहरे अर्थ वाले गानों के बारे में भी की बात



**गीतकार** जावेद अख्तर ने फिल्मों की सेंसरशिप पर अपनी राय रखी है। उन्होंने दोहरे अर्थ वाले गानों के बारे में भी बात की है। आइए जानते हैं उनके विचार। मशहूर गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों की सेंसरशिप पर बात रखी है। उन्होंने इस बात पर निराशा जताई है कि समाज की वास्तविकता को दर्शाने वाली फिल्मों को भारत में सेंसरशिप का सामना करना पड़ता है, जबकि अश्लीलता से भरपूर फिल्मों को मंजूरी मिल जाती है।

### अश्लील फिल्मों को मिलती है मंजूरी

शुक्रवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए, अख्तर ने कहा कि खराब दर्शक ही एक खराब फिल्म को सफल बनाते हैं। अनंतरंग 2025 के प्रोग्राम में बोलते हुए उन्होंने कहा इस देश में, सच्चाई यह है कि अश्लीलता को (फिल्म नियामक संस्थाओं से) मंजूरी मिल जाती है। उन्हें पता ही नहीं है कि ये गलत मूल्य हैं, एक पुरुषवादी दृष्टिकोण है जो महिलाओं को अपमानित करता है। जो चीजें समाज को आईना दिखाती हैं, उन्हें मंजूरी नहीं मिलती।

### फिल्में समाज की खिड़की हैं

जावेद अख्तर ने कहा फिल्म समाज की एक खिड़की होती है, जिससे आप झांकते हैं, फिर खिड़की बंद कर देते हैं, लेकिन खिड़की बंद करने से जो हो रहा है, वह ठीक नहीं हो जाएगा। उन्होंने कहा पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य की वजह से ही ऐसी फिल्में बन रही हैं। अगर पुरुषों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो जाए, तो ऐसी फिल्में नहीं बनेंगी। अगर बन भी जाएंगी तो (सिनेमाघरों में) नहीं चलेंगी।

साभार एजेंसी

## नगर परिषद शिविर में शहर की आवारा पशुओं की समस्या पर ज्ञापन दिया गया

जयपुर टाइम्स

**मकराना**(निसं)। माताभर रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्कूल में आज नगर परिषद मकराना द्वारा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नागरिकों से शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए। शिविर में मोहम्मद फारूक सोलंकी, वार्ड 41 पार्षद शहादत अली भाटी तथा समाजसेवी नईमुद्दीन भाटी ने संयुक्त रूप से शहर में बढ़ते आवारा पशुओं और कुत्तों के प्रकोप को लेकर नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि माताभर रोड ठाकुर साहब की आखली से लेकर सदर बाजार, मिण्डाकिया रोड, श्रीनाथ स्कूल तथा नया दारूलूम क्षेत्र में आवारा कुत्तों और पशुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे विशेषकर स्कूल आने-जाने वाले बच्चों में भय का माहौल बना हुआ है। जनप्रतिनिधियों ने नगर परिषद से आग्रह किया कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि नागरिकों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## यातायात पुलिस ने निकाली सड़क सुरक्षा नियमों की जागरूकता रैली



जयपुर टाइम्स

(निसं)।सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिला यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों की यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इंदिरा गांधी स्टेडियम से पुलिस उपाधीक्षक मुनेश मीना ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया । उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक की दिशा निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन कराये जा रहे हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि जब तक वह 18 वर्ष की आयु पूर्ण न कर लें तब तक वाहन ना चलाएं और अपने अभिभावकों को भी यातायात नियमों के प्रति सजग और जागरूक करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला पुलिस द्वारा आयोजन कराया जा रहे हैं। इस अवसर पर यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य भावी पीढ़ी को यातायात नियमों के प्रति सजग करना है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा जयंती को लेकर विद्यालय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है । वाहन चालकों के साथ समझाइश की जा रही है तथा उन्हें यातायात नियमों के लिए प्रेरित किया जा रहा है । विभाग द्वारा रैली में जिला फुटबाल संघ जिला हॉकी संघ व जिला बैडमिंटन व क्रिकेट के खिलाड़ियों ने भागीदारी निभाई।

## पत्रकार को फोन पर जान से मारने की धमकी



### पुलिस को शिकायत कर की कार्रवाई व सुरक्षा की मांग

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां**(निसं)। कस्बा निवासी पत्रकार कपिल विजयवर्गीय द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए अनुराग मेहर पिता उमाशंकर मेहर निवासी बिजौलियां हाल मुकाम जयपुर के खिलाफ थाने में परिवाद दिया गया। इस दौरान मौजूद उपखंड क्षेत्र के सभी पत्रकारों ने रोष प्रकट करते हुए बिजौलियां थानाधिकारी उगमाराम सैनी से ठोस कार्रवाई और पत्रकार कपिल को सुरक्षा दिए जाने की मांग की गई। पत्रकार कपिल विजयवर्गीय ने बताया कि बीती रात लगभग 11 बजे अनुराग मेहर द्वारा दो बार मोबाइल से कॉल कर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए काम तमाम करने और घर व दुकान के विद्युत मीटर में छेड़छाड़ कर आग लगाने की धमकी दी गई।पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। इस दौरान पत्रकार नरेंद्र जैन, श्याम विजय , जगदीश सोनी , घनश्याम पाराशर, गिरधर पाराशर, ललित चावला, सुरेश राठौर, बलवंत जैन , दीपक राठौर, अर्जुन धाकड़ , मानव तिवारी, नरेश धाकड़ , आदर्श सोनी , रमेश गुर्जर व रवि अहीर मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को बताया जीवन में योग का महत्व



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां**(निसं)।। आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में योगाचार्य सुरेश पालीवाल द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में योग का महत्व बताते हुए भ्रामरी प्राणायाम, सूर्य नमस्कार,ओम का उच्चारण,पतंजलि अष्टांग योग, यम-नियम-ध्यान, आसन, धारणा व समाधि के बारे में बताते हुए कहा कि योगों के अभ्यास व सकारात्मक सोच से आयु ,प्रज्ञा ,बल ,वीर्य तथा तेज बढ़ता हैं।योगाचार्य का पूर्व आर्मी ऑफिसर चंद्रदीप सिंह राजोरा , पूर्व विद्यालय समिति संरक्षक दिलदार सिंह राजोरा,समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ब्रह्मभट्ट, प्रधानाचार्य मिठू लाल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा व केदार जोशी ने तिलक लगाकर, दुपट्टा व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

# जाखानगर हाईवे के पास उपजिला अस्पताल के लिए भूमि पूजन नहीं होने देंगी कांग्रेस- हरिशंकर मेवाड़ा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर**(निसं)।। उपजिला अस्पताल की भूमि आवंटन के मामले में केबिनेट मंत्री पर हमलावर हुई कांग्रेस पार्टी लगातार इस मुद्दे पर विरोध जता रही है। सोमवार को पुनः इस मामले में कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यक्रताओ ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भूमि आवंटन शहर के करीब अन्यत्र जगह करने की मांग की। कांग्रेस प्रत्याशी मेवाडा ने कहा कि उपजिला अस्पताल के लिए जाखानगर से गुजरते हाईवे के पास भूमि का आवंटन किया गया है वो पूरी तरह से गलत है। इसे लेकर पूरे क्षेत्र में आमजन में भारी रोष है। कांग्रेस पार्टी आमजन के हित में लगातार भूमि आवंटन की जगह शहर के करीब अन्यत्र जगह पर शिफ्ट करने को लेकर लगातार अपना विरोध जता रहे है लेकिन, ऐसा लगता है कि प्रशासन और कैबिनेट मंत्री अपनी जिद पर अड़े हुए है। इन्हें आमजन को होने वाली असुविधा से कोई मतलब नहीं है,लेकिन अब इस मामले में कांग्रेस पार्टी अपना विरोध तेज करेगी। युवा कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश राजपुरोहित ने कहा कि अगर सरकार और प्रशासन ने अपना हठ त्यागकर आमजन के हित में उपजिला अस्पताल की जगह शिफ्ट नहीं की तो इसे लेकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि इसके बावजूद भी अगर उसी जगह पर उपजिला अस्पताल के निर्माण का प्रयास किया तो हम पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाडा के नेतृत्व में जाखानगर हाईवे पर भूमि पूजन नहीं होने देंगे व कैबिनेट मंत्री को काले झंडे दिखायेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले में अब कांग्रेस पार्टी आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नेपाल सिंह पावा,वरिष्ठ कांग्रेसी जय सिंह सोकड़ा,नेता प्रतिपक्ष चतराराम मेघवाल,मुकेश बारोलिया, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजेंद्र सिंह जाखोड़ा,नगर उपाध्यक्ष शैतान कुमार,हरीश मीणा बाला,युका प्रदेश महासचिव डूंगरदास वैष्णव,युका जिला उपाध्यक्ष गोविंद मेघवाल,पार्षद नरेश कुमावत,भरत बोराणा,कैलाश गोयल,नगर महासचिव लखन मीणा,उपाध्यक्ष कमलेश चोहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।




## सही पोषण से स्वस्थ राष्ट्र निर्माण की ओर- बाड़ी में मनाया गया पोषण माह का आठवां चरण

जयपुर टाइम्स

**बाड़ी** (निसं)।जिला कलक्टर श्री निधि बी.टी., भूपेश गर्ग आईसीडीएस अधिकारी धौलपुर के निर्देशन में ब्लॉक बाड़ी अंतर्गत पोषण माह का सैक्टर स्तरीय कार्यक्रम आज दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को राजकीय बालिका नवीन विद्यालय, बाड़ी में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) बाड़ी अर्पित श्रीवास्तव ने की।कार्यक्रम के दौरान परिक्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रंगोली निर्माण, रेसिपी प्रदर्शन एवं स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने का संदेश देकर जनजागरूकता का संदेश दिया। यह पोषण माह का आठवां चरण था, जिसकी थीम "सही पोषण - स्वस्थ जीवन" रखी गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि कुपोषण केवल पोषक तत्वों की कमी नहीं बल्कि आज के समय में अति पोषण यानी मोटापे की समस्या भी इसका एक रूप है, जिसे संतुलित आहार और नियमित जीवनशैली से नियंत्रित किया जा सकता है। महिला पर्यवेक्षक रेखा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें प्रोसेस्ड एवं पैक्ड खाद्य पदार्थों से बचते हुए पारंपरिक भोजन को प्राथमिकता देनी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य पप्पूसिंह रावत ने अपने विचार साझा करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की भूमिका की सराहना की तथा कहा कि महिलाएं ही राष्ट्र के विकास की मूल आधारशिला हैं।



कार्यक्रम के दौरान पूजा कुमारी की गोद भराई एवं विकेश के बच्चे का अन्न प्राशन संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक पुष्पेन्द्र सिंह, ब्लॉक समन्वयक, नितिन कुमार, महिला पर्यवेक्षक रेखा शर्मा रेनू, एलडीसी राहुल शर्मा, रवीना खान, बलवीर सिंह मीणा, लता देवी सहित बाड़ी शहर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## राजाखेड़ा विद्युत विभाग द्वारा बकाया राशि पर उतारे ट्रांसफार्मर

जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा**(निसं)। अधिशासी अभियंता विवेक शर्मा के निर्देशन में उपखंड राजाखेड़ा में सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने अपनी टीम के साथ आज दिनांक 13/10/25 दिन सोमवार को उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं पर कार्यवाही की गई जिसमें 11 केवी फीडर माता रहना वाली , नादौली,मच्छरिया, भगपुरा और हथवारी से 8 ट्रांसफार्मर करीब 7.8 लाख की बकाया पर उतार कर स्टोर कार्यालय में जमा किए गए तथा 62000 हजार रुपए के बिल मौके पर ही जमा किए गए। मौके पर मौजूद लोगों से तिवारी ने अपील की वे अपना बिल समय से जमा करे जिस से विभाग का घाटा न हो और उपभोक्ताओं को नियमित 24 घंटे विद्युत की निर्बाधित रूप से सप्लाई दी जा सके।इसके साथ सहायक अभियंता ने लोगों को राजस्थान सरकार की महती मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी की किस तरह आप को 150 यूनिट्स मुफ्त मिल सकती हैं इसके लिए आप को अपने स्मार्ट मोबाइल से बिजली मित्र ऐप डाउनलोड करना होगा उस पर जाकर 150 यूनिट्स मुफ्त सोलर योजना में अपना रजिस्टेशन करना होगा।तथा मौके पर मौजूद कई लोगों के रजिस्टेशन किए गए। नई योजना का लोगों ने स्वागत किया और उस में रुचि दिखाई। कार्यवाही टीम में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा, कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड के साथ साथ वरिष्ठ टेक्निशियन भूदेव शर्मा,नवल सिंह जाट,धर्मेंद्र सिंह,जगदीश सिंह,इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।




## धौलपुर नगर परिषद पर लापरवाही के आरोप, 264 करोड़ की डीपीआर बिना स्वीकृति के ही दिखाई गई पूर्ण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर** (निसं)।नगर परिषद धौलपुर पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगे हैं। मुस्कान सोसाइटी के सचिव अमित जादौन ने बताया कि 264 करोड़ रुपये की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) बिना स्वीकृति के ही "पूरा कर दिया गया" दिखाया गया है, जबकि धरातल पर स्थिति बेहद भयावह है। उन्होंने बताया कि जिले की 66 कॉलोनियों के करीब 7,000 मकानों में 80,000 से अधिक नागरिक जलभराव, सीवर ओवरफ्लो और गंदगी की समस्या से जूझ रहे हैं। नालों की सफाई नहीं होने और पेयजल लाइन में लीकेज के कारण गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा है। जादौन ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार को भेजी गई हजारों परिवेदनाएं अब भी निस्तारण की प्रतीक्षा में हैं। गृह मंत्रालय भारत सरकार के सचिव गोविंद मोहन द्वारा भेजे गए एक परिवाद को भी "जादुई करिश्मा" दिखाकर निपटा दिया गया। उन्होंने कहा कि पटवारी स्तर से लेकर आयुक्त नगर परिषद तक फाइलों में यह दिखाया गया कि अधिकांश कॉलोनियों की समस्या का समाधान हो गया है और स्थायी समाधान हेतु डीपीआर भेज दी गई है, जबकि वास्तविकता इसके विपरीत है। मुस्कान सोसाइटी ने गृह मंत्रालय को GPS कैमरे से ली गई 112 तस्वीरों सहित प्रमाण भेजे हैं और राजस्थान सरकार से विशेष जांच दल गठित कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। अमित जादौन ने कहा कि शहरी सेवा शिविरों के बावजूद जलभराव की स्थिति जस की तस है और भ्रष्टाचार के आरोपों से नगर परिषद की छवि और भी धूमिल हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र को अब हस्तक्षेप कर जनजीवन के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोकना चाहिए ताकि प्रधानमंत्री के सुशासन के संकल्प की सार्थकता बनी रहे।

## संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर**(निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में एआईसीसी पर्यवेक्षक नदीम जावेद ने होटल रेड स्टोन में पत्रकारों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और पार्टी की विचारधारा को जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि पिछले चार दिनों से ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन संवाद किया जा रहा है। अब तक लगभग 20 लोगों ने जिला अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया है, जिनमें चार महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह विविधता कांग्रेस की ताकत को दर्शाती है। जावेद ने कहा कि 20 अक्टूबर तक संवाद प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और प्रदेश नेतृत्व की राय के बाद 30 अक्टूबर तक अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक अजीत यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा, प्रवक्ता धनेश जैन और पंकज तिवारी उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता में राजाखेड़ा विधायक रोहित वोहरा ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और राजस्थान को "बीमारू राज्य" बना दिया है। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कर्मचारियों के वेतन और किसानों को खाद-यूरिया वितरण में गंभीर समस्याएं गिनाईं। वहीं धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा भी इस मौके पर मौजूद रहीं। अंत में जावेद ने कहा कि 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस राजस्थान में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी, क्योंकि जनता कांग्रेस की नीतियों और कार्यशैली पर भरोसा करती है।



### मानवता का मिशन

## झिरी हादसे के पीड़ित परिवारों की मदद के लिए 400 लोगों ने जुटाए 4.51 लाख रुपये



जयपुर टाइम्स

**किशोरी (धौलपुर)** नैहड़ा क्षेत्र में झिरी हादसे के पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए चलाया गया सोशल मीडिया सहायता मिशन मानवता की मिसाल बन गया। 24 सितंबर को झिरी गांव के पास अवैध खनन में लगे डंपर ने मैजोड़ गांव के चार लोगों को कुचल दिया था, जिसमें तीन की मौके पर और एक की जयपुर अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। दुर्घटना के बाद नैहड़ा क्षेत्र कर्मचारी संघ और ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर एक सहायता समूह बनाया, जिसके माध्यम से लोगों ने स्वैच्छिक सहयोग देना शुरू किया। इस मिशन में कुल 400 लोगों ने 4.51 लाख रुपये की सहायता राशि एकत्रित की। इसमें से कर्मचारी संघ का योगदान 3 लाख रुपये और शेष 1.5 लाख रुपये क्षेत्र के दानदाताओं का रहा। सहायता राशि में से तीन मृतकों की माताओं और एक की धर्मपत्नी के नाम से एक-एक लाख रुपये की एफडी करवाई गई, जबकि बाकी राशि चारों परिवारों में समान रूप से बांटकर उन्हें सौंप दी गई। सोमवार शाम को आयोजित समारोह में यह सहायता राशि प्रबुद्ध जनों द्वारा उनके घर पहुंचकर प्रदान की गई। मिशन के समापन अवसर पर रामशरण मीना, मूलचंद मीना, नौरता राम, विश्राम, विद्यासागर, नानगराम, विक्रम सहित मैजोड़ गांव के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अभियान ने क्षेत्र में करुणा, एकजुटता और सामाजिक सहयोग की अनूठी मिसाल पेश की।

## श्री राम कथा के चौथे दिन व्यास पीठ पर विराजमान धर्मदास महाराज ने बताया कि मनुष्य को गोविंद से निवेदन करते रहना चाहिए

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ**(निसं)। नवलगढ के मोरारका मेरीज गार्डन में आयोजित रामकथा में व्यास पीठ पर विराजमान धर्मदास महाराज ने बताया कि मुझे अपने से दूर मत करना भगवान शंकर पार्वती से कहते हैं भगवान राम अयोध्या वासियों को जो नहीं चल सकता उसे चलाने का समर्थ रखता है। महाराज ने बताया कि राम कथा में जाएं या चार धाम में जाएं भागवत कथा में जैन तीर्थ में जाए या शिव पुराण की कथा में जाएं वहां अपने आप को भगवान को समर्पित करके जाना चाहिए । महाराज ने बताया कि माया का बंधन केवल गोविंद ही छुड़ा सकता है इसके बिना कोई भी नहीं छुड़ा सकता अगर भगवान से प्रेम नहीं तो चाहे कितने भी हवन कथा तीर्थ कर लो सब बेकार है। महाराज ने बताया संतों के लक्षण जैसे बाहर है वैसा ही अंदर होगा भगवान की अतिरिक्त संत किसी को नहीं जानता संतों के पास केवल गोविंद नाम होता है। महाराज ने कथा में बताया कि दशरथ व कौशल्या भगवान के बाल रूप में पागल हो गए भगवान बाल रूप में कौशल्यावर दशरथ को विभिन्न खेलकूद दिखाते हैंद्य महाराज ने बताया कि भगवान कहते हैं जब-जब धर्म की हानि होगी तब तब मैं धरती पर मनुष्य का रूप धारण करके धरती की रक्षा करने धरती पर अवश्य आऊंगाद्य महाराज ने बताया कि चारों भाइयों में भगवान राम भरत को ब्रह्म मुहूर्त में जागते हैं और उनको समझते हैं अगर ब्रह्म को पाना है तो आपको ब्रह्म मुहूर्त में जागना होगाद्य जैसे पत्थर के छूने से पत्थर नारी बन जाता हैद्य कथा में महाराज ने बताया कि विश्वामित्र संतो को कहते हैं कि राक्षसों को आतंक से आप घबराओ मत भगवान ने अवतार ले लिया है निश्चय ही हरि ही मारेगा इन राक्षसों को और विश्वामित्र अयोध्या की ओर दशरथ के दरबार में राम को लेने रवाना हो गए दरबार के सामने दशरथ जी विश्वामित्र जी को देखते ही अपना स्थान छोड़कर विश्वामित्र के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया । बाबा तुलसीदास ने बताया जग में सुंदर दो ही नाम राम कहो या श्याम कथा में मुख्य यजमान राजू कोलसियावाला ने सपत्नीक, भारत मुरारकानी से पत्नी पूजन किया पंडित दयाराम शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन करवाया इस अवसर पर रेलवे सलाहकार सदस्य मुरली मनोहर चौबदार विशाल पंडित बनवारी लाल कोलसियावाला रमेश कुमार यादव सुरेश शर्मा अखिलेश शर्मा राजू कोलसियावाला, संतोष चतुर्वेदी, छगनलाल सेन, कैलाश डोकवाल, विश्वनाथ शर्मा प्रोफेसर गिरधारी लाल नरोत्तम चोटिया विजय कुमार बागवान कुसुम थलिया, हरि सिंह,बनवारी लाल,ताराचंद ट्रेलर,बजरंग लाल मारोठिया,लक्ष्मीकांत डोकवाल ,सज्जन जोशी श्रीकांत पारीक ललित शर्मा केरुवाला एडवोकेट चंद्रकांत शर्मा अर्जुन लाल सैनी गणेश शर्मा अवधेश शर्मा सुरेश कुमावत अभिनेष शर्मा संतोष मुरारका राजकुमारी देवी गायत्री देवी मंजू देवी संतोष सैन ग्यारसी देवी, बाला देवी पोद्दार मंजू देवी सिंगरोदिया सुमन सैनी मंजू यादव मुनीम सैनी कांटा सैनी परमेश्वरी देवी अंकित सैनी, सहित आदि श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही महाराज श्री ने बताया कि रविवार को राम कथा में भगवान राम का जन्म की कथा का वचन होगा।



# धार्मिक यात्रा ने बढ़ाई आस्था और सौहार्द: आर्या विद्यालय परिवार ने किया धामों का दर्शन

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस.)।** शहर के अशोक स्तंभ के पास स्थित प्रतिष्ठित आर्या पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संपूर्ण विद्यालय परिवार ने विद्यालय के संरक्षक अंबिका प्रसाद हारित के नेतृत्व में कार्तिक मास के पावन अवसर पर एक भव्य धार्मिक यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा जीण माता मंदिर, रैवासा धाम, शाकंभरी माता धाम और लोहार्गल धाम तक संपन्न हुई। इस यात्रा का उद्देश्य सौहार्द, स्वास्थ्य एवं सभी के मंगल की कामना करना रहा।विद्यालय के संरक्षक अंबिका प्रसाद हारित ने कहा कि धार्मिक यात्राएं न केवल आत्मिक शांति और ऊर्जा प्रदान करती हैं, बल्कि एकजुटता और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक होती हैं। आर्या विद्यालय परिवार निरंतर इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों और स्टाफ में सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का संचार करता रहेगा। इस यात्रा में विद्यालय की प्राचार्या अंबिका तिवाड़ी सहित अध्यापिकाएं



संयोगिता, रेखा, रक्षा, ममता, चित्रा, यशोदा, आरती,ऊषा,चेतना,मेहरीन, डिम्पल और अध्यापक रवि इंदौरिया, कमल, रविंद्र सिंह, रवि नागवान, कपिल, राघव शर्मा सहित संपूर्ण विद्यालय स्टाफ ने भाग लिया। सभी ने यात्रा के दौरान धार्मिक स्थलों के दर्शन कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया और सामूहिक रूप से प्रार्थनाएं कीं।विद्यालय की प्राचार्या अंबिका तिवाड़ी ने बताया कार्तिक मास का यह पावन समय धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से हमें एकजुट करता है। इस यात्रा से विद्यालय परिवार को न केवल आस्था की गहराई को समझने का अवसर मिला, बल्कि आपसी सहयोग, सौहार्द और टीम भावना भी और मजबूत हुई। ऐसी यात्राएं विद्यार्थियों और स्टाफ दोनों को प्रेरणा देने वाली होती हैं।इस दौरान विद्यार्थियों ने भी अपनी अनुभूतियां साझा करते हुए कहा कि इस यात्रा ने उन्हें अपने संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का एक अद्भुत अवसर दिया।

# जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जयपुर सुपरफास्ट स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन कल से

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जयपुर सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 09725, जयपुर-बान्द्रा टर्मिनस सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 15.10.25 से 29.10.25 तक (03 ट्रिप) जयपुर से प्रत्येक बुधवार को 16.05 बजे रवाना अगले दिन 12 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09726, बान्द्रा टर्मिनस-जयपुर सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 16.10.25 से 30.10.25 तक (3 ट्रिप) बान्द्रा टर्मिनस से प्रत्येक गुरूवार को 14.40 बजे रवाना होकर अगले दिन 10.50 बजे जयपुर पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, भीलवाडा, चित्तौडगढ, नीमच, मंदसौर, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरूच, सूरत, नवसारी, वलसाड, वापी, पालघर व बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाडी में 1 सैकण्ड एसी, 9 थर्ड एसी, 2 थर्ड एसी इकोनोमी,4 द्वितीय शयनयान, 2 द्वितीय साधारण श्रेणी एवं 2 पॉवरकार डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बें होगें।

# ठेका सफाई कर्मचारियों को 3 माह से नहीं मिला वेतन, सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** नगरपालिका के ठेका सफाई कर्मचारियों को पिछले 3 माह से वेतन नहीं मिला है जिसको लेकर ठेका सफाई कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि उनका पिछले तीन माह से भुगतान नहीं हुआ है। जिसके कारण आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि 14 अक्टूबर तक हमारे तीन माह के वेतन भुगतान नहीं हुआ तो सफाई कार्य का बहिष्कार करेंगे। इस दौरान बबीता, कमलेश, सुशील, मुकेश, आशा, लक्ष्मी, सविता, सीमा सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# व्हाट्सएप पर आया शिक्षा विभाग का आदेश, भड़के अभिभावक!

## निजी स्कूलों को पढ़ाई की छूट , सरकारी स्कूलों में दीपावली की छुट्टी!

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** शिक्षा विभाग का व्हाट्सएप आदेश इस बार सुर्खियों में है। आदेश में निजी विद्यालयों को मध्यावधि अवकाश के दौरान परीक्षा तैयारी और पुनरावृत्ति कार्य कराने की अनुमति दी गई है। जबकि सरकारी विद्यालयों में शिविरा पंचांग के अनुसार दीपावली अवकाश रहेगा। ब्लॉक आरपी शिक्षा अधिकारी रमेश द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार जारी इस आदेश में कहा गया है कि यदि अभिभावकों की सहमति से पाँच दिवसीय प्रकाश पर्व को छोड़कर निजी विद्यालयों में पढ़ाई कराई जाती है, तो उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होगी। आदेश के व्हाट्सएप पर प्रसारित होते ही अभिभावकों में रोष फैल गया। लोगों का कहना है कि "एक ओर तो सरकार समान शिक्षा नीति की बात करती है, वहीं दूसरी ओर निजी स्कूलों को मनमर्जी की छूट दे रही है।"अभिभावकों ने सवाल उठाया कि सरकारी विद्यालयों में तो किताबें हाल ही में वितरित हुई हैं, कोर्स अधूरा है । फिर निजी विद्यालयों को अतिरिक्त तैयारी का अवसर क्यों? यह फैसला सरकारी विद्यार्थियों के साथ सीधा भेदभाव है। शिक्षा विभाग के इस व्हाट्सएप आदेश ने न सिर्फ अभिभावकों को नाराज़ किया है, बल्कि विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं?



Forwarded
यह देखने में आ रहा है कि कतिपय निजी विद्यालयों द्वारा आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा की तैयारी एवं दोहरान कार्य के लिए मध्यावधि अवकाश में विद्यालयों में अध्ययन कार्य करवाया जा रहा है।
इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि मध्यावधि अवकाश में ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवकाश की भांति मौसम की प्रतिकूलता नहीं रहती है।
अत: ऐसे में यदि किसी निजी विद्यालय द्वारा **अभिभावकों की सहमति से *पांच दिवसीय प्रकाशपर्व को छोड़कर** परीक्षा की तैयारी एवं दोहरान कार्य हेतु विद्यालय का संचालन किया जाता है तो उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई अपेक्षित नहीं है, वह संचालन कर सकता है। किंतु ध्यान रहे राजकीय विद्यालयों में शिविरा पंचांग के अनुसार अवकाश रहेगा ।

# 14 अक्टूबर को यहां आयोजित होंगे शहरी सेवा शिविर

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** जिले में चल रहे शहरी सेवा शिविर के तहत 14 अक्टूबर को विभिन्न जगहों पर शहरी सेवा शिविर आयोजित होंगे। झुंझुनू नगर परिषद के वार्ड संख्या 1,2,60, भुरासर एवं भुरासर का बास का शिविर बंधे का बालाजी में, मंडावा नगर पालिका के वार्ड 16 से 20 तक का फॉलोअप शिविर नगर पालिका कार्यालय में, बगड़ नगर पालिका के वार्ड 19 का शिविर नगर पालिका कार्यालय में, सिंघाना नगर पालिका के राजस्व ग्राम गुजरवास एवं पिठोला के सभी वार्ड का शिविर नगर पालिका में, बिसाउ नगर पालिका के वार्ड 22 का शिविर नगर पालिका में, सूरजगढ़ नगर पालिका के वार्ड 17,18,19,20 तक का शिविर नगर पालिका में, उदयपुरवाटी नगर पालिका के वार्ड 33 एवं 34 का शिविर राउप्रावि जमात में, चिड़ावा नगर पालिका के वार्ड 33 एवं 34 का शिविर नगर पालिका में, पिलानी नगर पालिका के वार्ड 31 का शिविर गौतम स्कूल में, मंडेऊला नगर पालिका के वार्ड 22 का शिविर अटल सेवा केन्द्र में, मलसीसर नगर पालिका के वार्ड 17 एवं 18 का शिविर नगर पालिका में, बुहाना नगर पालिका में 14 से 17 अक्टूबर तक वार्ड 1 एवं 2 का शिविर नगर पालिका परिसर में, नवलगढ़ नगर पालिका में 14 अक्टूबर को वार्ड 25 से 27, 32,33 एवं 38 का शिविर सेठ हनुमानदास मानसिंह का उमावि में, सुलताना नगर पालिका में 13 से 17 अक्टूबर तक वार्ड 21 से 25 का शिविर नगर पालिका में, विद्या विहार पिलानी में 14 एवं 15 अक्टूबर को वार्ड 14 एवं 15 का शिविर नगर पालिका में, मुकुन्दगढ़ नगर पालिका में 14 एवं 15 अक्टूबर को वार्ड 23 से 25 का शिविर नगर पालिका में, खेतड़ी नगर पालिका में 14 अक्टूबर को वार्ड 22 एवं 23 का शिविर पुराने उपखण्ड कार्यालय में जाखल एवं डूंडलोद नगर पालिका में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक (राजकीय अवकाशों को छोड़कर) वार्ड 1 से 20 तक का शिविर नगर पालिका में आयोजित होंगे ।

# रेलवे राजपूत परिवार का स्नेह मिलन सम्मेलन संपन्न, शिक्षा और एकजुटता का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** झोटवाड़ा स्थित संघ शक्त सभागार में रविवार को राजपूत इंडियन रेल परिवार की ओर से रेलवे राजपूत अधिकारी एवं कर्मचारी स्नेह मिलन सम्मेलन-2025 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज में शिक्षा, एकजुटता और आपसी सहयोग को बढ़ाने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि राज्यवर्धन सिंह राठौड़, महावीर सिंह सरवड़ी और राम सिंह चंदलाई (अध्यक्ष, राजपूत सभा, जयपुर) ने अपने विचार रखते हुए समाज के उत्थान में एकता और अनुशासन की भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह पाटोदा, जयसिंह हुडील और हरगोविंद सिंह परमार ने किया। आयोजन के संयोजक निकींद्र सिंह शेखावत रहे, जबकि रिसाल सिंह शेखावत, रघुवीर सिंह नाथावत, अजय सिंह



चंद्रावत और नरेंद्र सिंह राजावत सहित अनेक सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। अंत में रेलवे परिवार के उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। समारोह ने न केवल संगठनात्मक एकता का प्रदर्शन किया, बल्कि समाज में पारस्परिक सहयोग और सेवा की भावना को भी सशक्त किया।

# अल्पसंख्यक वर्ग के ऋणियों के लिए सुनहरा मौका- एकमुश्त समाधान योजना 2025



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** अल्पसंख्यक वर्ग के ऋणियों के लिए राहत भरी खबर है। अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा राजस्थान वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड के माध्यम से दिए गए स्वरोजगार एवं शिक्षा ऋण की बकाया राशि जमा करवाने हेतु "एकमुश्त समाधान योजना 2025" शुरू की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझाड़िया ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ऋणियों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। बकाया ऋण राशि एकमुश्त जमा करवाने पर ब्याज एवं दंडनीय ब्याज में छूट दी जाएगी। विभाग ने ऋणियों की सुविधा को देखते हुए योजना की अवधि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ केवल उन्हीं ऋणियों को मिलेगा जो निर्धारित तिथि तक अपनी बकाया राशि एकमुश्त जमा करवाएंगे। निर्धारित अवधि के बाद राशि जमा नहीं करवाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, झुंझुनूं से संपर्क कर सकते हैं या दूरभाष नंबर 021592-232032 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# सफाई व रोशनी व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने पर वार्डवासियों में रोष

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 एक्सिस बैंक के सामने वाली गली लोगों ने सोमवार को पालिका प्रशासन से उनके यहां सफाई व्यवस्था बदहाल होने की शिकायत की है। उन्होंने अधिकारियों को कॉलोनी की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया और उनके समाधान की मांग की। वार्ड नंबर 6 निवासी सज्जन लाल नाई, राज सैनी, संदीप कुमार, महिपाल, मनोज कुमार, विपिन, राजेश , मनीराम, जितेंद्र , आदित्य आदि ने नगर पालिका प्रशासन को शिकायती पत्र दिया। उन्होंने बताया कि वार्ड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। सफाई कर्मचारी एक तो सप्ताह में एक बार आते हैं। वहीं दूसरे और वह भी एक या दो गलियों में नालियां साफ करके चले जाते हैं। कई बार सफाई कर्मचारियों से व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। इसके अलावा वार्ड में लंबे समय से स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है। इसके चलते रात के समय गलियों में अंधेरा पसरा रहता है। वही खाली पड़े प्लाटों में भरे पानी से अब वार्ड में संक्रमित बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। उन्होंने खाली प्लाटों में ब्लीचिंग पाउडर और दवा का छिड़काव करने की मांग की। मामले में नगर



स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वार्ड से कुछ लोगों की शिकायत आई थी। इसको लेकर संबंधित सफाई सुपरवाइजर को निर्देश दे दिए गए हैं। जबकि वार्ड की अन्य समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारी से बात की जा रही है।

# शहरी सेवा शिविर 2025" के तहत वार्डवार कैम्प से आमजन को मिल रही राहत

**जयपुर (कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2025 से 17 अक्टूबर 2025 तक "शहरी सेवा शिविर 2025" (मुख्य शिविर) का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को संपूर्ण जगतपुरा जोन क्षेत्र का फोलोअप शिविर जगतपुरा जोन कार्यालय, नन्दपुरी अन्डरपास के पास आयोजित किया गया। वार्डवार शिविर में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। 14 अक्टूबर 2025, मंगलवार को सम्पूर्ण जगतपुरा जोन क्षेत्र का फोलोअप शिविर जगतपुरा जोन कार्यालय, नन्दपुरी अन्डरपास में आयोजित किया जायेगा। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ.गौरव सैनी ने बताया कि "शहरी सेवा शिविर-2025" (मुख्य शिविर) के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जायेगा। समस्याओं को चिह्नित करने एवं प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करने के लिए वार्डवार प्रातः 09:30 बजे से 06:00 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जगतपुरा के स्थानीय निवासी श्री प्रदीप कुमार जैन जी ने जगतपुरा जोन में चल रहे शहरी सेवा शिविर कैंप में अपने पिताजी के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया आवेदन करने के 10 मिनट के बाद ही श्री प्रदीप कुमार जी को शहरी सेवा शिविर कैंप के अंतर्गत उनके पिताजी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किया गया अपने इस कार्य के त्वरित गति से से पूर्ण हो जाने पर प्रदीप कुमार जी ने माननीय मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद व्यक्त किया जगतपुरा के स्थानीय निवासी मोहन लाल मीणा जी ने जगतपुरा जोन में चल रहे शहरी सेवा शिविर कैंप में वार्ड नंबर 119 में खराब स्ट्रीट लाइट से संबंधित समस्या के समाधान के लिए शहरी सेवा शिविर कैंप में आए मोहनलाल जी ने कैंप में स्ट्रीट लाइट से संबंधित समस्या दर्ज कराई समस्या दर्ज करने के कुछ ही समय पश्चात वार्ड नंबर 119 की स्ट्रीट लाइट को ठीक किया गया जिससे कॉलोनी वासियों को अंधेरे से मुक्ति मिली और कॉलोनी में रोशनी छा गई अपने इस कार्य के त्वरित गति से पूर्ण हो जाने पर मोहन लाल जी ने अपनी खुशी व्यक्त की और सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद व्यक्त किया जगतपुरा के स्थानीय निवासी अशोक यादव जी ने जगतपुरा जोन में चल रहे शहरी सेवा शिविर कैंप में अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया आवेदन करने के कुछ ही समय पश्चात शहरी सेवा शिविर कैंप के अंतर्गत अशोक जी को उनके बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किया गया अपने इस कार्य के त्वरित गति से पूर्ण हो जाने पर अशोक जी ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद दिया जगतपुरा जोन के शिविर में जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन के 90 आवेदनों के प्रमाण पत्र तत्काल जारी किए गए। जनआधार के 111 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। घर-घर कचरा संग्रहण के 27 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। सफाई के 27 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। मंगलवार को सम्पूर्ण जगतपुरा जोन क्षेत्र का फोलोअप शिविर कार्यालय जगतपुरा जोन, नन्दपुरी अन्डरपास में आयोजित किया जायेगा।

# वैश्विक मंच पर सुजानगढ़ का नाम रोशन किया स्वाति दूधवाल ने

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजपूताना रॉयल्स राजस्थान की टीम विश्व की पहली आर्चरी प्रीमियर लीग की चैंपियन बनी है। सुजानगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली तीरंदाज स्वाति दूधवाल ने बताया कि राउंड रोबिन के 10 मैचों में से 8 मैच जीतकर राजपूताना रॉयल्स ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मैच में चेरो आर्चर्स झारखंड को 5-1 सेट पॉइंट्स से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में पृथ्वीराज योद्धा दिल्ली से 4-4 सेट प्वाइंट्स पर मैच टाई रहा, जिसमे राजपूताना रॉयल्स राजस्थान ने हिट मिस टारगेट पर 2 तीर हिट किए। जबकि पृथ्वीराज योद्धा दिल्ली की टीम एक भी तीर हिट नहीं कर पायी। इस तरह राजपूताना रॉयल्स राजस्थान पहली बार आयोजित हुई इस प्रीमियर लीग की चौंपियन बनी। इस प्रतियोगिता में विदेशी खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। स्वाति दूधवाल ने इस टीम में हिस्सा लेकर सुजानगढ़ का नाम रोशन किया है। टीम में स्वाति दूधवाल (राजस्थान), ऐला गिब्सन (ग्रेट ब्रिटेन), मेटे गेजोज़ (तुर्की), ?अंकिता भगत (झारखंड), बसंती महतो (झारखंड), ?सचिन गुप्ता (दिल्ली), ओजस देओतले (महाराष्ट्र), प्रथमेश फुगे (महाराष्ट्र) शामिल रहे। टीम के कोच जीवनजोत सिंह तेजा और दीपक मलिक रहे।

# हिमांशु भाटी बने मण्डल संयोजक

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के चूरू जिलाध्यक्ष मदन गोपाल बालाण ने भाजपा के चूरू जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के निर्देशों पर सुजानगढ भाजयुमो मण्डल संयोजक पद पर हिमांशु भाटी को नियुक्ति प्रदान की है। भाटी की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। दूसरी ओर हिमांशु भाटी ने नई जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा है कि संगठन की मजबूती के लिए पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए कार्यकर्ताओं और संगठन के नेताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

# डॉ. अम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) संघ ने राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** डॉ अम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) संघ इकाई रतनगढ़ के अध्यक्ष शिवकुमार गाडगिल के नेतृत्व में सोमवार को उपखंड अधिकारी मिथलेश कुमार को महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संगठन ने 'हिंदुत्व' के नाम पर देश की सर्वोच्च न्यायपालिका पर हो रहे हमलों, भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जारी जातिगत अहंकार, धार्मिक उन्माद और असहिष्णुता की प्रवृत्ति फैलाने वाले संगठनों पर अति शीघ्र रोक लगाने की मांग की है। अजाक संघ ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि इस तरह की गतिविधियां देश की संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक सद्भाव को ठेस पहुंचा रही हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से ऐसे संगठनों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि लोकतंत्र और न्यायपालिका की गरिमा बनी रहे। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में महासचिव सुभाष मेघवाल, समाजसेवी वेदप्रकाश पंवार, दिनेश कुमार बरवड़, मुरलीधर गाडगिल, शिक्षक नेता राकेश कुमार नायक, राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार नायक, वीरेंद्र कुमार जायसवाल, भंवरलाल सावां, सुरेन्द्र कुमार इंदलिया, सुनील कुमार जिलोवा, इन्द्रचन्द कंवल, छोटूलाल बारोटिया, एड. सुरेन्द्र कुमार जायसवाल, एड. सुशील बाकोलिया सहित समाज के कई प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# शैक्षणिक संस्थानों में कट्टरपंथ पर रोक की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शिक्षा के मंदिर स्कूलों, कॉलेजों में कट्टरपंथ की घुसपैठ, धार्मिक असहिष्णुता गतिविधियों पर रोक लगाकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा किए जाने की मांग को लेकर राजस्थान के राज्यपाल के नाम ज्ञापन उपखंड कार्यालय में सौंपा गया है। डॉक्टर अम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसियेशन की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि राजस्थान विश्वविद्यालय में शस्त्र पूजन जैसी गतिविधि होना अपने आप में चिंताजनक विषय है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दीपाराम सांडेला, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, ईश्वर सिंह सर्वा, उदाराम मेघवाल, पुरूषोतम चौहान, रमेश पंवार आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्रवाई

**जयपुर (कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में जेएलएन मार्ग, टोंक रोड़, सीतापुरा जेईसीसी, प्रताप नगर, श्योपुर रोड़, 07 नं. चौराहा, जगतपुरा कच्ची बस्ती, माल रोड़ विद्याधर नगर, 17 नंबर बस स्टैण्ड विश्वकर्मा, रोड़ नं. 09 सीकर रोड़ आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 1 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 04 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में जेएलएन मार्ग, टोंक रोड़, सीतापुरा जेईसीसी, प्रताप नगर, श्योपुर रोड़, 07 नं. चौराहा, जगतपुरा कच्ची बस्ती, माल रोड़ विद्याधर नगर, 17 नंबर बस स्टैण्ड विश्वकर्मा, रोड़ नं. 09 सीकर रोड़ आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया।

# अमित शाह ने मुख्यमंत्री के रूप में भजनलाल शर्मा को 100 में से 100 मौकर्स दिए

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रदेश के भजनलाल सरकार को उनके अच्छे कार्यों के लिए पहले ही 100 में से 100 नंबर दिए जा चुके हैं और सोमवार को प्रदेश के गृहमंत्री अमित शाह ने भी भजनलाल सरकार को पिछले 22 महीना के कार्यकाल को देखकर 100 में से 100 नंबर दे दिए हैं, मुख्यमंत्री के तौर पर भजनलाल शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री दोनों की निगाहों में एक श्रेष्ठ राजनेता के रूप में स्थापित हो गए हैं इन दोनों नेताओं के मुंह से अपनी पार्टी की सरकार के अच्छे कार्यों की तारीफ सुनकर सोमवार को भजनलाल शर्मा के चेहरे पर दिनभर गजब की ऊर्जा और मुस्कान छाई रही क्योंकि सीतापुर में जयपुर प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर में नए कानून के संबंध में स्थापित की गई प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के तुरंत बाद ही अमित शाह ने अपने भाषण में राइजिंग राजस्थान के 7 लाख करोड़ के समझौते प्रदेश सरकार की ओर से धरातल पर लाने की बात कहकर अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अपने भाषण में पूरी तरह से लपेट लिया और भजनलाल सरकार की ओर से किए गए तमाम तरह के कार्यों का आंकड़ों के माध्यम से जिक्र करके कांग्रेस पार्टी के नेताओं की जुबान बंद करने का प्रयास किया हालांकि कांग्रेस पार्टी के नेता अमित शाह की ओर से प्रस्तुत किए गए आंकड़ों को गलत बता रहे हैं लेकिन यह भी सत्य है कि अमित शाह उन नेताओं में नहीं है जो अपनी पार्टी के नेताओं की कमी और अपनी पार्टी की सरकार के लापरवाही और कमी को दबाने का प्रयास करें अमित शाह का काम करने का अलग स्टाइल है और अगर पार्टी में उन्हें कोई कमी या फिर सरकार में उन्हें कोई कमी नजर आती है तो वह हाथों हाथ पार्टी के संबंधित नेता या फिर अपनी पार्टी के किसी मुख्यमंत्री को डांट फटकार लगाने में भी देरी नहीं करते क्योंकि उनके इसी नेचर और उनके इसी तरह के काम करने के स्टाइल से भारतीय जनता पार्टी आज पूरे देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में नंबर वन राजनीतिक पार्टी बन चुकी है इसलिए अमित शाह ने अगर सोमवार को भजनलाल सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तारीफ की है तो वह सत्य पर ही आधारित है कोई इसे गलत और झूठ कहे तो यह राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की मजबूरी ही माना जा सकता है जानकार लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों ही नेता राजस्थानी नहीं बल्कि पूरे देश में जहां भाजपा की सरकार हैं वहां की सरकारों के कामकाज की गतिविधियों पर अपने स्तर पर भी फीडबैक लेते रहते हैं अगर उन्हें कहीं भी गलत और लापरवाही नजर आती है तो वह तुरंत एक्शन भी लेते हैं इसलिए राजस्थान में भी भजनलाल सरकार के कामकाज का फीडबैक मोदी और शाह दोनों नियमित रूप से अपने संपर्क सूत्रों के माध्यम से लेते रहे हैं इसके अलावा मोदी और अमित शाह दोनों ही नेताओं का राजस्थान में पिछले 1 साल में कई कार्यक्रम भी हुए हैं इसलिए इन कार्यक्रमों के दौरान भी उन्होंने राजस्थान में आकर सरकार के कार्यों को और सरकार की नीतियों को नजदीकी से देखा है इसके अलावा राजस्थान भाजपा के संगठन से जुड़े लोगों से भी सरकार के कामकाज के बारे में पूछते रहते हैं इसलिए प्रदेश सरकार के कामकाज की रिपोर्ट नियमित रूप से पार्टी हाई कमान के पास पहुंचती रहती है पिछले 22 महीना में निश्चित रूप से प्रदेश की भजनलाल सरकार ने केंद्र सरकार के सहयोग से पानी के क्षेत्र में बड़े समझौते और कार्य किया सौर ऊर्जा सड़क चिकित्सा खेती बिजली शिक्षा पेट्रोलियम इत्यादि क्षेत्रों में कई उल्लेखनीय कार्य किया इन सभी क्षेत्रों में सरकार ने उत्कृष्ट कार्य करके खुद को साबित करके दिखाया है बड़ी बात यह है कि पिछले 22 महीना में भजनलाल सरकार के किसी भी मंत्री के खिलाफ किसी भी तरह का कोई मामूली भ्रष्टाचार या गड़बड़ी का मामला भी सामने नहीं आया तथा सरकार की ओर से अनेक भर्ती परीक्षाओं का आयोजन करवाया गया इसमें भी एक भी परीक्षा में कोई गड़बड़ी या पेपर लीक जैसी घटना सामने नहीं आई सरकार की ओर से अब तक राजस्थान विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किए गए वे बजट भी काफी प्रभावशाली रहे इसके अलावा भाजपा के संकल्प पत्र के वादों की क्रियान्वयन में भी राजस्थान सरकार अन्य राज्यों की तुलना में आगे रही है चाहे वृक्षारोपण का मामला हो या फिर सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का या फिर केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए नए कानून का हर मामले में राजस्थान सरकार का परफॉर्मेंस अन्य राज्यों की भाजपा सरकारों की तुलना में बहुत अच्छा रहा है इसीलिए सोमवार को अमित शाह ने मुख्यमंत्री के तौर पर भजन लाल शर्मा को 100 में से 100 नंबर दिए बड़ी बात यह है कि भजन लाल शर्मा को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने में अमित शाह का ही सबसे बड़ा योगदान रहा है राजनीतिक हल्का में यही चर्चा है कि भजनलाल शर्मा अमित शाह की पसंद थे और शाह के कहने पर ही उन्हें यह बड़ी कुर्सी और बड़ी जिम्मेदारी मिली और अब जब सोमवार को अमित शाह जयपुर में आए और उन्होंने सरकार के कामकाज को लेकर अपनी ओर से जो प्रतिक्रियाएं दी है उसके हिसाब से साफ जाहिर है कि अमित शाह भजनलाल सरकार के कार्यों से काफी खुश और संतुष्ट हैं और शायद उन्हें मन ही मन यह है एहसास भी हो रहा होगा कि उन्होंने भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बना कर कोई गलत निर्णय नहीं लिया

## पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल की गाड़ी पर हमला, जूली ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पिछली गहलोत सरकार के कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल की गाड़ी पर प्रदेश के जालौर में रविवार की रात गाड़ी में सवार बदमाशों ने हमला बोला मेघवाल की गाड़ी के चालक के साथ बदमाशों ने मारपीट की और गाड़ी के शीशे भी तोड़ डालें इस दौरान बीच बचाव करने आए लोगों के साथ भी बदमाशों ने हाथापाई की बाद में मेघवाल के जालौर जिला पुलिस अधीक्षक के फोन किए जाने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए हालांकि पुलिस ने इस प्रकरण में राजेंद्र नाम के एक युवक को हिरासत में लिया है। मेघवाल पर हुए हमले के बाद प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने एक बार फिर से प्रदेश की भजनलाल सरकार पर जोरदार हमला बोला और कहा कि एक तरफ देश के गृहमंत्री अमित शाह जयपुर के दौरे पर है तो दूसरी तरफ राजस्थान सरकार के एक पूर्व मंत्री की गाड़ी पर ही जिस तरह से बदमाशों ने हमला बोला उससे साफ जाहिर है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है प्रदेश में गुंडा माफिया हावी है जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता गोविंद राम मेघवाल रविवार की रात जालौर जिले में कांग्रेस चुनाव की बैठक लेने के बाद कांग्रेस पार्टी के कार्यालय से होटल की ओर आ रहे थे तभी रास्ते में गाड़ी में सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी को रोका और उनके गाड़ी के चालक के साथ मारपीट की तथा गाड़ी की जिस साइड में मेघवाल बैठे हुए थे उस साइड के गाड़ी के शीशे भी तोड़े जानकारों का कहना है कि जिस तरह से बदमाशों ने मेघवाल की साइड के गाड़ी के शीशे तोड़े हैं उससे ऐसा लगता है कि कहीं ना कहीं मेघवाल ही बदमाशों के निशाने पर थे या तो हमला करने वाले बदमाश भाड़े के गुंडे थे या फिर हमला करने वालों की मेघवाल से कोई पुरानी दुश्मनी होगी इन सब के बारे में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है खुद गोविंद राम मेघवाल ने बताया कि बदमाशों की इस हरकत के बाद उन्होंने तुरंत जालौर एसपी को फोन लगाया लेकिन पुलिस आने से पहले ही बदमाश मौके से फरार हो गए थे लेकिन इस मामले में पुलिस ने एक राजेंद्र नाम के युवक को हिरासत में भी लिया है कहीं ना कहीं यह भी माना जा रहा है कि इन दिनों जिस तरह से कांग्रेस पार्टी में जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया चल रही है इस प्रक्रिया से भी कहीं ना कहीं यह वारदात जुड़ी हो सकती है इसलिए पुलिस इस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है

## राजस्थान ग्रामीण बैंक में मैनेजर और दलाल को 45000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए प्रदेश के डूंगरपुर जिले में मिताली स्थित राजस्थान ग्रामीण बैंक के मैनेजर और दलाल को 45000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम गिरफ्तार बैंक मैनेजर अभिमन्यु सिंह के विभिन्न ठिकानों पर भी सर्च अभियान शुरू करने जा रही है क्योंकि एसीबी के अधिकारियों को संदेह है कि जिस तरह से अपने दलाल के माध्यम से बैंक का मैनेजर लोन पास करने के बदले रिश्वत की रकम के साथ पकड़ा गया है तो जाहिर तौर पर अभिमन्यु सिंह ने सबसे पहले भी बैंक के ग्राहकों से भांति भांति के कार्यों के लिए रिश्वत जरूर ली होगी क्योंकि इस प्रकरण में अभिमन्यु सिंह के दलाल भूपेंद्र को भी गिरफ्तार किया गया है इसलिए भूपेंद्र और भूपेंद्र के निकट के परिजनों के बैंक अकाउंट की भी जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से की जा रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त अभिमन्यु सिंह है जो मिताली स्थित राजस्थान ग्रामीण बैंक का मैनेजर है जिसने अपने दलाल भूपेंद्र के माध्यम से लोन स्वीकृत करने के बदले परिवादी से 45000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आरोपी लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की और इसी कार्य योजना के तहत सोमवार को जैसे ही परिवादी ने रिश्वत के तौर पर 45000 रुपए के नोट अभिमन्यु सिंह और भूपेंद्र को दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ अभिमन्यु सिंह और भूपेंद्र दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया घ्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद बैंक में तैनात अन्य कर्मचारियों में भी घबराहट छा गई है क्योंकि जब बैंक के बड़े अधिकारी को ही रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया गया है तो फिर लोगों का बैंक के प्रति भरोसा और विश्वास कैसे होगा यह अब एक बड़ा सवाल बन गया

## जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के दफ्तर में शराब पार्टी का आयोजन, पुलिस में मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बांसवाड़ा में दाहोद मार्ग पर स्थित जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के दफ्तर में शराब पार्टी होने की जानकारी मिली है इस पार्टी का खुलासा इसी विभाग के बड़े अधिकारी की ओर से मौके पर मारे गए छापे की कार्रवाई में हुआ है विभाग की ओर से की गई छापामार कार्रवाई के दौरान मौके पर अकाउंटेंट और दो अन्य कर्मचारी शराब पार्टी का आयोजन करते हुए साफ दिखे जिनके खिलाफ अब पुलिस में मामला भी दर्ज करवाया गया है पुलिस इस पूरे मामले की छानबीन कर रही है जानकारी के अनुसार जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के बड़े अधिकारियों को इस बात की शिकायत लगातार मिल रही थी कि दाहोद मार्ग स्थित जनस्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के दफ्तर में कर्मचारियों की ओर से शराब पार्टी का आयोजन किया जाता है इस तरह की शिकायतों के लगातार मिलने के बाद विभाग ने अपने स्तर पर इस पूरे मामले का पता लगाने का प्रयास किया जिसके बाद विभाग के ही एक बड़े अधिकारी को इस मामले की सच्चाई का पता लगाने को कहा गया मिली शिकायत के आधार पर विभाग के एक बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे तो वहां पर दफ्तर में तैनात अकाउंटेंट और अन्य दफ्तर में तैनात अकाउंटेंट और अन्य दो कर्मचारियों शराब का सेवन करते हुए दिखे इसके बाद शराब का सेवन करने वाले सभी कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस में मामला भी दर्ज करवाया गया है घ्र पुलिस इस पूरे मामले में तथ्य और सबूत संकलन कर रही है जिस अधिकारी ने मौके पर नजारा देखा था उसके बयान भी लिए जा रहे हैं इसके अलावा दोषी अकाउंटेंट और अन्य दो कर्मचारियों के बयान भी लिए जा रहे हैं पुलिस के अलावा अन्य माध्यम से भी सबूत जुटाना के प्रयास कर रही है पुलिस यह भी जांच पड़ताल कर रही है कि कहीं किसी षड्यंत्र के तहत तो इस मामले में दोषी कर्मचारियों को फसाया तो नहीं जा रहा है इसलिए तमाम तरह के विषयों पर पुलिस की जांच जारी है लेकिन पुलिस की जांच में अगर यह घटना सही साबित पाई जाती है तो फिर निश्चित रूप से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की छवि के लिए इस तरह की खबरों को ठीक नहीं माना जा सकता क्योंकि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जनता से जुड़ा हुआ विभाग है यह विभाग लोगों के पीने की पानी के विषय से सीधा जुड़ा हुआ है अगर इसी विभाग में विभागीय अधिकारी ही ड्यूटी समय के दौरान कार्यालय में बैठकर शराब पार्टी का आयोजन करते हैं तो फिर विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े होना भी लाजमीहै।

## अजमेर के जेएलएन अस्पताल में लगी आग, मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** पिछले दिनों जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में हुए भीषण अग्निकांड की जांच अभी कंप्लीट नहीं हुई है इससे पहले ही सोमवार को अजमेर के जेएम अस्पताल की ओपीडी के हिस्से में अचानक आग लग गई आज के दौरान चार-पांच धमाके भी हुई जिसकी वजह से अस्पताल में भर्ती मरीज और परिजनों में घबराहट छा गई हालांकि अस्पताल प्रशासन की ओर से हाथों-हाथ ही अस्पताल में बिजली की आपूर्ति को बंद कर दिया गया इस आगजनी की घटना में किसी के हताहत होने की भी जानकारी नहीं मिली है हाथों-हाथ ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुला लिया गया था और आग पर काबू भी पा लिया गया था आग लगने का कारण बिजली की लाइन में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है लेकिन सोचने वाली बात यह है कि पिछले दिनों ही सवाई मानसिंह अस्पताल में हुई भीषण अग्निकांड की घटना के बाद प्रदेश के कई बड़े जिला अस्पतालों में फायर सिस्टम और अन्य उपकरणों की जांच पड़ताल की गई थी जिसके क्रम में अजमेर के इस जेएलएन अस्पताल में भी जांच पड़ताल की गई थी लेकिन सोमवार को सुबह अचानक इस अस्पताल में हुई अग्निकांड की इस घटना ने एक बार फिर जांच पड़ताल की प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगा दिया है यह तो गनीमत रही कि अस्पताल प्रशासन की ओर से हाथों-हाथ अस्पताल में बिजली की आपूर्ति बंद कर दी गई तथा तुरंत ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुलाकर आग पर नियंत्रण कर लिया गया अन्यथा यहां भी एक के बाद एक चार पांच धमाकों के साथ अग्नि की लपट और धुआं उठी थी जिसकी वजह से अस्पताल में भर्ती मरीज और परिजन बुरी तरह से घबरा गए थे हालांकि सूचना मिलने के बाद अस्पताल प्रशासन से जुड़े सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे और बराबर हालातो का जायजा लेते रहे तथा जब तक मौके पर हालात सामान्य नहीं हुए और धुआं और अग्नि की लपटों पर पूरी तरह से नियंत्रण नहीं पा लिया गया तब तक अधिकारी वहां मौके पर खड़े रहे लेकिन अस्पताल में हुई यह घटना दिन भर अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजनों में चर्चा का विषय बनी रही क्योंकि पिछले दिनों सवाई मानसिक अस्पताल में जो भीषण अग्निकांड हुआ था उस अग्निकांड की पीड़ा को लोग अब तक भी नहीं भूले हैं इसलिए अस्पतालों में लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं को लेकर कहीं ना कहीं अस्पताल प्रशासन से जुड़े लोगों को इस मामले में और भी गंभीरता से प्रयास करने होंगे ताकि इस तरह की घटना फिर कभी किसी अस्पताल में ना हो सके।

## जीआर इंफ्रा के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई सोमवार को भी जारी, अब तक 50 करोड़ की ज्वेलरी और 5 करोड रुपए बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले पांच दिनों से इनकम टैक्स विभाग की ओर से जीआर इंफ्रा के राजस्थान सहित कई राज्यों में विभिन्न ठिकानों पर छापामार कार्रवाई सोमवार को भी जारी रही हालांकि मध्य प्रदेश गुजरात दिल्ली महाराष्ट्र जिलों में इनकम टैक्स विभाग की छापामार कार्रवाई पूरी हो गई है लेकिन सोमवार को राजस्थान और हरियाणा में जीआर इंफ्रा के 8 से 10 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई जारी रही जानकारी के अनुसार अब तक पूरे देश भर में जीआर इंफ्रा के 30 ठिकानों पर छाप पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया जिसमें 50 करोड रुपए कीमत की ज्वेलरी और 5 करोड रुपए बरामद होने की जानकारी भी मिली है इसके अलावा स्थाई और अस्थाई संपत्तियां से संबंधित कई दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं हालांकि मध्य प्रदेश गुजरात दिल्ली और महाराष्ट्र में इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई पूरी हो चुकी है लेकिन राजस्थान और हरियाणा में अब भी इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई जारीहै उल्लेखनीय है कि जीआर इंफ्रा रेलवे और हाईवे से जुड़े प्रोजेक्ट का कार्य करती है और इस कंपनी का हजारों करोड़ों रुपए का कारोबार है लेकिन इनकम टैक्स विभाग को जानकारी मिली थी कि कंपनी से जुड़े लोग और ठेकेदार कहीं ना कहीं इनकम टैक्स चोरी की घटना में भी लिप्त है और सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगा रहे हैं इसीलिए इनकम टैक्स विभाग की ओर से पहले इस पूरे कंपनी के विभिन्न ठिकानों का पता लगाया गया जिसमें देश के कई राज्यों में इस कंपनी के आलीशान ऑफिस है क्योंकि कंपनी रेलवे और हाईवे निर्माण संबंधी कार्यों को अंजाम देती है इसलिए इस कंपनी की ओर से देश के कई राज्यों में पिछले सालों में हजारों करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य को अंजाम दिया गया था लेकिन कंपनी प्रबंधन से जुड़े लोग और ठेकेदार इनकम टैक्स चुकाने में कंजूसी कर रहे थे और इसके लिए आर्थिक लेनदेन के दस्तावेजों में भी इनकी ओर से गड़बड़ियों की गई इसलिए इन तमाम तरह की जानकारियां जुटाना के बाद इनकम टैक्स विभाग की ओर से इस कंपनी के राजस्थान सहित देश के अन्य राज्यों में स्थित कानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया

## *अमित शाह की ओर से प्रस्तुत किए गए आंकड़े जमुले से अधिक नहीं- डोटासरा*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के राजस्थान दौरे पर प्रतिक्रिया देते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रदेश भाजपा सरकार के कार्यक्रम में जो आंकड़े प्रस्तुत किए हैं उनकी जमीनी हकीकत जुमले से अधिक नहीं है। उन्होंने कहा कि शाह ने राइजिंग राजस्थान की हकीकत जाने बिना हवाई दावे कर दिए असल में राजस्थान में राइजिंग राजस्थान का निवेश सिर्फ हवा में है, 35 लाख करोड़ के एमओयू और 7 लाख करोड़ का निवेश धरातल पर होने का दावा पूरी तरह भ्रामक है इसका एक चौथाई भी निवेश धरातल पर नहीं आया है। प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, सरकारी जटिल प्रक्रिया और महंगी बिजली से परेशान होकर निवेशक अपने हाथ पीछे खींच रहे हैं उद्योग मंत्री मुख्यमंत्री को इस बाबत पत्र भी लिख चुके हैं। केंद्रीय गृहमंत्री ने शिक्षा विभाग में यूनिफार्म योजना की सब्सिडी का जिक्र किया लेकिन भाजपा सरकार की सच्चाई से उन्हें किसी ने अवगत नहीं करवाया वास्तविकता यह है कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने निशुल्क यूनिफार्म के सब्सिडी में 800 रुपएघटाकर600 रुपए कर दिए हैं पहली से आठवीं तक के सामान्य और ओबीसी वर्ग के 15 लाख छात्र और 9वी से 12वीं की 12 लाख बालिकाओं को योजना से बाहर कर दिया है, उन्हें यह भी जानकारी नहीं दी गई है कि भाजपा सरकार ने निशुल्क लैपटॉप योजना, पद्माक्षी पुरस्कार योजना और यूनिफॉर्म योजना तीनों में कटौती की है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 7600 स्कूलों में केवल एक टीचर है और शिक्षा विभाग में करीब डेढ़ लाख पद खाली पड़े हैं। भाजपा सरकार के पास बच्चों को शिक्षा देने हेतु कोई विजन और योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने दलहन में एमएसपी देने की बात कर प्रदेश को झांसा दिया है लेकिन वह जनता के समक्ष यह जवाब देना भूल गए कि भाजपा ने बाजरे की एमएसपी पर खरीद क्यों नहीं की जबकि यह एक प्रमुख चुनावी वादा था जो पूरा नहीं किया खाद की किल्लत, नकली बीज और अतिवृष्टि से जो फसले बर्बाद हुई है उसका मुआवजा किसानों को क्यों नहीं मिला चुनाव में भाजपा ने किसान सम्मान निधि12000 रुपएकरने का वादा किया था लेकिन किसानों को सिर्फ 9000 रुपएही मिल रहे हैं इसका जवाब भी नहीं दिया गया भारतीय जनता पार्टी द्वारा चुनाव में जनता को दी गई गारंटिया अब मजाक बन चुकी है हरियाणा गुजरात की तुलना में पेट्रोल10 रुपएलीटर अधिक प्रदेश में बिक रहा है।

# रेलवे से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्टों को लेकर अश्विनी वैष्णव गंभीर, मौके पर जाकर कर रहे निरीक्षण

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माणाधीन बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया। उनके साथ वलसाड के सांसद धवल पटेल और गणदेवी के विधायकनरेश पटेल भी थे। रेल मंत्रीअश्विनी वैष्णव ने बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन पर चल रहे निर्माण और ट्रैक बिछाने के कार्यों की समीक्षा की। बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन बिलिमोरा शहर आम के बागानों के लिए प्रसिद्ध है। स्टेशन के फसाड का डिज़ाइन आम के बागानों से प्रेरित है, जो शहर की प्राकृतिक सुंदरता और स्थानीय पहचान को प्रतिबिंबित करता है। आंतरिक और प्लेटफ़ॉर्म क्षेत्र को पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन के साथ डिज़ाइन किया गया है। फॉल्स सीलिंग को एंटी-वाइब्रेशन हैंगर से लगाया गया है ताकि ट्रेनों की तेज गति से होने वाले कंपन का असर फिटिंग्स पर न पड़े। स्टेशन आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित है, जैसे कि वेटिंग लाउंज, नर्सरी, शौचालय, रिटेल आउटलेट आदि। विभिन्न स्तरों पर सहज आवागमन के लिए कई लिफ्ट और एस्केलेटर लगाए जा रहे हैं, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों और बच्चों वाले परिवारों की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया गया है स्टेशन परिसर में हरियाली और ताजगीपूर्ण वातावरण बनाने के लिए पौधारोपण किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ ज़ोन, बसों, कारों और दोपहिया वाहनों के लिए अलग पार्किंग, ईवी पार्किंग आदि की योजना बनाई गई है।सुविधा और स्थिरता को मिलाते हुए, स्टेशन में इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल की कई विशेषताएँ शामिल की गई हैं, जैसे कि पानी का कुशल उपयोग, वर्षा जल संचयन, लो-फ्लो सैनिटरी फिटिंग्स, आंतरिक हिस्सों में कम गर्मी प्रवेश, कम वाष्पशील कार्बनिक यौगिक वाले पेंट आदि। पार्किंग,पिक-अप,ड्रॉप-ऑफ, पैदल यात्री प्लाज़ा, सुरक्षा जांच चौकियां, वेटिंग लाउंज, शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, सीढ़ियाँ, कियोस्क, टिकटिंग काउंटर आदि। दो प्लेटफ़ॉर्म और चार ट्रैक हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए 425 मीटर लंबा प्लेटफ़ॉर्म स्टेशन की प्रगतिरेल और प्लेटफ़ॉर्म स्लैब कास्टिंग का कार्य तथा बिल्डिंग में स्ट्रक्चरल स्टील का कार्य पूरा हो चुका है। आर्किटेक्चरल फिनिशिंग और मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लम्बिंग कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## तहसीलों में बाल देख बाल संस्थाओं का निरीक्षण किया गया




जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)** आज दिनांक 13.10.2025 को डॉ0 महेन्द्र के.एस. सोंलकी (अपर जिला न्यायाधीश) सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झुंझुनूं द्वारा झुंझुनू जिले में पिलानी, सिंघाना, बुहाना, सूरजगढ़ आदि तहसीलों में बाल देखभाल संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा संस्थाओं की व्यवस्था साफ सफाई वहां आवासरत बालक बालिकाओं को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई डॉ0 महेन्द्र के.एस. सोंलकी द्वारा अस्पताल प्रबंधक/इंचार्ज व उपस्थित स्टॉफ को बाल संरक्षण संस्थाओं के बनाए जाने व उनके उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की जाकर साफ - सफाई व अन्य बुनियादी सुविधाओं के बारे में आवष्यक दिशा - निर्देश प्रदान किए गए है।

## चेक बाउंस मामले में फरार आरोपी को जिला स्पेशल पुलिस ने किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** उपखंड के मालसर गांव का 35 वर्षीय धनराज सिंह और पुत्र रामकुमार सींवर जो चेक बाउंस मामले में फरार चल रहा था। धनराज सींवर तारानगर पुलिस थाने का भी स्थाई वारंटी आरोपी है। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगलसिंह ने आरोपी को शहर के कच्चा बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने बताया कि मालसर निवासी 35 वर्षीय धनराज सींवर पुत्र रामकुमार सींवर जाति जाट जो सरदारशहर पुलिस थाने में चेक बाउंस मामले में गिरफ्तारी वारंटी है और तारानगर पुलिस थाने में चेक बाउंस मामले में स्थाई वारंटी है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। जिला स्पेशल पुलिस टीम जब आरोपी के गांव मालसर पहुंची तो पता चला कि आरोपी अभी सरदारशहर के लिए रवाना हुआ है और वहां से जयपुर जाएगा। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और मंगल सिंह ने तुरंत आरोपी का पीछा करते हुए शहर के कच्चा बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## त्योहारी सीजन पर खाद्य सुरक्षा टीम ने 8 नमूने लिये 68 किलो खुला घी जप्त किया 10 किलो गरम मसाला नष्ट करवाया



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** जिले में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आमजन को जागरूक करने के लिए खाद्य सुरक्षा टीम की ओर से त्योहारी सीजन पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार अभियान चलाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि व्यापारियों को शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के लिए पाबंद किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन बाजिया व रतनसिंह गोदारा ने बताया कि रतननगर में भारत डेयरी से मावा व खुले घी का नमूना लिया तथा 68 किलो खुला घी जप्त किया गया। इसी तरह भालेरी में मैसर्स राकेश तुलसीराम से घी का एक नमूना लिया तथा 10 किलो गरम मसाला नष्ट करवाया गया। भालेरी मे गोवर्धन फूड प्रोडक्ट्स से रसगुल्ला, ममता मिष्ठान भंडार से खोया व स्वामी मिष्ठान भंडार से गुंदपाक का नमूना लिया। किशन मिष्ठान भंडार से मिठा मावा व बालाजी मिष्ठान भंडार से मावा पेड़ा का नमूना लिया। व्यापारियों को शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के लिए पाबंद किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन बाजिया ने बताया कि नमूनों को प्रयोगशाला जयपुर में जांच के लिए भिजवाया गया है । जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## 15 अक्टूबर को चिड़ावा में लगेगा रोजगार मेला, बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, झुंझुनू और कौशल उद्यमिता विकास संस्थान, चिड़ावा (अंबुजा फाउंडेशन) के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 15 अक्टूबर, गुरुवार को प्रातः 10 बजे से कृष्णा ग्रेटर गेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन रोड, चिड़ावा में होगा। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक दयानंद यादव ने बताया कि रोजगार मेले में दिल्ली, गुरुग्राम, भिवाड़ी, मानेसर, अलवर और गुजरात की प्रसिद्ध निजी कंपनियां और सिक्योरिटी कंपनियां हिस्सा लेंगी। ये कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। मेले में सैकेंडरी, सीनियर सैकेंडरी, स्नातक, और आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार युवा भाग ले सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने शैक्षणिक दस्तावेजों की फोटोकॉपी, पासपोर्ट साइज की दो फोटो, और रिज्यूम के साथ 15 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10 बजे मेले में उपस्थित होना होगा।

# स्कीम को बंद करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** आरएसआरटीसी रिटायर्ड एम्पलाईज एसोसिएशन व राज.स्टेट रोडवेज एम्पलाईज यूनियन एटक/सीकर आगार राज्य सरकार द्वारा ओ पी एस पेंशन स्कीम को बंद करने की साजिश के खिलाफ केन्द्रीय बस स्टैंड सीकर आगार में विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया, तथा कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया और चेतावनी दी कि यदि समय रहते हुए सरकार व प्रशासन यदि संज्ञान में नहीं लाता है तो समस्त कर्मचारी मिलकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाईज यूनियन-एटक एवं आरएसआरटीसी रिटायर्ड एम्पलाईज एसोसिएशन ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम मुख्यालय जयपुर मार्फत मुख्य प्रबंधक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम सीकर आगार ने ओल्ड पेंशन स्कीम के विकल्प को यथावत रखने का भेजा ज्ञापन। ज्ञापन में बताया की गत कांग्रेस सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में की गई बजट घोषणा की पालना में रोडवेज सहित प्रदेश के समस्त निगम-बोर्डों आदि संस्थाओं में सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिये अप्रैल, 2023 से लागू की गई ओल्ड पेंशन स्कीम के मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा समाप्त करने के लिये 9 अक्टूबर को जारी आदेश का राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाईज यूनियन-एटक एवं आरएसआरटीसी रिटायर्ड एम्पलाईज एसोसिएशन-दोनों संगठन कड़ा विरोध करते हैं। सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी का सम्मानजनक सामाजिक सुरक्षा का सपना एक ही झटके में बिखर कर चकनाचूर हो जायेगा एवं उनका बुढ़ापा अन्धकारमय हो जायेगा। विषय बड़ा व्यापक एवं अत्यन्त गम्भीर है। रोडवेज के सभी सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों से राज्य सरकार के मजदूर विरोधी इस राजनैतिक फैसले को बदलवाने हेतु लम्बे और निर्णायक संघर्ष के लिये तैयार रहने का आह्वान किया। इस मोके पर प्रदेश सचिव प्रभू दयाल बाजियां, नेमीचंद लिढान,महेश कुड़ी,विनोद दायमा,राजेन्द्र कुमावत,महावीर प्रसाद शर्मा, ओमप्रकाश,पोखर राम कुड़ी, प्रदीप शेषमा सुभाष बड़सरा,निवास राम, मन्ना लाल राधा कंवर मन्जू चाहर, सरिता, बिमला देवी आदि रहे ।

# 'सीट' पाने की हसरत में 'नेताजी' एम.पी और एमएलए की सीट रोडवेज बसों में बनी शोपीस

## सांसद का.अमराराम-पूर्व विधायक का पेमाराम ने रोडवेज की आमजन के साथ जयपुर यात्रा

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** सांसद कामरेड अमराराम और पूर्व विधायक का पेमाराम सोमवार को सीकर से जयपुर के लिए राजस्थान राज्य पथ परिवहन रोडवेज की बस से यात्रा करते हुए देखे गए थे। उन्होंने जयपुर में 3 दिन की किसान सभा की मीटिंग में उपस्थित में जाने के लिए राजस्थान रोडवेज की बस से यात्रा की, जिसकी सोशल मीडिया पर खूब सराहना हुई। वर्तमान सांसद का. अमराराम और पूर्व विधायक का पेमाराम सीकर बस डिपो मे बस का इंतजार करते भी देखे गये सोशल मीडिया पर । आज के युग में 'सीट' पाने की हसरत में 'नेताजी' वर्तमान समय में खुद को सदैव आगे देखना चाहते है। लेकिन राजस्थान रोडवेज परिवहन निगम की बसों में सांसद और विधायकों की एक नहीं बल्कि दो सीटें सुरक्षित होने के बाद भी 'नेताओं' द्वारा वर्षों बीत जाने के बाद भी वहां बैठ यात्रा नहीं की है। जिससे सांसद और विधायकों की सीट रोडवेज बसों में शोपीस बनती जा रही है। आपने अक्सर देखा होगा कि परिवहन निगम की बसों में सांसद और विधायक की सीट के पास उनका कोटा रिजर्व रखने के लिए लिखवा दिया जाता है। लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि विगत कई वर्षों से सांसद और विधायकों से परिवहन विभाग की सेवा नहीं ली है। इसके कारण उनकी सीटों पर आसानी से आम यात्री अपने गंतव्य की दूरी को तय करते दिखाई देते है। अंचल में 21 विधायक और चार सांसद है। सभी विधायक अपने गनर और लाव-लश्कर के लग्जरी गाड़ियों के आना-जाना पसंद करते है। इसके बाद भी परिवहन की ओर से विधायकों और सांसद के लिए रोडवेज बस में कुल दो सीटें आरक्षित रहती है। लेकिन विधायकी के रौब के आगे वर्तमान समय में किसी भी विधायक और सांसद द्वारा रोडवेज बसों से यात्रा करना उन्हें नहीं भाता है। इन परिस्थितियों में बीते कई वर्षों से जिले के विधायक और सांसद ने की सेवा नहीं ली है। वर्तमान सांसद कामरेड अमराराम और पूर्व विधायक का पेमाराम विधायक और सांसद की रिजर्व सीटों पर आम आदमी के साथ यात्रा करते हुए दिखाई देता है।

### ये कहना

सुबह सुबह जयपुर के लिए सीकर बस डिपो से प्रस्थान किया। मैं ज़्यादातर दुरी का सफर हमेशा रोडवेज से करता हूँ मेर मानना है कि जब तक जनप्रतिनिधि खुद जनता के साधारण साधनों से सफर नहीं करेंगे,तब तक रोडवेज जैसी सार्वजनिक सेवाओं में वास्तविक सुधार संभव नहीं है। हम जनता के बीच से आए हैं, जनता के बीच ही रहेंगे।

**सांसद का. अमराराम**

# वर्धमान बना लगातार तीसरे वर्ष भी चैम्पियन

जयपुर टाइम्स




**सीकर(निस.)।** रेलवे सामुदायिक भवन में यूनिवर्सिटी ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड मैनजमेंट यू ए एम द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में वर्धमान विद्या विहार स्कूल एवं जैन स्कूल ने चैम्पियन ट्रॉफी जीती। संस्था के अध्यक्ष दीपक संगही ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के लिए सात हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार के लिए चार रूपए एवं तृतीय पुरस्कार के लिए तीन हजार रुपए नकद प्रदान किए गए। सचिव संजय संगही ने बताया कि वर्धमान स्कूल एवं जैन स्कूल ने कुल तेतीस हजार रूपये के नकद पुरस्कार प्राप्त किये । ड्राइंग प्रतियोगिता में नीतिशा वर्मा ने प्रथम, मैथ्स- प्रो प्रतियोगिता में प्रियम खेतान ने प्रथम एवं निकिता श्रीवास्तव ने द्वितीय, पाथोगोरस स्टार प्रतियोगिता में कृति काबरा ने प्रथम एवं मॉडल प्रतियोगिता में जानवी शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा बायो प्रतियोगिता में वेदिका जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया द्य संस्था प्रधान डॉ. मीनाक्षी भार्गव ने बताया कि तनुष्का शर्मा, सोहा जोड, नंदिनी साजवानी, नेहा भार्गव, यशु अग्रवाल, किंजल राठौड़ एवं मयंक सोमानी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया द्य संस्था के उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया, सह-सचिव रितेश रारा, कोषाध्यक्ष सुशील काला, सदस्य सुनील पहाड़िया, मनोज पाटोदी, प्रियंक गंगवाल, अमित पिराका, कैलाश जयपुरिया, निखिल अजमेरा एवं विद्यालय परिवार ने सभी विजेताओं को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय में जश्न का माहौल रहा ।

## रींगस में बच्चों को दी गुड टच-बेड टच की जानकारी



**रींगस(निसं.)।।** कस्बे के भैरुजी मोड़ स्थित टैगोर ग्रुप ऑफ एजुकेशन की इकाई एक्सीलेंस इंग्लिश एकेडमी में सोमवार को वरिष्ठ आईएएस नवीन जैन द्वारा संचालित स्पर्श सुरक्षित बचपन के लिए एक अभिनव पहल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्पर्श वोलेंटियर शिक्षिका सुनिता रेवाड़ व एडीपीसी समग्र शिक्षा के राकेश कुमार लाटा द्वारा छात्र-छात्राओं को स्पर्श सुरक्षित बचपन के तहत गुड टच-बेड टच के बारे में जानकारी दी गई। संस्था सचिव आरती प्रबल शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा संस्था के चेयरमेन प्रदीप कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान संस्था के प्रधानाचार्य राजेन्द्र शर्मा सहित स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## स्पेशल बीसटीसी में केशवानन्द का रिकार्ड परिणाम

**सीकर(निसं.)।।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान भढाढर सीकर में संचालित लाइफ स्टाईल वेलफेयर संस्था का स्पेशल बीएसटीसी के परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए संस्था प्राचार्य महिपाल सिंह बिजारणीयां ने बताया कि सत्र 2023 - 25 के 100 प्रतिशत परिणाम के साथ छात्रा गरिमा ने 84 प्रतिशत, निर्मला व भारती ने क्रमशः 83 प्रतिशत, कोमल शर्मा ने 82 प्रतिशत, छात्र विरेन्द्र झाझड़ा ने 82 प्रतिशत के साथ व सत्र 2024 - 26 के 100 प्रतिशत परिणाम के साथ छात्रा लवली ने 84 प्रतिशत, मोनिका चौहान ने 83 प्रतिशत, प्रियंका मूण्ड व अंशु ढाका ने क्रमशः 82 प्रतिशत, पलक व किरण ने क्रमशः 81 प्रतिशत परिणाम के साथ सफलता अर्जित की। ज्ञात रहे कि अभी संस्थान में स्पेशल बीएसटीसी कोर्स में सरकारी नियमानुसार सीधा प्रवेश मिल है। संस्था निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह एवं कोर्स कॉर्डिनेटर राजकुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाईयां प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**अजीतगढ़.(निसं.)।** मंगलवार को 33 केवी सब स्टेशन टटेरा पर रखरखाव एवम् मेंटिनेंस होने के कारण सुबह 8 बजे से दोपहर 12बजे तक टटेरा सबस्टेशन की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। जिससे उससे संबंधित क्षेत्र टटेरा , किशोरपुर की विधुत सप्लाई बंद रहेगी। यह जानकारी अजीतगढ़ बिजली निगम के कनिष्ठ अभियंता अजय पलसानिया ने दी।

## मुस्लिम धर्मावलंबी सफर-ए-उमरा के लिए रवाना



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** जिले के फतेहपुर शेखावाटी में मुस्लिम धर्मावलंबी आज पवित्र सफर-ए-उमरा के लिए रवाना हुए। उनका मुस्लिमों के साथ-साथ हिन्दुओं ने भी माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए काबा शरीफ में वतन और दोस्तों, रिश्तेदारों के लिए दुआ की दरख्वास्त की। सफर-ए-उमरा से जाने से पूर्व इन जायरीनों को रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। मंडावा रोड स्तिथ हनफिया मस्जिद अन्सारी के इमाम मौलाना अब्दुल करीम साहब आज उमराह हज के लिए रवाना हुवे जिसमें मोहल्ले वासियों ने इमाम साहब को फूलों की माला पहनाकर उमराह के लिए विदाई दी जिसमें मस्जिद के सदर अब्दुल गफार अन्सारी, नायाब सदर आमीन अन्सारी, सचिव उम्रदराज़ अन्सारी, इसके अलावा रजाक अन्सारी, मास्टर रफीक अन्सारी, इक़बाल अंसारी,साबिर तवर, गुरुजी करण जाखड़, इसके अलावा मोहल्ले के गणमान्य लोग ने इनका फूलमाला पहना कर स्वागत किया।

## शिव गो चिकित्सालय मे करवाई दवाइयां उपलब्ध



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** पीपली नगर स्थित शिव गो चिकित्सालय मे सोमवार को स्वर्गीय मदन लाल सैनी समर्थपुरा की द्वितीय पुण्यतिथि पर बीमार गौ माता के लिए दवाइयां दीं गयी गौशाला की संचालिका गो सेविका ज्योति तनवानी ने सैनी परिवार का आभार व्यक्त किया गौशाला मे महंत श्री बालक दास जी महाराज, गो रक्षा सेवा समिति के अध्यक्ष विष्णु स्वामी, मंगलचंद सैनी, गणपत लाल सैनी, नागरमल सैनी, गोपाल लाल सैनी, ममता सैनी, कमलजीत, पूजा, राहुल समर्थपुरा, विनय,आदित्य, जयश्री, दीपशिखा हनु उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन फतेहपुरिया गेस्ट हाउस में 15 अक्टूबर को किया जायेगा। शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी ने बताया कि बैठक में एआईसीसी ऑब्जर्वर सुभाष चौपड़ा, विधायक हाकम अली खान, राजेंद्र मूंड, रामनिवास बिड़ोदी व अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता भाग लेंगे। बैठक में शहर ब्लॉक सुजानगढ़ के कार्यकर्ताओं से जिला अध्यक्ष चयन के संदर्भ में संवाद किया जायेगा। बैठक में सभी ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारी सदस्य, नगर कांग्रेस कमेटी सुजानगढ़ और बीदासर के पदाधिकारी और सदस्य, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी और सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## विकास कार्यों का उद्धघाटन 15 अक्टूबर को

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)।** तारानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत धीरवास छोटा में प्रशासक जैता देवी सहारण की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर बुधवार को उद्धघाटन कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें तारानगर विधायक किसान नेता नरेंद्र बुड़ानिया व लोकसभा सासंद राहुल कस्वां ग्राम पंचायत में 5 साल में हुए करोड़ों रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का उद्धघाटन करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव कृष्ण कुमार सहारण ने बताया कि इसी दिन डीपीएल 1 प्रीमियर लिग 2025 का भी आयोजन होगा एवं बुड़ानिया व कस्वां ग्रामवासियों से दीपावली की रामा श्यामा करेंगे। सहारण ने सभी से कार्यक्रम में अधिक से अधिक पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/स्टोर शाखा/2025/6925 दिनांक :– 09.10.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिशद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 09.10.2025 को निविदाएं दिनांक 15.10.2025 को 1.00 बजे तक विक्रय की जाकर 3.00 बजे तक प्राप्त कर सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी । उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– DLB2526SSOB21196 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिशद सुजानगढ़ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/11975

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/स्टोर शाखा/2025/6933 दिनांक :– 09.10.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिशद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 09.10.2025 को निविदाएं दिनांक 15.10.2025 को 1.00 बजे तक विक्रय की जाकर 3.00 बजे तक प्राप्त कर सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी । उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– DLB2526SSOB21201 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिशद सुजानगढ़ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/11974

## नये अपराधिक कानूनों की दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** सोमवार को पुलिस थाने पर गृह मंत्री अमित शाह ने वर्चुअल रूप से जुड़ कर आमजन को भारतीय न्याय संहिता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक संजय बोथरा, थानाधिकारी सुरेश कुमार ने नव विधान-न्याय की पहचान के तहत नए अपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद शहर वासियों ने भी अपनी जिज्ञासाओं के बारे में पुलिस अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक सांवताराम गुर्जर, सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल रामस्वरूप बराला, युवा विकास मंच के अध्यक्ष आर्यन पारीक, मनोज जांगिड़, सतीश जांगिड़, पार्षद संजय डाकवाला, आयुष कानूनगो, गुंजन शर्मा, संजय शर्मा, सुरेश खरेसिया, प्रेम तिवाड़ी सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## रींगस में नौ लाख रुपए में निलाम हुए 51 वाहन



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** पुलिस थाने में सोमवार को 38 पुलिस एक्ट में जब्त वाहनों की नीलामी की गई। नीलामी में कुल 41 बोलीदाता शामिल हुए। मालखाना एलसी खेमचंद यादव ने बताया कि 38 पुलिस एक्ट में जब्त 44 मोटरसाइकिल और 7 चौपहिया वाहनों की नीलामी की गई। अधिकतम बोलीदाता के आधार पर 8 लाख 99 हजार 5 सौ रुपए में नीलामी की गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक गर्ग, पुलिस उपाधीक्षक संजय बोथरा, थानाधिकारी सुरेश कुमार सहित बोलीदाता मौजूद थे।

## विकसित भारत बिल्डाथॉन-2025 का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**थोई(निसं.)** राजकीय उच्च माध्यमिक आदर्श विद्यालय थोई में की अटल टिंकरिंग लैब में विकसित भारत बिल्डाथान, 2025 का, शिक्षा मंत्रालय और अटल इनोवेशन मिशन की संयुक्त पहल पर आयोजित लाइव प्रसारण में विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस कार्यक्रम में छात्रों की दो टीमों ने नवाचार प्रोजेक्ट बनाये । प्रथम टीम द्वारा आरडिनो यूनो राडार प्रोजेक्ट तथा द्वितीय टीम द्वारा होम ऑटोमेशन प्रोजेक्ट बनाकर प्रजेन्टेशन किया गया । इस दौरान अटल लैब प्रभारी मूलचन्द जाट उप-प्राचार्य ने बताया कि विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 भारत का सबसे बड़ा छात्र इनोवेशन मिशन है, जिसमें कक्षा 6-12 के विद्यार्थी 5-7 सदस्यों की टीम बनाकर भाग ले सकते हैं विकसित भारत बिल्डाथॉन-2025 की थीम के मुख्य भाग आत्म निर्भर भारत, स्वदेशी, लोकल के लिए वोकल एवं समृद्ध भारत के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उप प्रधानाचार्य पंकज कुमार भावरिया ने छात्रों द्वारा बनाये गये विभिन्न मॉडल्स एवं प्रोजेक्ट्स तया उनकी समाज के लिए उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर शंकर लाल सैनी, देवेन्द्र कुमार सैनी, मधुबाला पारीक सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## खेलों से होता है हमारा शारीरिक व मानसिक विकास, सुरेन्द्र सैनी फूलवाला

### स्व देवीलाल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ में कस्बे के सैनी नगर ग्राम पंचायत के फुलेराव नगर में आयोजित हो रही स्व देवीलाल क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार शुभारम्भ हुआ। पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सैनी फूलवाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहें । समाजसेवी सुरेन्द्र सैनी किलवानीया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बाबुलाल सैनी, रणजीत सिंह गोदारा, राजेन्द्र पापटवान, मदन लाल पंच बतौर मचंस्थ अतिथि रहें । आयोजन समिति ने पुष्प माला पहनाकर अतिथियो का स्वागत किया। पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सैनी फूलवाला ने बॉल के शॉट मारकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व चैयरमैन सुरेन्द्र सैनी फूलवाला ने कहा कि खेलों से हमारा शारीरिक व मानसिक विकास होता है। खेलों को हर मनुष्य को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिये। आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया। इस दौरान सोनू सैनी, प्रवीण सैनी, अर्जुनलाल, देवेंद्र प्रकाश, जयप्रकाश पंच, महेश सैनी, राजेश, पुष्पेंद्र, मुकेश, योगेश, दीपक कुमार, मनोज सहित कई लोग मौजूद रहे।

### सूदखोरों ने तबाह किया हंसता-खेलता परिवार

# परिजनों ने शव लेने से किया इनकार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने लगाया था फंदा

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं में एक सरकारी अधिकारी का हंसता-खेलता परिवार चंद 'रसूखदार' सूदखोरों की क्रूरता का शिकार हो गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग में सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुरेश सैन (54) ने 8 लोगों के नाम सुसाइड नोट में लिखकर मौत को गले लगाया है। सुसाइड नोट में लिखा सुरेश का दर्द अब चीख बनकर सड़कों पर उतर आया है। जिन आरोपियों ने सुरेश को मरने पर मजबूर किया, उन्हें गिरफ्तार करने की मांग को लेकर परिजन और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। आक्रोश इस कदर है कि पोस्टमॉर्टम करवाने और शव लेने से परिवार ने इनकार कर दिया है। भगवान दस खेतान अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर बेटे, मां और बहन का धरना जारी है। बेटा बोला– पिता को धमका रहे थे आरोपी 'मेरे पिता ने एक-एक रुपया चुका दिया था, फिर भी ये लोग धमकाते रहे'। सुरेश के बेटे निखिल सैन का यह बयान उन सूदखोरों की हैवानियत की गवाही दे रहा है, जिन्होंने मानसिक प्रताड़ना की हद पार कर दी। निखित ने बताया– उन्होंने दुकान पर कब्जे का दबाव बनाया और लगातार अपमान किया। इस मानसिक प्रताड़ना से ही मेरे पिता ने अपनी जान दे दी।" परिवार अब सिर्फ एक ही आस में है कि 4 पन्नों के सुसाइड नोट में दर्ज हर एक आरोपी को सजा मिले। शव रविवार से BDK हॉस्पिटल में रखा हुआ है। धरना स्थल पर सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिजन और स्थानीय लोग मौजूद है। 'आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं तो, नहीं लेंगे शव' इधर मामले को लेकर परिजनों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। परिजनों का कहना है कि जब तक सभी नामजद आरोपी गिरफ्तार नहीं होते, तब तक शव नहीं उठाएंगे। 24 घंटे का अल्टीमेटम परिजनों और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे जिला कलेक्ट्रेट पर धरना देंगे। उनका कहना है– "यह सिर्फ एक आत्महत्या नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता है।" भाई ने सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया इधर जिला प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी लगातार धरना स्थल पर समझाइश में लगे हुए हैं, लेकिन परिजनों की मांग एक ही है- आरोपियों की गिरफ्तारी। पुलिस ने मृतक सुरेश सैन के छोटे भाई राजेंद्र कुमार की रिपोर्ट पर सुधीर कटारिया, सुरेंद्र कुमार आनंदपुरिया, देवकारण फगेड़िया, ताराचंद मारिगसर, यूनुस ठेकेदार, बीजू अणगासर और रामनिवास महला सहित सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज कर लिया है, लेकिन परिजनों का आक्रोश गिरफ्तारी न होने पर बरकरार है। चार पेज में छलका अधिकारी का दर्द झुंझुनूं में चूरू बाईपास स्थित बीरबल मार्केट के बेसमेंट की दुकान में रविवार को सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुरेश सैन ने सुसाइड कर लिया। कोतवाली पुलिस को मौके से सुरेश सैन का 4 पेज का एक मार्मिक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उनका दर्द, लाचारी और न्याय न मिल पाने की पीड़ा साफ झलकती है। सुसाइड नोट में सुरेश सैन ने दावा किया कि 1 करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज चुकाने के बावजूद, ये सूदखोर उन्हें लगातार मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। सुसाइड नोट से सामने आई सूदखोरों की क्रूर दास्तान सुरेश सैन ने 4 पेज के सुसाइड नोट में 8 रसूखदार लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। इनमें सुधीर कटारिया, सुरेंद्र कुमार आनंदपुरिया, देवकारण फगेड़िया, ताराचंद मारिगसर, यूनुस ठेकेदार, बीजू अणगासर, और रामनिवास महला शामिल हैं।

1. सुधीर कटारिया सुसाइड नोट में सुरेश सैन ने लिखा– सुधीर कटारिया ने उनकी पत्नी के नाम की संपत्ति को साजिश के तहत 45 लाख रुपए में हड़प लिया। इसके बदले उसने सुरेश और उनकी पत्नी से पांच-पांच खाली चेक खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। सुरेश ने लिखा कि उनकी पत्नी के अनपढ़ होने के कारण कटारिया ने इसका फायदा उठाया। इस कारण वह मानसिक प्रताड़ना का शिकार थे।
2. सुरेंद्र कुमार आनंदपुरिया बीस लाख रुपए के लेन-देन के मामले में, सुरेंद्र कुमार ने सुरेश के कार्यालय और दुकान पर कब्जा कर लिया। सुरेश ने लिखा कि उसने सुरेंद्र को 5 लाख रुपए दिए थे और बाद में 8 लाख का भुगतान भी किया, लेकिन सुरेंद्र ने दुकान और कार्यालय खाली नहीं किए और अब 15 लाख रुपए की अतिरिक्त मांग कर रहा था। साथ ही, उसके पास 5 लाख रुपए का चेक भी था, जिसे वह नहीं लौटा रहा था।।
3. देवकरण फगेड़िया चूरू निवासी स्मार्ट हीरो होंडा एजेंसी के मालिक देवकरण फगेड़िया ने सुरेश से 40 लाख रुपए उधार लिए। सुरेश ने दावा किया कि उन्होंने 3 चेक, स्टांप और खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए, 4 दुकानों की गिरवी रजिस्ट्री करवा ली। सुरेश ने पूरी राशि लौटा दी, लेकिन फिर भी देवकरण ने चेक और रजिस्ट्री वापस नहीं की। एक खाली चेक 70 लाख का उन्होंने कोर्ट में लगा दिया था।
4. ताराचंद मारिगसर सुरेश ने लिखा कि ताराचंद से उधार लिया गया पैसा लौटाने के बाद भी ब्याज मांग रहा है, जबकि उन्होंने मूल राशि चुका दी थी।
5. यूनुस ठेकेदार सुरेश ने लिखा था कि यूनुस ने 35 लाख रुपए का चेक जबरदस्ती ले लिया और उसे कोर्ट में लगा दिया। वह अपने चेक को वापस पाने के लिए न्याय की गुहार कर रहे थे।
6. बीजू अणगासर सुरेश ने सुसाइड नोट में लिखा– बीजू अणगासर चाय वाले को उन्होंने पूरी रकम लौटा दी थी, लेकिन बीजू ने उनका एक चेक अपने पास रख लिया और उसे कोर्ट में 6 लाख रुपए के लिए लगा दिया।
7. ताराचंद कुंडली वाले सुरेश ने लिखा ताराचंद कुंडली वाले से मैने 5 लाख रुपए उधार लिए थे, वो चुकाने है।
8. रामनिवास महला (जानी) सुरेश ने लिखा कि रामनिवास महला के पास गिरवी रखी 4 बीघा जमीन की रजिस्ट्री 3 साल पहले कराई थी, लेकिन अब नीयत खराब होने के कारण वह जमीन लौटाने से इनकार कर रहे थे।

## शराब की हर बोतल पर होगा बारकोड-होलोग्राम,फर्जी या बिना कोड मिली तो दुकान होगी सीज

### झुंझुनूं में आबकारी विभाग की सख्ती

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)** जिले में अवैध शराब की बिक्री और मिलावट पर लगाम लगाने के लिए आबकारी विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। विभाग अब लाइसेंसधारी शराब दुकानों का विशेष निरीक्षण अभियान चलाने जा रहा है। इस दौरान हर दुकान पर बेची जा रही शराब की बोतलों पर लगे होलोग्राम और बारकोड की जांच की जाएगी। यदि किसी बोतल पर बारकोड या सिक्योरिटी होलोग्राम सही नहीं पाया गया, तो संबंधित दुकान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सीज किया जाएगा। आबकारी विभाग बाहरी राज्यों से लाकर अवैध शराब बेचने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए बारकोड प्रणाली शुरू की। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को यह भरोसा दिलाना है कि वे जो शराब खरीद रहे हैं, वह प्रमाणित प्लांट से बनी हुई है। अभियान चलाया जा रहा है और यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी ठेकेदार या विक्रेता बिना बारकोड या नकली होलोग्राम वाली शराब नहीं बेच सके। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हर बोतल और उसके बॉक्स पर सिक्योरिटी होलोग्राम और यूनिक बारकोड अनिवार्य किया गया है। उपभोक्ता अपने मोबाइल से बोतल पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करके बैच नंबर, कीमत, एक्सपायरी डेट, निर्माता कंपनी और खुदरा मूल्य जैसी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विभाग का कहना है कि उपभोक्ताओं को सतर्क रहना चाहिए और बिना होलोग्राम या बारकोड वाली शराब मिलने पर तत्काल शिकायत दर्ज करवानी चाहिए। जिला आबकारी अधिकारी रियाजुदीन उस्मानी के अनुसार, झुंझुनूं जिले में रैंडम जांच के साथ-साथ शिकायत मिलने पर भी निरीक्षण दल मौके पर पहुंचेगा। टीम दुकानों, गोदामों और सप्लाई वाहनों की जांच करेगी। उन्होंने कहा कि "हमारा उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित और प्रमाणित उत्पाद उपलब्ध कराना है। अगर किसी दुकान पर नियमों की अनदेखी या संदिग्ध शराब पाई गई तो लाइसेंस निलंबन से लेकर दुकान सीज तक की कार्रवाई की जाएगी।" जानकारी के अनुसार, जिले में करीब 250 से अधिक शराब की दुकानों पर चरणबद्ध तरीके से निरीक्षण होगा। आबकारी टीम यह भी जांचेगी कि दुकानों पर शराब के स्टॉक का रजिस्टर और डिजिटल रिकॉर्ड सही तरीके से अपडेट है या नहीं। साथ ही, हर बोतल का बारकोड और होलोग्राम राज्य स्तरीय डेटा सर्वर से क्रॉस वेरिफाई किया जाएगा। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि संबंधित बोतल झुंझुनूं जिले के लिए अधिकृत डिपो से आई है या किसी बाहरी स्रोत से। आबकारी विभाग का कहना है कि अवैध शराब न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाती है बल्कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। इसीलिए विभाग ने इसे लेकर 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाने का निर्णय लिया है।

## महिला पतंजलि योग समिति झुंझुनू द्वारा ऑनलाइन सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

### योग शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर, घर बैठे सीखें पतंजलि पद्धति से योग



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** महिला पतंजलि योग समिति झुंझुनू के तत्वावधान में जिला प्रभारी गीता नूनिया के नेतृत्व, सोशल मीडिया प्रभारी दिव्या आबूसारिया के निर्देशन तथा समस्त कार्यकारिणी सदस्यों के सहयोग से मध्यकालीन अवकाश के दौरान 12 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक ऑनलाइन सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर के उद्घाटन अवसर पर राज्य प्रभारी सरिता गुर्जर एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य हेमलता सिहाग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, ओम्कार ध्वनि और ऑनलाइन माध्यम से योग प्रार्थना के साथ हुआ। शिविर के दूसरे दिन राज्य कार्यकारिणी संवाद प्रभारी पूजा नागपाल ने ऑनलाइन सत्र के माध्यम से "सांस-प्रश्वास का सही उपयोग और शत-प्रतिशत स्वास्थ्य लाभ" विषय पर प्रेरक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से तन-मन का संतुलन बना रहता है और व्यक्ति पूर्ण स्वस्थ जीवन जी सकता है। महिला पतंजलि योग समिति वर्ष भर योग कक्षाएं संचालित करती है। इस विशेष शिविर में सभी योगप्रेमियों को ऑनलाइन माध्यम से निःशुल्क सहभागिता का आमंत्रण दिया गया है। जो साधक योग के क्षेत्र में प्रशिक्षण लेकर प्रमाणित योग शिक्षक बनना चाहते हैं, उनके लिए समिति द्वारा 15 दिवसीय सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक ऑनलाइन प्रशिक्षण कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र (Certificate) प्रदान किया जाएगा। साथ ही चयनित प्रशिक्षुओं को योग शिरोमणि आचार्य रामदेव जी के पतंजलि वेलनेस योगधाम में सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने एवं योग सिखने का अवसर भी प्राप्त होगा। इस ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स की नाममात्र शुल्क राशि 1100 रखी गई है। इच्छुक योग साधक अधिक जानकारी और पंजीकरण हेतु जिला प्रभारी गीता जी नूनिया (फोन, 6377058720) से संपर्क कर सकते हैं। शिक्षणार्थियों से प्राप्त शुल्क राशि समिति द्वारा काम में नहीं ली जाएगी बल्कि यह राशि ड्राफ्ट बनाकर पतंजलि योगपीठ परमार्थ हेतु भेजी जाती है।

## नागौर सांसद बेनीवाल को जेड-प्लस सुरक्षा देने की मांग, कार्यकर्ताओं ने दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत करवाया कि नागौर सांसद आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल को जेड श्रेणी कि सुरक्षा देने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि सांसद हनुमान बेनीवाल को लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही है और कई बार उन पर जानलेवा हमले का प्रयास भी किया जा चुका है। वर्तमान सुरक्षा एजेंट द्वारा हमले की इनपुट भी राज्य सरकार को दिए गए हैं। जिससे स्पष्ट होता है की नागौर सांसद पर कभी भी हमला हो सकता हैं। उनके साथ कोई भी अनहोनी घटना की संभावना बनी हुई है। इसलिए सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्ति हैं। जिनको हर समय जनता के बीच में जाना होता है और जनसंपर्क करना पड़ता है। जिस दौरान किसी भी तरह की लापरवाही उनके जीवन के लिए खतरा पैदा कर सकती है। इसलिए उनकी जान की सुरक्षा उच्च स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अगर समय रहते हुए सरकार ध्यान नहीं देती है तो राजस्थान में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष धीरेंद्र सैनी, सांवरमल जाखड़, रुपचन्द सहारण राजास, सुंदर शर्मा, राकेश चौधरी, महावीर धेतरवाल, मुस्ताक, अजहर भाटी, भागीरथ भादू, दिलीप कालेरा आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डिलीवरी कंपनी में चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के पुलिस थाने के एएसआई गोरुराम प्रजापत ने कार्रवाई करते हुए डिलीवरी कंपनी में चोरी करने वाले दो आरोपियों को इंडस्ट्रियल एरिया से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 25 अगस्त को सरदारशहर पुलिस थाने में सरदारशहर में एक डिलीवरी कंपनी के सिक्योरिटी ऑफिसर मनीष जाट ने मामला दर्ज करवाया था कि अजय सांसी, विजय सांसी, संदीप सांसी वगैरा द्वारा विगत 1 महीने में कार्यालय में रात्रि के समय ग्राउंड सपोर्ट कर्मचारियों के रूप में कार्य करते हुए सोची समझी साजिश के तहत एकराय होकर षड्यंत्र रचकर धोखाधड़ी की नीयत से कार्यालय में डिलीवरी के लिए आए 10 शिपमेंट जिनका मूल्य 1 लाख 99 हजार 548 रुपए था जो गाड़ी में से उतारते वक्त गाड़ी के अंदर ही बैग फाड़कर चोरी कर लिए। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की जांच एएसआई गोरुराम प्रजापत को दी गई। एएसआई गोरुराम प्रजापत ने मामले में कार्रवाई करते हुए लगातार आरोपियों की तलाश की गई और आखिरकार पुलिस ने सरदारशहर निवासी 19 वर्षीय अजय सांसी पुत्र मोहनलाल और 25 वर्षीय विजय सांसी पुत्र मोहनलाल सांसी को इंडस्ट्रियल एरिया के पास से गिरफ्तार किया है। वहीं अब दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और पुलिस चोरी हुए माल को बरामद करने के प्रयास कर रही है। वहीं मामले में शामिल अन्य आरोपियों की भी तलाश जारी है। वहीं इस कार्रवाई में एएसआई गोरुराम प्रजापत, कांस्टेबल लीलाधर मीणा और विनोद कुमार चौधरी की विशेष भूमिका रही हैं।

## कांग्रेस संगठन सृजन अभियान का आगाज, विधायक आवास पर कांग्रेस की बैठक

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के विधायक आवास पर रविवार को शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में संगठन सृजनात्मक अभियान कार्यक्रम व प्रेस कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एआईसीसी से प्रवेक्षक सुभाष चोपड़ा, पीसीसी महासचिव राजेंद्र मुंड, तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, दिल्ली कांग्रेस से कांता शर्मा आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान की जाएगी। सभी कार्यकर्ताओं की राय से पार्टी जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी तय की जाएगी। पर्यवेक्षक चोपड़ा ने कहा कि चूरू जिले में कांग्रेस पार्टी मजबूत स्थिति में है और कार्यकर्ताओं की राय को आलाकमान तक पहुंचने के लिए में आपके बीच आपका बनकर आया हूं। आपकी भावनाओं की कदर की जाएगी। तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया ने चूरू कांग्रेस की मजबूती की सराहना की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड़, सेवादल जिलाध्यक्ष संजय दीक्षित, देहात अध्यक्ष दुर्गाराम पारीक, शहर अध्यक्ष जितेंद्र राजवी, अब्दुल रशीद चायल, नूर मोहम्मद, उम्मेद सिंह गोलसर, रामलाल सारण, फारुख व्यापारी, कल्याणसिंह शेखावत, रमेश इंदौरिया, उमरदीन सैयद, ईश्वर प्रजापत, रिजवान सैयद, लाल बहादुर सेवदा, दिलीप पारीक, रामचंद्र माली, ओमप्रकाश मेघवाल, सोहनलाल सहू, ओमप्रकाश नाई, शेरा बिसायती, पृथ्वीसिंह, राजुदेवी चौहान, राजू खोखर, परमेश्वर दुबे, मुंशी भाटी, भागीरथ नायक, लियाकत घडसीसर, भंवरलाल पारीक, महावीर प्रजापत, जमालुद्दीन, मनफूल खान फौजी, सागर नाथ, बजरंग लाल गोदारा, अशोक पांडिया, रामस्वरूप भांभू, बालचंद सेवदा, सोनू सोनी, महबूब किलानिया, आदिल सब्जीफरोस, वासुदेव शर्मा, विशाल जाखड़, हरलाल बेनीवाल, श्रवण मेघवाल, हमीद साह, शांतिलाल नाहटा, पवन पारीक सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन राकेश पारीक ने किया।

## दिपोउत्सव त्योहार को लेकर उपखण्ड अधिकारी ने ली बैठक



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** कस्बे के थाना परिसर में दिपावली पर्व को लेकर उपखण्ड अधिकारी ने बैठक ली। बैठक में नगरपालिका के कनिष्ठ अभियंता, जलदाय विभाग , चिकित्सा विभाग से डाक्टर कपील धाभाई,विधुत विभाग से शहरी कनिष्ठ अभियंता, थानाधिकारी कमलेश कुमार तहसीलदार हरदिप सिंह मौजूद थे। उपखण्ड अधिकारी ने बैठक में पधारे सीएलजी सदस्य, शांति समिति सदस्य,महिला सखी , पुलिस मित्र, व्यापार मण्डल सदस्य, गणमान्य लोगों से त्यौहार को शांति पुर्ण मनाने हेतु सुझाव लिये। व्यापार मण्डल अध्यक्ष ने कस्बे के बाजार में ट्रेफिक व्यवस्था करने ,महिला सखी सदस्य कमला प्रजापत ने कस्बे में सफाई व रोशनी व्यवस्था सही ढंग से करने हेतु कहा। थानाधिकारी ने कमलेश कुमार ने बिना लाईसेंस के विस्फोटक पदार्थ,पटाखे न बेचने की अपील की। सख्त हिदायत दी यदि ऐसा करते पाया गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जावेगी। पटाखे विक्रेता निर्धारित स्थान पर ही पटाखे ब्रिकी करने के निर्देश दिये। साथ ही आमजन से संग्धिद गतिविधियों की तुरंत पुलिस को सुचना देने की अपील की।

## राजलदेसर में नए आपराधिक कानूनों पर 6-दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

### लाइव प्रसारण में गणमान्य लोगों ने लिया हिस्सा



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा जयपुर में किए गए नए आपराधिक कानूनों से संबंधित 6-दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ समारोह राजलदेसर थाना परिसर में भी देखा गया। थानाधिकारी कमलेश कुमार ने थाना परिसर में इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के साथ-साथ नए कानूनों पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम सुबह 11.55 बजे से 1.25 बजे तक चला, जिसका सीधा लाइव प्रसारण एक बड़ी एलईडी स्क्रीन पर दिखाया गया। थानाधिकारी कमलेश कुमार की पहल पर आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सीएलजी (CLG) सदस्य, ग्राम रक्षक सदस्य, महिला सुरक्षा सखी सदस्य, व्यापार मंडल के सदस्य, और पुलिस मित्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इन सभी ने भारत सरकार द्वारा लाए गए नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। यह 6-दिवसीय कार्यक्रम इन कानूनों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालेगा और समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करने का काम करेगा।

## शैक्षणिक भ्रमण दल को किया रवाना



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.).** जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक कार्यालय से राजकीय विद्यालयो में कक्षा 07 व 08 मे अध्यनरत मेधावी विद्यार्थियो के लिए अन्तर जिला शैक्षिक भ्रमण दल को पंचायत समिति प्रधान दीपचन्द राहड़ ने रवाना किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सन्तोष कुमार महर्षि, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक ओमप्रकाश प्रजापत, अति. जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा सरिता आत्रेय , अति. जिला शिक्षा अधिकारी नारायण कुमार मेघवाल, संस्थापन अधिकारी गिरजेश कुमार शर्मा , चेतराम सहारण, हवा सिंह, दल प्रभारी तपेश कुमार यादव, देवदास, जय सिंह बुडानियां, प्रमिला आदि उपस्थित रहे। ओमप्रकाश प्रजापत जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पांच दिवसीय अन्तर जिला शैक्षिक भ्रमण दल को सीकर, जयपुर, अलवर व भरतपुर में ऐतिहासिक व पुरातात्विक स्थलो और अभ्यारणयों मे विद्यार्थियो को भ्रमण करवाया जाएगा।

## व्यक्ति को उनके कर्मों का फल इसी जन्म में ही मिलता है-हरिशरण महाराज



जयपुर टाइम्स

**चूरू:(निसं.)** स्थानीय दादाबाड़ी में भजनलाल, लक्ष्मीनारायण पीपलवा के सौजन्य से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठें दिन सोमवार को रासलीला और श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह के प्रसंग का वर्णन किया गया। कथावाचक हरिशरण महाराज ने रासलीला और श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह के प्रसंग व भगवान कृष्ण की महारास लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण गोपियों के साथ रास रचाते हैं। यह भागवत का सार माना जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान का स्मरण करने से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। प्रत्येक मनुष्य को सच्ची श्रद्धा से ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए। महाराज ने कहा कि व्यक्ति को उनके कर्मों का फल इसी जन्म में ही मिलता है। चाहे वह अच्छा कार्य करें या बूरा। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे।

### समाज को दी कुप्रथा से दूर रहने की प्रेरणा

# बाल विवाह मुक्त झुंझुनूं का संकल्प, अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर निकाली जागरूकता रैली, बाल विवाह के खिलाफ गूंजे नारे

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निसं.)** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सोमवार को महिला अधिकारिता विभाग की ओर से शहर में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ जनजागरण रैली निकाली गई। "बाल विवाह एक अभिशाप है" और "बाल विवाह मुक्त झुंझुनूं हमारा लक्ष्य है" जैसे नारों से गूंजती इस रैली ने पूरे शहर में बाल विवाह उन्मूलन का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को यह समझाना था कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि समाज की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा भी है। रैली की शुरुआत परमवीर चक्र विजेता शहीद पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान से हुई। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला और भाजपा नेता प्यारेलाल ढुकिया ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली शहर के मुख्य मार्गों—बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सर्किल, बस स्टैंड, गांधी चौक और स्टेशन रोड—से होते हुए वापस स्कूल मैदान पर संपन्न हुई। महिलाओं और बालिकाओं ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर लोगों को संदेश दिया कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है जब बेटियों को बराबरी का अवसर मिले और उनका बचपन सुरक्षित हो। रैली में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, शहर की आम महिलाएं, कॉलेज छात्राएं और स्कूली बालिकाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। रैली में शामिल महिला पुलिसकर्मियों ने लोगों को बताया कि बाल विवाह न केवल गैरकानूनी है बल्कि इसके दुष्परिणाम पीढ़ियों तक असर डालते हैं—कम उम्र में मातृत्व, स्वास्थ्य जोखिम, शिक्षा से वंचित होना और आत्मनिर्भरता की कमी। महिला अधिकारिता विभाग की टीम ने जगह-जगह पर्चे बांटे और लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी, जिसमें बाल विवाह कराने, कराने में सहायता देने या प्रोत्साहित करने वालों के खिलाफ सख्त सजा का प्रावधान है। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कानून अकेले बाल विवाह नहीं रोक सकता। जब तक समाज खुद आगे नहीं आएगा, तब तक इस बुराई को खत्म करना मुश्किल है। न्यौला ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिलेभर में सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की गई है, जिसमें निबंध प्रतियोगिता, संवाद सत्र, नुक्कड़ नाटक और सामुदायिक चर्चा जैसे आयोजन होंगे।

## सेवा शिविरों में आमजन की समस्याओं का हो रहा निस्तारण-नायक

### राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र नायक ने प्रेस वार्ता को किया संबोधित



जयपुर टाइम्स

**चूरू:(निसं.)** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित कर ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर में आमजन को मिल रही बेहतरीन सेवाओं की जानकारी दी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आयोग अध्यक्ष नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा चल रहे ग्रामीण व शहरी सेवा शिविरों में आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में शुरू किए गए इन सेवा शिविरों में बेहतरीन नागरिक सुविधाओं का लाभ आमजन को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को उनकी दहलीज पर सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना है। इन शिविरों के माध्यम से जनता को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें आवागमन में आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। यह शिविर सुगमता, पारदर्शिता व त्वरित सेवा वितरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। शिविरों के माध्यम से राजस्व, जाति व मूल निवास प्रमाण-पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन व नामांकन, पशु बीमा पॉलिसी व स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। नायक ने कहा कि आयोग द्वारा पात्र लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और प्रगति से अवगत करवाया।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश को दी 9300 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

### नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी को लेकर जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**चूरू:(निसं.)** केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जयपुर स्थित जेईसीआरसी में नए आपराधिक कानूनों के संबंध में प्रदेश स्तर पर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से चूरू जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए जुड़ा रहा। इस दौरान राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र नायक, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, पुलिस अधीक्षक जय यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, चूरू प्रधान दीपचंद राहड़ आदि अतिथि मौजूद थे। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में 9 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। केन्द्रीय गृहमंत्री ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 04 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग की। उन्होंने प्रदेश के लगभग 40 लाख विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए 240 करोड़ रुपये एवं दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण किया। उन्होंने 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का शुभारम्भ भी किया। उन्होंने प्रदेश के दूरदर्शी विकास की संकल्पना को समर्पित 'विकसित राजस्थान 2047 कार्ययोजना का विमोचन भी किया। प्रदेश स्तर से गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को संबोधित किया। इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थितों को भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 तथा महिलाओं, बच्चों के लिए कानूनों, न्याय प्रणाली में प्रौद्योगिकी के समावेश, पुलिस की जवाबदेही व पारदर्शिता, एनसीआरबी मोबाइल ऐप के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान राजकीय विधि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एसके सैनी, एएसपी सतपाल सिंह, बसंत शर्मा, भास्कर शर्मा, विमला गढ़वाल, मोहन गढ़वाल, अभिषेक चोटिया, नरेंद्र काछवाल, सुरेश सारस्वत, सुखदेव चोटिया सहित पुलिसकर्मी, विधि छात्र व आमजन मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय रोल बॉल चैंपियनशिप का हुआ समापन



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निसं.)।** शहर की महला रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल में राजस्थान रोल बॉल एसोसिएशन व सीकर जिला रोल बॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रही दो दिवसीय 17 वीं सब जूनियर (अंडर-14) रोल बॉल चैंपियनशिप का समापन समारोह पूर्वक किया गया। आयोजक सचिव व कोच पिंटू दयाल शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग की लगभग 15 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट के आधार पर आयोजित की गई। प्रतियोगिता के समापन पर सचिव विशाल महला द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पदक व ट्रॉफ़ी देकर सम्मानित किया गया। बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जयपुर ने नागौर को 19-02 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।बालक वर्ग के दूसरे फाइनल मुकाबले में नागौर ने सीकर को 6-0 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जयपुर ने अजमेर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं बालिका वर्ग का दूसरा फाइनल सीकर व हनुमानगढ़ के बीच खेला गया जिसमें हनुमानगढ़ ने सीकर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे स्थान के लिए बालक वर्ग में हनुमानगढ़ व सीकर में मुकाबला खेला गया, जिसमे सीकर ने हनुमानगढ़ को 5-3 के स्कोर से हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया। तीसरे स्थान के लिए बालिका वर्ग में अजमेर व सीकर के बीच मुकाबला खेला गया जिसमे सीकर ने गोल्डन गोल से मैच जीतकर कांस्य पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला नागौर व जयपुर के बीच खेला गया जिसमे जयपुर ने नागौर को 8-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता और नागौर ने रजत पदक जीता। बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला जयपुर व हनुमानगढ़ के बीच खेला गया जिसमें जयपुर ने हनुमानगढ़ को 10-4 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता?। वहीं हनुमानगढ़ ने रजत पदक जीता। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय रेफरी नवीराज सिंह शेखावत, विक्रम सिंह राठौड़, भरत सिंह, सुरेश महला उपस्थित रहे। इनके दिशा निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी महिपाल महला, गुँजन कुमावत व पूजा महला आदि उपस्थित थे।

## "नव विधान - न्याय की नई पहचान",मंडावा थाने में हुआ राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का सीधा प्रसारण

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)** पुलिस द्वारा "न्याय के नए युग" की ऐतिहासिक पहल के तहत सोमवार को मंडावा पुलिस थाना परिसर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी "नव विधान - न्याय की नई पहचान" का सीधा प्रसारण किया गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वीसी के माध्यम से नए क्रिमिनल लॉ की जानकारी आम जनता को दी जिसका सीधा प्रसारण थाना परिसर में दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन थानाधिकारी रामनिवास के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक और जागरूक नागरिक उपस्थित रहे। राजस्थान पुलिस द्वारा 13 से 18 अक्टूबर तक जयपुर के जेईसीसी सीतापुरा परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य नवीन आपराधिक कानूनों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना है। नाट्य रूपांतरण के माध्यम से नए आपराधिक कानूनों की जानकारी को सरल, रोचक और व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया गया, ताकि आमजन अपने अधिकारों और न्यायिक प्रक्रिया में हुए बदलावों को समझ सकें। थानाधिकारी रामनिवास ने कहा कि यह पहल जनता और पुलिस के बीच विश्वास को और मजबूत करेगी। नए कानूनों की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचना लोकतांत्रिक न्याय व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम है। स्थानीय नागरिकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से कानूनी साक्षरता और जनजागरूकता में वृद्धि होगी। इस दौरान मण्डावा नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष मोहम्मद इब्राहिम, भाजपाध्यक्ष मोहनलाल सैनी, संदीप शर्मा, हाजी एफजे खत्री, पीएल फरड़ोंलिया, सुनील सैनी, कैलाश पीपलवा, श्रवण पूनिया, सम्पति पूनिया, बाबूलाल सैनी, राजू कुमावत, किशोर सिंह राठौड़, धन्नाराम रैगर, पवन सिरस्वा, रविन्द्र शर्मा, शीशराम बुरडक, पपेन्द्र सिंह, परमेश्वर सुनिया, चीन्टू सैन, संजय मील, विद्याधर सैनी सहित पुलिस स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

# शिक्षा के साथ संस्कार भी है जरूरी- लखमरा

जयपुर टाइम्स



**अजीतगढ़.(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम दिवराला में श्री नामदेव टांक क्षत्रिय दर्जी समाज की बैठक आयोजित की गई। जानकारी के अनुसार श्री नामदेव टांक क्षत्रिय दर्जी समाज त्रिवेणी संभाग त्रिवेणी धाम की 5 दिन समाज के नाम कार्यक्रम के तहत द्वितीय मिटिंग का आयोजन दिवराला गाँव मुख्य बाजार स्थित श्री सीताराम जी मंदिर में किया गया जिसमें दिवराला गाँव के सभी समाज बंधुओं ने हिस्सा लिया। सर्व प्रथम श्री नामदेव जी महाराज जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सामुहिक आरती का आयोजन किया गया इसके पश्चात सर्व सम्मति से मूलचन्द कटोडा दिवराला की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आये हुए बाहरी पदाधिकारी का सापा व माला पहनकर स्वागत किया। इसके बाद त्रिवेणी संभाग कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र कश्यप ने कहा कि नवयुवकों को संस्कारवान समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए उन्होंने सभी को वर्तमान समय को ध्यान में रखते हुए परिवार रुपी संस्था को मजबूत बनाने के लिए अपने बालक बालिकाओं के विवाह सही उम्र में करने के लिए प्रेरित होना चाहिए। अशोक कुमार कटोड़ा ने कहा कि त्रिवेणी संभाग की कार्य कारिणी का यह कार्य सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है उन्होंने एक कविता के माध्यम से अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि हो गई है पीर पर्वत सी पिघलनी चाहिए इस हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए कहते हुए सामाजिक कुरीतियों पर प्रकाश डालते हुए समाज बंधुओं को नशा मुक्त रहते हुए संस्कारवान बनने की अपील की। त्रिवेणी संभाग अध्यक्ष सुरेश कुमार लखमरा ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार का होना भी जरूरी है।अकेला व्यक्ति या अकेला संगठन कोई काम नहीं कर सकता सभी समाज बंधुओं के सामुहिक सहयोग से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों और बढते वैचारिक मतभेद को दूर किया जा सकता है उन्होंने सभी समाज बंधुओं से आवाह्न किया कि सभी लोग मिलकर समाज में ऊर्जा के साथ सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामूहिक प्रयास करें। इस अवसर पर मूलचंद टेलर, मामराज टेलर, रामचन्द्र टेलर, जयनारायण टेलर, रविशंकर टेलर, गजानंद टेलर ने भी विचार व्यक्त किया। आगामी मिटिंग का आयोजन 26 अक्टूबर रविवार को नांगल गाँव में किया जाने का निर्णय किया गया जिसमें नांगल, नाथूसर, रतनपुरा, मूंडरू, आसपुरा गांव के समाज बंधुओं की उपस्थिति का आह्वान किया गया। इस अवसर पर समाज के अशोक कुमार, शंकर लाल, सोनू कुमार, दीपेन्द्र कुमार, राघव, दुर्गा प्रसाद गोठवाल, सुभाष कश्यप, सुरेश कुमार लखमरा, गजानन्द लखमरा, सीताराम गोठवाल, कैलाश कश्यप, गुड़िया, सरिता, लाली, शकुंतला व रविशंकर लखमरा सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

## नवोदय विधालय की इंचार्ज प्रिंसिपल समेत तीन पर हत्या के प्रयास और सबूत मिटाने का मामला दर्ज




जयपुर टाइम्स

**पाटन(निसं.)।** कस्बे के जवाहर नवोदय विधालय की इंचार्ज प्रिंसिपल समेत तीन जनों पर हत्या के प्रयास और सबूत मिटाने सहित दलित उत्पीड़न का मामला पाटन थाने में दर्ज हुआ है , थानाधिकारी विद्याधर शर्मा ने बताया कि नीमकाथाना के राव जी का मोहल्ला निवासी मोतीलाल ने रिपोर्ट दी कि उसका पोता धीरज कुमार नवोदय विधालय में दसवीं का छात्र था , गत 9 अक्टुम्बर को उन्हें इंचार्ज प्रिंसिपल पूनम खेदड़ , महिपाल सिंह और सुमन यादव ने फ़ोन करके नीमकाथाना अस्पताल में आने के लिए कहा इस पर वह अस्पताल पहुंचे तो स्कूल वालों ने बताया कि धीरज ने आत्महत्या का प्रयास किया है और उसकी हालत गंभीर है , इस पर स्कूल स्टाफ़ के साथ परिजन छात्र को जयपुर जे के लॉन हॉस्पिटल लेकर गये जहां छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है , परिवादी ने रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उसके पोते के दोनों हाथों पर खून आलूदा चोट के निशान हैं जबकि स्कूल स्टॉफ ने बताया है कि फंदे पर लटक कर आत्महत्या करने का प्रयास किया है , जबकि परिजनों को शक है कि छात्र को मारपीट करने के बाद फंदे पर लटकाया गया था बाद में सबूत मिटाने के लिये स्कूल स्टाफ़ और कुछ अन्य छात्रों द्वारा खून को धोकर साफ किया जाकर सबूत मिटाने का प्रयास किया गया है , रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का प्रयास और सबूत मिटाने तथा दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज कर जाँच नीमकाथाना डिप्टी एस पी अनुज डल को सौंपी है।

## बरसाती पानी से परेशान लोगों ने नगर परिषद के शिविर में किया हंगामा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नया बास स्थित झंवर स्कूल के पास बगीची में लगे नगर परिषद के शहरी सेवा शिविर में नाथो तालाब मोहल्ले के लोगों ने बरसाती पानी निकासी की मांग को लेकर हंगामा किया। सभी लोग ढोल बजाते हुए शिविर में पहुंचे और नगर परिषद की नींद उड़ाने का दावा किया। मोहल्ले से आई महिलाओं ने बताया कि उनके मोहल्ले में काफी दिनों से बरसाती पानी पसरा हुआ है, लेकिन नगर परिषद की नींद नहीं उड़ रही है। इसलिए आज हमें ढोल बजाते हुए शिविर में आना पड़ा है। पार्षद प्रतिनिधि राकेश प्रजापत ने बताया कि अब तक जो प्रयास किए गए हैं, वे बरसाती पानी की निकासी के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि और ज्यादा पीटीओ मोहल्ले में लगाए जाने की जरूरत है। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों ने कई बार नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ जीद-बहस की। बबलू बजरंगी ने कहा कि आप लोग एक दिन भी हमारे मोहल्ले में रहकर बताओ। राकेश प्रजापत ने कहा कि हमारे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। शिविर प्रभारी उदय सिंह गुर्जर ने लोगों से समझाईश की। गुर्जर ने कहा कि शांतिपूर्वक सब की बात सुनकर




समस्या का समाधान किया जाएगा। करीब 1 घंटे तक जिद बहस और धरने के बाद दो नए पीटीओ मोहल्ले में लगाए जाने की बात पर सहमति बनी। इस दौरान मोहल्ले के अनेक पुरुष व महिलाएं मौजूदरहे। दूसरी और पार्षद रेवतमाल पवार ने शिविर में पहुंचकर शिविर प्रभारी को बताया कि भोजलाई चौराहे स्थित श्मशान में काफी दिनों से पानी भरा हुआ है, जिसके चलते पूरे मोहल्ले में बदबू आ रही है। इसलिए समस्या का समाधान किया जाए। वहीं पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी ने चांडक रोड पर से पानी की निकासी किए जाने की मांग की। शिविर में पार्षद बाबूलाल कुलदीप, नरेंद्र प्रजापत सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इससे पहले लोग नगरपरिषद कार्यालय पर भी पहुंचे, लेकिन वहां कोई नहीं मिला, जिसके कारण सभी लोग शिविर में पहुंचे।

## अध्यक्ष चयन के लिए विचार विमर्श किया




**तारानगर(निसं.)** तारानगर के वर्षा गेस्ट हाउस में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठन व सृजनात्मक अभियान की बैठक आयोजित हुई। एआईसीसी पर्यवेक्षक सुभाष चोपड़ा, पीसीसी पर्यवेक्षक राजेंद्र मुंड, रामनिवास विदुड़ी, तारानगर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया, फतेहपुर विधायक हाकम अली, पदम् श्री कृष्णा पूनियाँ, तारानगर प्रधान संजय कस्वां आदि ने बैठक बैठक को सम्बोधित किया। अभियान के तहत संगठन जिला अध्यक्ष चयन के लिए विचार विमर्श किया एवं समस्त पदाधिकारियों ने संगठन चुनाव में तारानगर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया का साथ देने का वादा किया एवं कार्यकर्ताओं ने कहा जो निर्णय विधायक बुड़ानिया करेंगे वो हमें मंजूर होगा। इस मोके पर ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश सहारण, मदनलाल पांड्या, जिप सदस्य विमला कालवा, बीडीसी सदस्य मोहर सिँह ज्याणी, शहर अध्यक्ष भागीरथ भामी, हरिसिंह बेनीवाल, राजकुमार बेनिवाल, प्रकाश मेघवाल, मोहरसिँह धानक, मानसिंह सैनी, दौलतराम मेघवाल, धन्नाराम मेघवाल, ख्यालीराम, सुरेन्द्र सहारण सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कृष्ण कुमार सहारण ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## मिलन सौर ऊर्जा केंद्र को आरईसी लिमिटेड द्वारा किया गया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** मिलन सौर ऊर्जा केंद्र को आरईसी लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा राजस्थान में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 10 मेगावाट से अधिक रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन का अद्वितीय प्रदर्शन करने के लिए "प्रशंसा पत्र" प्रदान किया गया है यह पुरस्कार मिलन सौर ऊर्जा केंद्र के निदेशक महेश यादव को आरईसी लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक (आरटीएस) सरस्वती द्वारा भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर आरईसी के मधुकर, सोलर संगठन से अरविंद सिंधावा और मोहित अरोड़ा, रीयर संस्था से अजय यादव एवं रोहित गुप्ता भी उपस्थित थे।समारोह मे सम्मान प्राप्त करते हुए महेश यादव ने आरईसी एवं सभी सम्बंधित पक्षों का आभार जताते हुए हर घर तक हरित ऊर्जा पहुँचाने के अपने संकल्प को दोहराया। आरईसी लिमिटेड ने मिलन सौर ऊर्जा केंद्र के सतत प्रयासों और राज्य में अक्षय ऊर्जा मिशन को बढ़ावा देने की सराहना की।यह उपलब्धि राजस्थान के सौर ऊर्जा क्षेत्र में मिलन सौर ऊर्जा केंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका को चिन्हित करती है और हरित ऊर्जा की दिशा में की जा रही सामूहिक कोशिशों को रेखांकित करती है।

## विधायक विक्रम सिंह जाखल के नेतृत्व में विधानसभा के हजारों भाजपा कार्यकर्ता के साथ पहुंचे मंड्रेला कार्यक्रम मे

### एक अनोखी मिशाल पेश की , एक और मुख्यमंत्री संबोधन दे रहे थे विधायक जाखल अपने लोगों के बीच मे बैठे रहे



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ के भारतीय जनता पार्टी कार्यलय से विधायक जाखल के नेतृत्व मे मंड्रेला में 1100 करोड़ की योजना का शिलान्यास, सीएम भजनलाल के कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओ के साथ पहुंचे और एक अनोखी मिसाल पेश की सेकड़ों गाड़ियों के काफिले से मंड्रेला पहुंचे और जब एक और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संबोधन दे रहे थे तब विधायक जाखल अपने लोगों के बीच मे बैठे रहे भीड़ मे बैठे रहे जब कार्यकर्ताओ ने बोला की आप हमारे आप भी हमारे बीच बैठेंगे तो जाखल ने कहा मे विधायक बाद मे पहले आप सभी का सहयोगी हूं पूरा कार्यक्रम विधानसभा के कार्यकर्ताओ के बीच बेठकर देखा कार्यक्रम मे विक्रम सिंह जाखल विधायक नवलगढ़,गौतम खंडेलवाल मंडल अध्यक्ष , नवलगढ़ नगरपालिका चैयरमेन राजकुमार सैनी ,जगमोहन सरपंच लोहार्गल ,राजेंद्र सैनी सरपंच बागोरिया की ढाणी,आनंद बुगालिया सरपंच, महिपाल रुलानिया कारी ,नरेंद्र पुनिया मंडल अध्यक्ष डुमरा,बीरबल गोदारा जिला परिषद सदस्य, धर्मेंद्र मेघवाल मंडल अध्यक्ष कारी ,किशन गुर्जर मंडल अध्यक्ष लोहार्गल,मदन बारवा सरपंच प्रतिनिधि मोहनवाड़ी, दलीप भोजनगर ,करनीराम सरपंच परसरामपुरा,अजय सिंह शेखावत पूर्व सरपंच ,पूर्व चैयरमेन शोयब खत्री ,अर्जुन सरपंच गोठड़ा,मेजर जयराम कुमावास प.स.स ,जयवीर कुमावास उपसरपंच ,नरेश सैनी सब्जी मंडी अध्यक्ष ,फुलचंद सैनी नवलगढ़,मोहन लाल सैनी,सुनील कुमार सामरा पूर्व विधानसभा संयोजक ,सुरेश सैनी एडवोकेट ,हितेश थोरी भाजपा पार्षद ,जयंती जी भील भाजपा पार्षद ,मक्खन लाल सैनी सैनी समाज अध्यक्ष ,ख्यालीराम राम सैनी पूर्व चेयरमैन नवलगढ़,कपिल शर्मा मंडल अध्यक्ष मुकुंदगढ़ ,प्रेम गुर्जर मुकुंदगढ़ ,भास्कर दुलड़ मुकुंदगढ़ ,रामकुमार सैनी मुकुंदगढ़ ,सुभाष लाम्बा चेलासी सरपंच,बुधराम डुमरा सरपंच ,पिंटू धाभाई ढीगाल ,राम निवास जी डूडी जिला अध्यक्ष सैनिक कल्याण , हेमंत शेखावत घोड़ीवारा खुर्द ,धीर मांडासी ,दिनेश एचरा जेजुसर ,संजीव जेजुसर ,सुनील गोरा सोटवारा आदि मोजूद हुए ।

## सहकारी समिति रजिस्ट्रार ने सदस्यता अभियान का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** अजीतगढ़ अंचल की ग्राम सेवा सहकारी समितियों में विभागीय निर्देशों के मुताबिक सदस्यता अभियान आयोजित किए गए। वहीं सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार मदन लाल गुर्जर ने अजीतगढ़ समेत कई सहकारी समितियों का औचक निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश देकर योजनाओं का अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। रजिस्ट्रार गुर्जर ने शिविरों में उपस्थित आमजन से वार्ता की तथा सहकारिता के बुनियादि सिद्धांतों से अवगत करवाते हुए कहा कि सहकारिता लोकतांत्रिक मूल्यों की प्राप्ति का प्रथम सोपान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 तथा राज्य के नवीन सहकारी कोड/कानून के महत्वपूर्ण प्रावधानों और उद्देश्यो को स्पष्ट करते हुए युवा तथा महिलाओं की सहकारिता के क्षेत्र में भागीदारी पर प्रमुखता से जोर दिया। इस अवसर पर ग्राम सेवा सहकारी समिति अजीतगढ़ व्यवस्थापक मूलचंद, ऋण पर्यवेक्षक अमर सिंह, अजीतगढ़ ग्राम सेवा सहकारी समिति के उपाध्यक्ष चैतन्य कुमार मीणा समेत समिति अध्यक्ष, समिति संचालक मण्डल सदस्य समेत कई लोग मौजूद थे। उल्लखेनीय है कि सीकर जिले में कुल 313 समितियों में शिविरों का आयोजन किया गया, जिसके तहत कुल 17808 पैक्स सदस्य एवम् 682 डेयरी सदस्य बनाए गए है। अभियान के दौरान सीकर जिले में 18 ग्राम पंचायते पैक्स विहीन थी उक्त समस्त का सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के उपरान्त रजिस्ट्रार द्वारा गठन की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। अभियान के दौरान जिले में कुल 90 भूमि विहीन पैक्स में से 6 को भूमि आवंटित हो चुकी है। 56 पैक्स में भूमि चिन्हित कर भूमि आवंटन एवं शेष 28 में भूमि चिन्हीकरण की प्रकिया की जा रही है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत कुल 710 पात्र कृषकों की आधार सीडिंग एवम् 682 पात्र कृषकों की ई-केवाईसी की जा चुकी है। जिले में 32261 सहकार बंधुओं को सहकारी नवीन कोड /कानून की जानकारी दी गई है।




## आर्यन मोटेल एंड मैरिज गार्डन का हुआ शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**रींगस(निंस.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 पर आर्यन होटल के समीप आर्यन मोटेल एंड मैरिज गार्डन का शुभारंभ समारोह पूर्वक किया गया। उद्घाटन समारोह का आयोजन संत सानिध्य में किया गया जहां डूंगरी कलां धाम के महंत हीरापुरी जी महाराज द्वारा फीता काट कर मोटेल एंड मैरिज गार्डन का शुभारंभ किया गया। पंडित गिरधारी लाल शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा कार्य संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान हीरापुरी जी महाराज ने कस्बेवासियों को व्यभिचारों को त्याग कर सद्विचारों को अपनाने की बात कही। वहीं आर्यन मोटेल एंड मैरिज गार्डन के निदेशक हरफूल निठारवाल को नव प्रतिष्ठान की बधाई दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल, खंडेला पंचायत समिति के प्रधान गिरिराज सिंह, चोथमल निठारवाल, मूलचंद निठारवाल, गिरधारी निठारवाल, सुरेंद्र निठारवाल, मामराज गुर्जर, मुकेश निठारवाल, डूंगेश जांगिड़, कमलेश यादव, विकास निठारवाल आदि मौजूद थे।



## जयपुर में आयोजित नए कानून के तहत हुए कार्यक्रम का थाने में किया सीधा प्रसारण

### सीधे प्रसारण पर नए कानून की जानकारी ली पुलिसकर्मी एवं आम लोग



जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निसं.)** पूरे देश में लागू नए कानून की हर व्यक्ति तक जानकारी पहुंचे इसके लिए सोमवार को जयपुर में आयोजित नए कानून की जानकारी संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, हाईकोर्ट के कई न्यायाधीश, राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं अन्य लोग इस कार्यक्रम में भाग लेकर लोगों को नए कानून के बारे में जानकारी दी गई है जिसके तहत अजीतगढ़ थाने में जयपुर में आयोजित इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण करवा गया जिसमें पुलिसकर्मी, सीएलजी सदस्य, महिला पुलिस सुरक्षा सखी, पुलिस हीतकारी लोग समेत आम लोगों ने अजीतगढ़ थाने में पहुंचकर नए कानून की जानकारी ली। इस अवसर पर नए कानून की जानकारी के लिए जयपुर में हुए कार्यक्रम में अजीतगढ़ थाना क्षेत्र से आधा दर्जन से ज्यादा महिला सुरक्षा सखी, सीएलजी सदस्यो ने भाग लिया। जानकारी के अनुसार अजीतगढ़ थाने में आयोजित हुए सीधे प्रसारण के बाद अजीतगढ़ उपपुलिस अधीक्षक उमेश गुप्ता एवं थानाधिकारी प्रदीप शर्मा ने उपस्थित लोगों को नए कानून के बारे में विस्तार से और जानकारी दी। इस अवसर पर अजीतगढ़ थाने में आयोजित सीधे प्रसारण में अजीतगढ़ पुलिस उपाधीक्षक उमेश गुप्ता, थानाधिकारी प्रदीप शर्मा, सहायक थाना अधिकारी बलबीर सिंह, हेड कांस्टेबल मालीराम, श्रवण कुमार, सवाई सिंह, सीएलजी सदस्य ताराचंद यादव, पार्षद मनीष मीणा, मुकेश फौजी, बाबूलाल स्वामी समेत आम लोग एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## तारानगर में गृहमंत्री अमित शाह के नए अपराध कानून पर लाइव टेलीकास्ट देखा गया

### डीएसपी रोहित सांखला, सीआई सतवीर मीणा सहित सीएलजी सदस्य व पुलिस के जवानो ने देखा लाइव



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशानुसार सोमवार को थाना परिसर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संबोधित "नए अपराध कानूनों के क्रियान्वयन एवं न्याय प्रणाली में सुधार" विषयक लाइव टेलीकास्ट का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी रोहित सांखला, सीआई सतवीर मीणा, सीएलजी सदस्य, व्यापारियों सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने एकत्र होकर इस लाइव कार्यक्रम को देखा। गृहमंत्री अमित शाह ने देशभर में लागू हो रहे नए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के महत्व, उनकी पारदर्शिता, गति और न्याय के नए युग की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। कस्बे के सीएलजी सदस्यों एवं आमजन ने नए कानूनों की अवधारणा और बदलावों की सराहना करते हुए कहा कि इससे अपराध नियंत्रण, पीड़ितों को शीघ्र न्याय और पुलिस कार्यप्रणाली में आधुनिकता को बल मिलेगा। इस अवसर पर थानों में जिसमें नए प्रावधानों के अंतर्गत होने वाले बदलावों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को इन नए कानूनों से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ साझा कीं और समाज में विधि के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। डीएसपी सांखला ने बताया कि थानों में इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित कर आमजन को जागरूक किया जाएगा, जिससे कानून और न्याय व्यवस्था में नागरिकों की सहभागिता बढ़े। इस मोके पर सहायक उप निरीक्षक सुमेर मीणा, एचएम सुभाष शर्मा, हुक्माराम, शीशराम ढाका, राजू नायक, ओमप्रकाश हुड्डा, शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, समाज सेवी अमरसिँह चारण, जमरदीन तेली, मोहम्मद तैयब, हरी इंदौरिया, शीशपाल धीनवाल, वीर बहादुर सिँह, कैलाश चाचान, माणकचंद सैनी, रामचंद्र प्रजापत सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित पुलिस के जवान उपस्थित थे।

## अवैध हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रींगस(निसं.)।।** पुलिस द्वारा अवैध हथियार के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में ढाबे पर लड़ाई-झगड़े की सूचना पर हिसार निवासी सचिन चाहल और मालेगांव महाराष्ट्र निवासी धीरज को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई जिस पर उनके कब्जे से अवैध हथियार मिला। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।



## होटलों में हो रहे अवैध कारोबार को रोकने की मांग, विकास मंच ने ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की , पुलिस की कार्यशैली पर भी उठाए सवाल, सात दिनों कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की दी चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के एसडीएम कार्यालय पर सरदारशहर विकास मंच के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र की अनेक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। विकास मंच के बैनर तले दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में चल रहे होटलों में अवैध कारोबार दिन पर दिन पनपता जा रहा है। पुलिस की भी कोई कार्रवाई नहीं होने के चलते क्षेत्र के हालात खराब हो रहे हैं। इन होटलों में सीसीटीवी कैमरे नहीं होने के कारण होटलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने व होटलों में हो रहे अवैध कारोबार को बंद करने की मांग को लेकर कई बार जापान के माध्यम से पुलिस को अवगत करवाया गया। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे क्षेत्र में पुलिस के खिलाफ लोगों में आक्रोश भी बढ़ रहा हैं। विकास मंच के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि हमारे द्वारा पुलिस प्रशासन को अवगत करवाया गया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस द्वारा छोटी-मोटी कार्यवाही करते हुए मामले में इतिश्री की जा रही है। हमारी मांग है कि होटलों में सीसीटीवी कैमरे होटल संचालक द्वारा लगाया जाए। पुलिस द्वारा निरंतर होटल पर नजर रखी जाए। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि पुलिस की मिलीभगत से यह सब हो रहा है।। अगर हमारी मांगों पर 7 दिनों में संज्ञान नहीं लिया गया तो विकास मंच द्वारा मेगा हाईवे पर जाम लगाकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि में किसानों के नुकसान को लेकर जल्द ही किसानों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की गई है। इस अवसर पर सरदारशहर विकास मंच के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित के साथ विकास मंच के अनेक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।



